

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 एमबाहश्वपे के खिलाफ चल रही बलात्कार मामले की जांच

पारस हाब्रे फिर मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बने........ 12



वर्ष : 15 | अंक : 184 | नई दिल्ली, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# पराली जलाना : न्यायालय ने लगाई फटकार, अधिकारियों को किया तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने पराली जलाने के मामले में उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने को लेकर हरियाणा और पंजाब सरकारों को बुधवार को फटकार लगाई तथा दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को उसके समक्ष पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने पर हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया। राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के बढ़ते स्तर में पराली जलाया जाना एक प्रमुख कारण है। उच्चतम न्यायालय पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा जून 2021 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पराली जलाने को रोकने के लिए सीएक्यूएम द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने से नाखुश था। पीठ ने कहा, यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। अगर मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो हम उनके खिलाफ भी समन जारी करेंगे। अगले बुधवार को हम मुख्य सचिव को बुलाकर सारी बातें पूछेंगे। कुछ नहीं किया गया है, पंजाब सरकार ने भी ऐसा ही किया। यह रवैया पूरी तरह से अवहेलना करने वाला है। न्यायालय ने इस मामले पर पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि राज्य में पिछले तीन साल में पराली जलाने को लेकर एक भी मुकदमा नहीं चलाया गया। पीठ ने कहा, ह्यआप लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतराते हैं। यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। यह आयोग के वैधानिक निर्देशों के क्रियान्वयन का मामला है। इसमें कोई राजनीतिक विचार लागू



नहीं होगा। आप लोगों को उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। आप केवल नाममात्र का जुर्माना लगा रहे हैं। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) आपको पराली जलाने का स्थान बता रहा है और आप कहते हैं कि पराली जलाने का स्थान नहीं मिला। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा कि जमीनी स्तर पर निर्देशों को लागू करना कठिन था और प्राधिकारियों ने खेतों में पराली जलाने वाले किसानों के राजस्व अभिलेखों में लाल प्रविष्टियां दर्ज कर दीं। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार के इस कथित गलत बयान पर भी आपत्ति जताई कि उसने छोटे किसानों को ट्रैक्टर, चालक और ईंधन उपलब्ध कराने के लिए धनराशि देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। इसने कहा कि पंजाब सरकार ने किसानों को ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र से धनराशि मांगने का कोई प्रयास नहीं किया है। शीर्ष अदालत ने सीएक्यूएम की तुलना बिना दांत वाले बाघ से की। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार की गलती है कि उसने प्रदूषण के क्षेत्र में जाने-माने विशेषज्ञों को सीएक्यूएम के सदस्यों के रूप में नहीं चुना। पीठ ने कहा, हम सदस्यों और उनकी शैक्षणिक योग्यता का बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन वे वायु प्रदूषण के क्षेत्र में योग्य या विशेषज्ञ नहीं हैं। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि इनमें से एक सदस्य छह साल तक मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। पीठ ने कहा, ह्यराज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का नेतृत्व करना कोई योग्यता नहीं है। आप जानते हैं कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कैसे काम करते हैं। इसके बाद न्यायाधीशों ने सुझाव दिया कि वायु प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के लिए सीएक्यूएम को किसी विशेषज्ञ एजेंसी की सहायता लेनी चाहिए। इससे पहले, न्यायालय ने पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण दिल्ली में होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने में विफल रहने पर सीएक्यूएम को फटकार लगाई थी और कहा था कि उसे अधिक सक्रिय रवैया अपनाने की आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय ने 27 अगस्त को कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारियों की कमी के कारण ठीक ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं ।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 76,400

चांदी 91,300

सेंसेक्स 84,554

निफ्टी 25,790

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में भाग लेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस दौरान वह पाली भाषा के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। संस्कृति मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मोदी बुद्ध धम्म की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने एवं उसे बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर बात करेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन अक्टूबर को मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने की मंजूरी दी थी। संस्कृति मंत्रालय की ओर से पीआईबी कल्चर ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले एक समारोह में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वह उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री अभिधम्म दिवस, पाली भाषा के महत्व और बुद्ध धम्म की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने एवं बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर अपने विचार साझा करेंगे।

**विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित एससीओ के शिखर सम्मेलन को किया संबोधित**

# जयशंकर ने पाकिस्तान को आत्मनिरीक्षण की दी सीख

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी**



इस्लामाबाद/नई दिल्ली। भारत ने शंघाई सहयोग संगठन को उसके घोषणापत्र में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौतियों का दृढ़ता से मुकाबला करने की उसकी प्रतिबद्धता बुधवार को याद दिलायी और कहा कि विश्वास, मित्रता, सहयोग और अच्छे पड़ोसी की भावना में कमी हो तो आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। डॉ. जयशंकर ने बुधवार को पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित एससीओ के शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता के कारण वैश्विक विकास पर पड़ रहे दुष्प्रभावों पर चिंता जताई और बढ़ती बहु-ध्रुवीयता, वैश्वीकरण और पुनसंर्तुलन में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को प्राथमिकता देने पर बल दिया। विदेश मंत्री ने सबसे पहले, इस वर्ष एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद की अध्यक्षता के लिए पाकिस्तान को बधाई दी और कहा,ह्व हम विश्व मामलों में एक कठिन समय में मिल रहे हैं। दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक के अपने वैश्विक प्रभाव हैं। कोविड महामारी ने विकासशील दुनिया के कई लोगों को बुरी तरह तबाह कर दिया है। विभिन्न प्रकार के व्यवधान - चरम जलवायु घटनाओं से लेकर आपूर्ति श्रृंखला अनिश्चितताओं और वित्तीय अस्थिरता तक - वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऋण एक गंभीर चिंता का विषय है, भले ही दुनिया सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने में पीछे रह गई हो। प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, साथ ही नई चिंताओं को भी जन्म देती है।

एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए, इसका उत्तर हमारे संगठन के चार्टर में निहित हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा, मैं आपसे अनुच्छेद 01 पर विचार करने का आग्रह करता हूं जो एससीओ के लक्ष्यों और कार्यों को बताता है। आइए हम इसे हमारे सामूहिक विचार के लिए संक्षेप में प्रस्तुत करें। इसका उद्देश्य आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी को मजबूत करना है। इसका उद्देश्य बहुआयामी सहयोग, विशेषकर क्षेत्रीय प्रकृति का सहयोग विकसित करना है। इसे संतुलित विकास, एकीकरण और संघर्ष की रोकथाम के मामले में एक सकारात्मक शक्ति बनना है। उन्होंने कहा, चार्टर समान रूप से स्पष्ट था कि प्रमुख चुनौतियां क्या थीं। और ये मुख्य रूप से तीन थे, जिनका मुकाबला करने के लिए एससीओ प्रतिबद्ध था: एक, आतंकवाद; दो, अलगाववाद; और तीन, उग्रवाद। यदि हम चार्टर की शुरूआत से लेकर आज की स्थिति तक तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो ये लक्ष्य और ये कार्य और भी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम ईमानदारी से बातचीत करें। यदि विश्वास की कमी है या सहयोग अपर्याप्त है, यदि मित्रता कम हो गई है और अच्छे पड़ोसी की भावना कहीं गायब है, तो निश्चित रूप से आत्मनिरीक्षण करने के कारण हैं और समाधान करने के कारण हैं।

**केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन धारकों को सरकार की ओर से दीपावली का तोहफा**

# केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला, डीए में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन धारकों को सरकार की ओर से दीपावली का तोहफा मिलने जा रहा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को हुई अपनी बैठक के दौरान महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी दे दी है। इस बढ़ोतरी के बाद डीए मूल वेतन का 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है।

केंद्र सरकार के इस फैसले का लाखों सरकारी कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। महंगाई भत्ते की गणना अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर की जाती है। डीए को लेकर हर 6 महीने में संशोधन होता है। महंगाई राहत सेवानिवृत्त केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दी जाती है। डीए में बढ़ोतरी के बाद जनवरी और जुलाई में एडजस्टमेंट प्रभावी होता है। डीए को लेकर मार्च और सितंबर में घोषणा की जाती है। जनवरी में डीए में बढ़ोतरी की घोषणा मार्च तक जाती है। इसी तरह जुलाई में डीए में बढ़ोतरी की घोषणा दीपावली तक जाती है। तीन प्रतिशत डीए बढ़ोतरी के बाद एंट्री लेवल सरकारी कर्मचारी के मूल वेतन में मासिक आधार पर 540 रुपये की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। सरकार के इस फैसले से करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन धारकों को राहत मिलेगी।

**केंद्र ने उत्तर प्रदेश में 2,642 करोड़ की रेल परियोजना को दी मंजूरी :**

नई दिल्ली, । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में 2,642 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी गयी। इस परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल भी शामिल है।

# नायब सिंह सैनी दोबारा संभालेंगे हरियाणा की कमान

**चंडीगढ़, एजेंसी**



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी दोबारा राज्य की कमान संभालेंगे भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से नेता चुना गया। अनिल विज और कृष्ण बेदी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी विधायकों ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। अनिल विज द्वारा सैनी के नाम का प्रस्ताव रखना खास है, क्योंकि विज खुद भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि भाजपा की जीत पर अगली बार मुख्यमंत्री के रूप में जनता से मिलेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने नायब सिंह सैनी के विधायक दल का नेता बनने की घोषणा की। सैनी को मार्च में मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री बनाया गया था और इस बार भाजपा ने उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। अब वह राज्यपाल से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश करेंगे और गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कई अन्य नेता भी शामिल होंगे, जिसमें अनिल विज को फिर से कैबिनेट में जगह मिल सकती है। अहीरवाल बेल्ट से आरती सिंह राव और राव नरबीर जैसे नेताओं को भी मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की चर्चा है। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह के साथ भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। चुनाव के बीच में ही केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट कर दिया था कि नायब सिंह सैनी ही भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, ताकि किसी भ्रम की स्थिति न रहे, खासकर जब अनिल विज ने भी अपनी दावेदारी जाहिर की थी। हरियाणा भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद नायब सिंह सैनी ने कहा, हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विश्वास रखते हुए तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है और लोगों ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।

# कच्ची कॉलोनियों में रहने वालों को अब बिजली कनेक्शन बिना एनओसी के मिलेगा : आतिशी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली की कच्ची कॉलोनी में रहने वालों को बड़ी राहत देते हुए यह घोषणा की है कि अब उन्हें बिजली कनेक्शन बिना एनओसी के भी मिलेगा। आतिशी ने बताया है कि दिल्ली में 1731 कच्ची कॉलोनियां हैं और दस साल पहले यहां बहुत बुरा हाल था। लेकिन जब अरविंद केजरीवाल की सरकार बनी तो यहां तमाम सुविधाएं दी गई और यहां रहने वाले लोगों का जीवन सुलभ हो गया। मगर पिछले एक साल से यहां रहने वाले लोगों को भाजपा की डीडीए की वजह से बिजली कनेक्शन लेने में दिक्कत आ रही है। डीडीए ने आदेश जारी किया कि बिना डीडीए की एनओसी के 1731 कच्ची कॉलोनियों में रहने वालों को बिजली कनेक्शन नहीं मिलेगा। आतिशी ने बताया कि अब दिल्ली की आप सरकार ने फैसला लिया है कि इन 1731 कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन और मीटर के लिए किसी भी तरह की एनओसी की जरूरत नहीं होगी। इस बारे में डिस्कॉम को आदेश दे दिये गये हैं। डीडीए ने आदेश निकाला था कि बिजली कनेक्शन के लिए कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को एनओसी चाहिये होगा। इससे लोग दर-दर भटक रहे थे और कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था। वहीं जो डीडीए के अधिकारियों को रिश्वत दे रहा था, उसे कनेक्शन मिल जाता था। आतिशी ने कहा है कि अब दिल्ली सरकार ने डिस्कॉम को आदेश दे दिए हैं कि अब बिजली कनेक्शन के लिए किसी भी तरह की एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। डीडीए ने आदेश निकाला था कि बिजली कनेक्शन के लिए कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को एनओसी चाहिये होगा। इससे लोग दर-दर भटक रहे थे और कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था।

# आकासा एयर की दिल्ली-बेंगलुरु उड़ान में बम की धमकी, विमान राष्ट्रीय-राजधानी लौटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बेंगलुरु जा रहा आकासा एयर का विमान बम की धमकी मिलने के बाद बुधवार दोपहर राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि विमान क्यूपी1335 में 180 से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि विमान बम की धमकी मिलने के बाद बुधवार दोपहर राष्ट्रीय राजधानी लौट आया और दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। बम की धमकी मिलने के बाद विमान के लिए हवाई अड्डे पर आपात स्थिति घोषित की गई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, विमान को एक अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है तथा यात्रियों एवं चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। पिछले दो दिन में लगभग एक दर्जन भारतीय उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है और इन विमानों में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इनमें से कुछ उड़ानें विदेशी गंतव्य स्थलों की ओर जा रही थी। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में बताया कि दिल्ली से बेंगलुरु जा रही अकासा एयर की उड़ान में बम की धमकी संबंधी सुरक्षा अलर्ट मिला था और मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान को तुरंत दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वापस भेज दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतारा गया। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) उषा रंगनानी ने एक पुलिस बयान में कहा, विमान को एक अलग क्षेत्र में रखा गया है और यात्रियों एवं चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अकासा एयर ने एक बयान में बताया कि 174 यात्रियों, तीन शिशुओं और चालक दल के सात सदस्यों को ले जा रहे विमान को सुरक्षा खतरे संबंधी चेतावनी मिली। बयान में कहा गया, कैप्टन ने सभी आवश्यक आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विमान को वापस दिल्ली की ओर मोड़ा और इसे दोपहर एक बजकर 48 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा।

# आरजी कर विरोध : जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल 12वें दिन भी जारी

**कोलकाता, एजेंसी**

आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में कोलकाता के एस्प्लेनेड में जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन 12वें दिन भी जारी रहा। एस्प्लेनेड स्थित मंच पर भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों की कुल संख्या अब सात हो गई है। अखिल भारतीय स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान की रूमेलिका कुमार और मिदनापुर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के स्पंदन चौधरी भी अब इस भूख हड़ताल में शामिल हो गए हैं। इस बीच, दुर्गा पूजा समाप्त होने के साथ ही इस घटना पर जारी विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए कोलकाता पुलिस ने उत्तरी कोलकाता में आर.जी. कर कॉम्प्लेक्स के आसपास प्रोहिबिटरी ऑर्डर (निषेधाज्ञा) को 30 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है, जिसके तहत उस पूरे क्षेत्र में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 को श्यामबाजार फाइन-पॉइंट क्रॉसिंग, ताला, श्यामपुकुर और उल्टाडांगा सहित अन्य क्षेत्रों में लागू कर दिया गया है। निषेधाज्ञा बढ़ाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर ने कहा कि इस तरह के दमनकारी फैसले सही नहीं है। इस जघन्य बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन सिर्फ कोलकाता या पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मामला बन गया है। 5 अक्टूबर की शाम से शुरू हुई भूख हड़ताल में भाग लेने वाले अब तक पांच जूनियर डॉक्टरों को उनकी तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

**सदस्य** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की मौजूदगी में मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने.........

# पीएम मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य, पार्टी के अभियान का भी किया शुभारंभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनने की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, ह्वविकसित भारत बनाने के हमारे



प्रयास को गति प्रदान करते हुए। भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की उपस्थिति में आज प्रथम सक्रिय सदस्य बनने और सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने पर गर्व है। यह एक आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा और राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमारी पार्टी के कार्यकताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। सक्रिय सदस्यता से जुड़े तथ्यों की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बताया, ह्लएक सक्रिय सदस्य बनने के लिए, एक कार्यकर्ता को एक बूथ पर या एक विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही आने वाले समय में उन्हें पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने 2 सितंबर को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया था। पार्टी ने इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को संगठन पर्व सदस्यता अभियान : 2024 का नाम दिया है। 2 सितंबर से शुरू हुए राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तय कार्यक्रम के अनुसार, इसका पहला चरण 25 सितंबर को और दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो चुका है। पार्टी ने मंगलवार को ही 9 करोड़ सदस्यों का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तीसरे चरण के तहत, बुधवार से भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू हो गया है, जिसका शुभारंभ पीएम मोदी ने पहला सक्रिय सदस्य बनने के साथ ही कर दिया।

# केंद्र शासित के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने उमर

**श्रीनगर, एजेंसी**

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अब्दुल्ला और उनके मंत्रियों को शपथ दिलाई। मेंढर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक जावेद अहमद राणा, रफियाबाद से जावेद अहमद डार, डीएच पोरा से सकीना इट्टू और नौशेरा से सुरिंदर कुमार चौधरी को भी एलजी सिन्हा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सुरिंदर चौधरी डिप्टी सीएम बनाए गए



हैं। सुरिंदर चौधरी ने नौशेरा से भाजपा के रविंदर रैना को हराया है। जम्मू कश्मीर विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में जगह दी गई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। वहीं, नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती सहित अन्य नेता यहां मौजूद रहे।

**कांग्रेस का सरकार से बाहर रहने का फैसला :**

जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी फिलहाल जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्रालय में शामिल नहीं हो रही है। कांग्रेस ने केंद्र से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की जोरदार मांग की है, इसके अलावा प्रधानमंत्री ने भी कई बार सार्वजनिक बैठकों में इसका वादा किया है। लेकिन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिकांश अधिकारियों ने बंद कर दिए वाट्सएप के ब्लू टिक

**हरिद्वार, एजेंसी।** वाट्सएप पर भेजा गए मैसेज पर कार्रवाई तो दूर अधिकारियों ने उसे पढ़ लिया या नहीं यह जानने का भी अधिकारी शिकायतकर्ता नहीं रह गया है। हालत यह है कि अधिकारी ने शिकायकतकर्ता की ओर से भेजे गए मैसेज को देख लिया इसकी भी जानकारी नहीं हो पा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मोनिक धवन ने इस संदर्भ में बयान जारी कर प्रदेश सरकार पर भी सवाल उठाया है। धवन ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश की सरकार शिकायतों का संज्ञान नहीं ले रही है। इसी तरह इस सरकार के नौकरशाह भी मनमाने रवैये अपना रहे हैं। उनका आरोप है कि कई अधिकारी तो ऐसे हैं जिनसे जुड़े विभागों को यदि फोनकाल किया जाता है तो वह उठता नहीं है। यदि वाट्सएप आदि पर मैसेज भेजा जाए तो उन्होंने वाट्सएप में सेटिंग कर रखी है। इसमें भेजा गया मैसेज पढ़ा गया या नहीं इसकी जानकारी नहीं हो पाती है। मोनिक धवन का कहना है कि भेजे गए मैसेज को पढ़ने के बाद नीले रंग का डबल टिक बनता है, लेकिन अधिकांश अधिकारियों ने इस सेटिंग को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जल्द ही मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी और अधिकारियों को भेजे गए मैसेज को रीड न करने का प्रमाण भी दिया जाएगा।

### पाइप लाइन लीकेज से बीच सड़क पर उठने लगा फव्वारा

**हरिद्वार, एजेंसी।** विभागीय लापरवाही से ब्रह्मपुरी-रावली महदूद में घरों में पहुंचने वाला पानी सड़क पर खुले में बह रहा है। पाइप लाइन फटने के बाद ऊपर की ओर उठती धारा को देख सभी हतप्रभ रह गए। हर कोई जल संस्थान के अधिकारियों को फोटो वीडियो भेजने लगा। सूचना मिलने पर जल संस्थान के कर्मी पहुंचे और उन्होंने लाइन ठीक करने की प्रक्रिया शुरू की। दरअसल रावली महदूद की मुख्य सड़क पर कुछ दिनों से पानी लीक कर रहा था। स्थानीय निवासियों ने इसकी शिकायत जल संस्थान के अधिकारियों से की, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। शनिवार सुबह पानी का पाइप पूरी तरह फट गया और उसकी धारा सीधे ऊपर की ओर उठने लगी। 15 से 20 फीट ऊंचा पानी का फव्वारा देख लोग परेशान हो गए। वहीं, राहगीरों का अवागमन भी बंद हो गया। आपूर्ति पूरी तरह बाधित होने के कारण हजारों लीटर जहां पानी बर्बाद हो गया, वहीं कई घरों में दैनिक कार्य भी नहीं किया जा सका। रावली महदूद और ब्रह्मपुरी समेत कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रही। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए पानी के वॉल्व को जल निगम के अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद देर शाम ठीक किया जा सका।

### 133 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**हरिद्वार, एजेंसी।** कनखल थाना क्षेत्र में पुलिस ने चरस की तस्करी करने जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 133 ग्राम चरस बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार देर रात जगजीतपुर चौकी प्रभारी चरण सिंह टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। प्राइमरी स्कूल मिस्सरपुर के पास एक संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों को देखते ही वह वापस भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम ऋषिपाल निवासी मिस्सरपुर पंजनहेड़ी बताया। तलाशी लेने उसके कब्जे से 133 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### घाट पर पर्ची काटने को लेकर हुए विवाद में क्रॉस मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरकी पैड़ी क्षेत्र में मालवीय घाट पर सेवादारों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष की तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमे के बाद अब दूसरे पक्ष ने भी मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सुनील पचौरी पुत्र दिनेश चंद निवासी गुसाईं गली भीमगोडा ने शिकायत देकर बताया कि आठ अक्तूबर को सुभाष घाट पर दान की रसीद काट रहा था। मालवीय द्वीप पर संध्याकालीन आरती के समय जब कुछ लोगों ने रसीद काटने के लिए मना कर दिया। इसके बाद अर्जुन गिरी, रवि चौहान, बलराम कड़क, संजीव शर्मा, सग्रांम गिरी, कुलभूषण जोशी, महेंद्र सैनी ने मारपीट कर दी।

### माइनिंग चेक पोस्ट पर कर्मचारियों से मारपीट पर मुकदमा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** माजरी ग्रांट स्थित माइनिंग चेक पोस्ट कार्यालय में आकर कर्मचारियों से मारपीट करने पर एक नामजद और चार पांच अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसांई ने बताया कि मोनेंद्र सिंह कर्मचारी कैलाश रिवर बेड मिनरल्स की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में बताया गया कि 13 अक्तूबर की रात में माइनिंग चेक पोस्ट कार्यालय माजरी ग्रांट में अर्जुन नामक व्यक्ति के साथ चार पांच अन्य अज्ञात लोग आए और कार्यालय में मौजूद कर्मचारी विशंभर और विकास के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। कर्मचारियों के सिर में चोटें लगी है।

# चारधाम में फिर से बढ़ने लगी यात्रियों की संख्या

## हर दिन पहुंच रहे 23 हजार से अधिक श्रद्धालु

**चमोली, एजेंसी।**
उत्तराखंड में इस सत्र में चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या मंगलवार को 41 लाख के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन ने बताया कि इस वर्ष अब तक कुल 41,13081 तीर्थयात्री केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित चारधाम मंदिरों के दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए सरकार ने अगले वर्ष यात्रा व्यवस्थाओं का और विस्तार करने का फैसला किया है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को 23,649 तीर्थयात्रियों ने इन मंदिरों में दर्शन किए जबकि मंगलवार को यह संख्या 26,726 रही। चारधाम यात्रा का अंतिम चरण शुरू हो चुका है। अंतिम चरण के तहत केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट तीन नवंबर, गंगोत्री के कपाट दो नवंबर और बदरीनाथ के कपाट 17 नवंबर को बंद हो जाएंगे।

केदारनाथ की यात्रा कठिन और चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद यहां सबसे अधिक 11 हजार 309 यात्री केदार भगवान के दर्शन को पहुंचे। इसी प्रकार बदरीनाथ में 6644, गंगोत्री में 2406 और यमुनोत्री में 3290 यात्रियों ने दर्शन किए। इस यात्राकाल में अब तक कुल 40 लाख 92 हजार 360 यात्री चारधाम दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल यात्रा प्रबंधन और सतत निगरानी के चलते केदारघाटी की आपदा भी यात्रियों के उत्साह को नहीं डिगा पाई है। यात्रा मार्ग और पड़ावों में सुरक्षा प्रबंध और सभी व्यवस्थाएं बेहतर होने से यात्रियों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उत्साह से लबरेज यात्रियों ने इसके लिए मुक्त कंठ से सरकार के प्रयासों को सराहा है।

उनका कहना है कि 31 जुलाई की रात को अतिवृष्टि ने केदारघाटी में जिस प्रकार से तबाही मचाई थी, उस स्थिति में पैदल मार्ग को बहाल करना आसान नहीं था। सरकार ने इस कठिन चुनौती को स्वीकार करते हुए यात्रा को जल्द से जल्द बहाल किया। अब अगले माह चारों धामों के कपाट बंद होने वाले हैं, इसलिए यात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। देश-विदेश से हर वर्ष लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आते हैं। यात्रियों को सुरक्षित



वातावरण प्रदान करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं। चारधाम यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है।

राज्य में आज जिस तेजी के साथ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए हमें यात्रा व्यवस्थाओं को और विस्तार देना होगा। इसकी कवायद भी शुरू कर दी गई है। इस बार केदारघाटी आपदा के चलते व्यवस्थाएं प्रभावित हुई, लेकिन सरकार ने इस कठिन चुनौती का भी दृढ़तापूर्वक सामना कर केदार यात्रा को बहाल किया।

रुद्रप्रयाग- गत 31 जुलाई को केदारनाथ पैदल मार्ग पर आई आपदा में क्षतिग्रस्त विभिन्न योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार ने अबतक 48 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें पचास फीसदी कार्य भी हो चुके हैं। वहीं केदारघाटी के विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 1389.75 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि गत 31 जुलाई को केदार घाटी में हुई अतिवृष्टि के बाद विभिन्न परियोनाएं क्षतिग्रस्त होने के साथ ही लोगों की आजीविका भी प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर सड़क एवं पैदल यात्रा मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे जिससे प्राथमिक सुविधाओं की आपूर्ति तक केदारघाटी में प्रभावित हो गई थी।

वहीं भारी बारिश एवं नदी के बड़े हुए वेग पुनर्स्थापना एवं निर्माण कार्यों में बाधा डाल रहे थे बावजूद इसके शासन एवं सरकार के उचित मार्गदर्शन व सहयोग के कारण विपरीत परिस्थितियों को पार कर रिकॉर्ड समय में श्री केदारनाथ धाम यात्रा को दोबारा शुरू करने के साथ ही केदारघाटी को संवारने के लिए सभी कार्य तेजी से गतिमान है।

जिलाधिकारी ने कहा कि 31 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल रेस्क्यू एवं बचाव अभियान के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री खुद पूरे मामले की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे थे वहीं उन्होंने गढ़वाल कमिश्नर एवं आपदा सचिव को भी इस पर लगातार नजर बनाए रखने एवं निर्बाध तरीके से सभी पुनर्स्थापना एवं निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए थे। इसी का परिणाम है कि अतिवृष्टि के बाद लगभग 11 हज़ार से अधिक लोगों का सफल रेस्क्यू किया गया।

आपदा से प्रभावित व्यवसारियों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा साढ़े 9 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई। इसके अलावा पैदल व सड़क मार्गों के सुधारीकरण के लिए लोनिवि की 29 तथा सिंचाई विभाग की 12 कार्य योजनाएं स्वीकृत की गई। जो लगभग 48 करोड़ से अधिक की हैं। यही कारण है कि जहां रिकॉर्ड समय में श्री केदारनाथ धाम सड़क एवं पैदल यात्रा मार्ग दुरुस्त कर खोले गए, वहीं श्रद्धालुओं की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है।

## गन्ने के क्षेत्रफल में कमी आने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** डीएम/प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर्स उदयराज सिंह ने गन्ने के क्षेत्रफल में गतवर्ष के तुलना में कमी आने पर नाराजगी जताई। उन्होंने चीनी मिल नादेही और बाजपुर में समय पर मरम्मत व रखरखाव का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के पेराई सत्र 2024-25 प्रारंभ करने के लिए समीक्षा बैठक हुई। इसमें डीएम ने चीनी मिल किच्छा, नादेही में चल रहे बॉयलर अपग्रेडेशन के कार्यों और चीनी मिल किच्छा में चल रहे एसीवीएफडी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने चीनी मिल नादेही और बाजपुर में चल रहे तकनीकी कार्यों की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अक्तूबर के अंत तक अनिवार्य रूप से समस्त उपकरणों का ट्रायल पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि चीनी मिल के गन्ना अधिकारी से संपर्क स्थापित कर गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास करने होंगे। डीएम सिंह ने चीनी मिल बाजपुर में बिजली के मद में अधिक धनराशि व्यय करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मिल समिति के आवासों में स्थायी/सीजनल के अतिरिक्त अनाधिकृत रूप से रह रहे व्यक्तियों की सूची तैयार कर तत्काल मुख्यालय को सूचित करें और अनाधिकृत आवासों को खाली कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने नवंबर के पहले सप्ताह तक सभी उपकरणों का ट्रायल कार्य पूर्ण कर गन्ना पेराई समय से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में महाप्रबंधक उत्तराखंड शुगर्स विजय पांडेय, प्रबंध निदेशक चीनी मिल किच्छा टीएस मर्तोलिया, बाजपुर हरवीर सिंह, प्रधान प्रबंधक चीनी मिल नादेही दिनेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुंडेली में स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच की

**खटीमा, एजेंसी।** होम्योपैथिक विभाग की टीम ने मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुंडेली में निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इसमें डॉ. भूपेंद्र प्रसाद ने 33 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही अध्यापकों को औषधीय पौधे वितरित किए गए। वहां प्रधानाध्यापक गौरीशंकर ,भेषजिक कुमारी, कंचन भारती,ललित तिवारी, भोजन माता भावना देवी, रूपवती आदि थे।

# टमाटर 100 रुपये, पालक मिल रहा 50- कैसे बच्चों को खिलाएं पत्तेदार सब्जी, छात्रों के पोषण पर असर



**रुड़की, एजेंसी।** साहब पत्तेदार सब्जियां महंगी हो गई है। कैसे बच्चों को पत्तेदार सब्जियां खिलाए। पत्तेदार सब्जियां तीस से लेकर सत्तर रुपये प्रति किलोग्राम हैं तो टमाटर 100 रुपये किलो है। जिले में सवा लाख से अधिक बच्चों को प्रतिदिन दोपहर का भोजन परोसा जाता है। सरकार की ओर से छात्रों को कैलोरी युक्त एवं स्वाद अनुसार भोजन तैयार किया जाने के निर्देश होते हैं। प्राथमिक वर्ग में प्रति छात्र को 100 ग्राम चावल, बीस ग्राम दाल, पचास ग्राम पत्तेदार सब्जी, पांच ग्राम घी या तेल, नमक एवं मसाले स्वाद के अनुसार दिए जाते हैं। जबकि उच्च प्राथमिक में चावल 150 ग्राम, दाल तीस ग्राम, पत्तेदार सब्जी 75 ग्राम दी जाती है। चावल आदि तो राशन की दुकान से पहुंच जाता हैं लेकिन शिक्षकों को सबसे अधिक परेशानी सब्जियों को लेकर उठानी पड़ रही है। दरअसल सितंबर एवं अक्टूबर माह में सब्जियों के दाम आसमान को छू रहे हैं। टमाटर सौ रुपये किलो हैं और अन्य मौसमी सब्जियां भी महंगी है।

# भूस्खलन के चलते बंद हुआ गंगोत्री हाईवे आठ घंटे बाद खुला, कड़ी मशक्कत के बाद आवाजाही शुरू

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही शुरू हो गई है। भूस्खलन के चलते हाईवे पर यातायात ठप हो गया था, जिसके चलते हाईवे पर दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहन फंस गए थे। उत्तरकाशी रतूड़ीसेरा में भूस्खलन के चलते बंद गंगोत्री हाईवे लगभग आठ घंटे बाद आवाजाही के लिए खुल गया है। बीआरओ की टीम ने कड़ी मशक्कत कर सोमवार देर रात करीब एक बजे हाईवे को आवाजाही के लिए बहाल किया। गत सोमवार शाम 4-40 बजे भूस्खलन के चलते हाईवे पर यातायात ठप हो गया था, जिसके चलते हाईवे पर दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहन फंस गए थे। हालांकि कुछ समय बाद में हाईवे सुचारू होने तक वाहनों को देवीधार से पिपली धनारी-संकुर्णा धार-मानपुर होते हुए डायवर्ट किया गया था।



## केदारनाथ उपचुनाव को लेकर डीएम ने प्रेस वार्ता का किया आयोजन, अधिकारी ने दी ये जानकारी

**रूद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ उपचुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान डीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि केदारनाथ की विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद अब उपचुनावों को लेकर जनपद रुद्रप्रयाग में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है।

जिलाधिकारी व निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि केदारनाथ उपचुनाव को लेकर रुद्रप्रयाग में निर्वाचन आयोग की ओर से आचार संहिता लागू की गई है। इसी के साथ ही कहा कि केदारनाथ उपचुनाव को लेकर 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इस के बाद 29 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल होंगे और 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। बताया गया कि 4 नवंबर को नाम वापसी की तिथि नियत की गई है। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को मतदान होना है जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

वहीं निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद सभी सरकारी भवनों से प्रचार सामग्री 72 घंटे के भीतर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए जनपद स्तर पर टीमें गठित कर दी गई है। साथ ही जनपद में चुनाव के दौरान तमाम गतिविधियों पर पहली नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित कर दिए गए हैं।

# पंत विवि में 20 से 22 फरवरी तक होगी एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस

**पंतनगर, एजेंसी।** विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में 20 से 22 फरवरी तक होने वाली एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस की तैयारियों के लिए सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुलपति डॉ. चौहान ने प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर कृषि उपयोगी नई तकनीकों का प्रदर्शन करने और संस्थानों से अधिक से अधिक संख्या में वैज्ञानिकों, शोध छात्रों का प्रतिभाग कराने का आह्वान किया। निदेशक शोध आयोजक सचिव साइंस कांग्रेस डॉ. एएस नैन ने अब तक की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. एएस नैन ने बताया कि कांग्रेस में करीब ढाई हजार प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

देश-विदेश से कृषि क्षेत्र के प्रख्यात वैज्ञानिकों सहित नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रगतिशील कृषक, देश के कई प्रमुख सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं का प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है। संचालन जेडी शोध डॉ. पीके सिंह और डॉ. अनिल कुमार ने किया। इस दौरान डॉ. त्रिवेनी दत्त, डॉ. लक्ष्मीकांत, डॉ. एम. मधु, डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ. यशपाल सिंह मलिक और डॉ. सुभाष चंद्रा आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला में कृषि तकनीकी हस्तांतरण और विकास से संबंधित चार एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें एग्रीइनोवेट इंडिया लिमिटेड के साथ उन्नत बीजों और तकनीकों का व्यवसायीकरण, पंतनगर कैपिटल के साथ स्टार्टअप, इंटरप्रन्योरशिप और रोजगार सृजन शामिल है।

# सीएम के निर्देशों की मियाद खत्म, गड्ढों को पाटने का है इंतजार

**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
सीमांत जिले में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के सीएम के निर्देश हवाई साबित हुए हैं। तारीख गुजर गई लेकिन अब भी सड़कों से गड्ढे गायब नहीं हो सके। जिला मुख्यालय में ही नगर की आंतरिक सड़कें गड्ढा मुक्त नहीं हो सकीं हैं। ऐसे में आसानी से समझा जा सकता है कि जिले की दूरस्थ सड़कों का क्या हाल होगा।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 15 अक्तूबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए थे। उम्मीद थी कि इन निर्देशों का पालन होगा। सड़कें गड्ढा मुक्त होंगी और लोगों की आवाजाही सुगम होने के साथ ही उन्हें खतरे से मुक्ति मिलेगी।



सीमांत जनपद में यह निर्देश हवाई साबित हुए हैं। नगर की आंतरिक सड़कें अब भी गड्ढे से पटी हैं। संवाद न्यूज एजेंसी ने इन दावों की पड़ताल की। नगर के प्रवेश द्वार ऐंचोली से कुमौड़ तक सड़क पर बने गड्ढे सिस्टम की सुस्ती और लापरवाही की पोल खोल रहे हैं।

धारचूला सड़क पर ग्रिफ कैंप के पास ही गड्ढों से पटी सड़क पर वाहन चालक और यात्री खतरे के बीच सफर करने के लिए मजबूर हैं। जीआईसी रोड में बने गड्ढों के बीच विद्यार्थी और स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं।

सिस्टम नगर की सड़कों को ही गड्ढा मुक्त कर सीएम के निर्देश को धरातल पर नहीं उतार सका है। ऐसे में जिले की अन्य सड़कों के हाल क्या होंगे यह बड़ा सवाल है।

आरटीओ कार्यालय और बेस अस्पताल को जोड़ने वाली सड़क नगर की प्रमुख लिंक रोड है। हर रोज आरटीओ कार्यालय तक सैकड़ों वाहन आवाजाही करते हैं। खुद परिवहन विभाग की यह बदहाल सड़क सिस्टम की संवेदनशीलता के दावों की पोल खोल रही है। ढाई किमी लंबी इस सड़क पर 150 से अधिक गड्ढे यात्रियों, वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों की परीक्षा ले रहे हैं।

# जन संपर्क अभियान के जरिए दिल्ली की जनता को केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे का सच बताएगी आप

## केजरीवाल ने लॉन्च किया कैंपेन, 16 से 29 अक्टूबर तक दिल्ली की जनता के नाम लिखे उनके पत्र को लेकर घर-घर जाएंगे आप कार्यकर्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा की साजिशों का पदार्फाश करने के लिए बुधवार को जन संपर्क अभियान की शुरूआत की। इसके तहत आप कार्यकर्ता 16 से 29 अक्टूबर तक उनके द्वारा दिल्ली जनता के नाम लिखे पत्र को लेकर घर-घर जाएंगे और केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे का असल सच जनता को बताएंगे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने दिल्ली में मुफ्त व 24 घंटे बिजली, पानी, इलाज, महिलाओं की बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा समेत अन्य सुविधाएं दी है। लेकिन ये लोग अपने शासित 22 राज्यों में दिल्ली वाली सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं। इसलिए इन्होंने मुझे जेल में डाला, ताकि ये दिल्ली में मिल रही सुविधाएं बंद कर अपने शासित राज्यों में उठ रही जनता की मांग को दबा सकें। अब ये किसी भी तरह दिल्ली की सत्ता हासिल करना चाहते हैं। अगर ये सत्ता में आ गए तो सारी सुविधाएं बंद कर देंगे। मुझे भरोसा है कि विधानसभा चुनाव में आप अपने वोट की ताकत से भाजपा के काम रोकने के हर षड़यंत्र को हराएंगे और आप की फिर सरकार बनाएगी।

बुधवार को पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जन संपर्क अभियान का एलान करते हुए कहा कि आज से हम पूरी दिल्ली में जन संपर्क अभियान शुरू कर रहे हैं। जेल से निकलने के बाद मैं बहुत लोगों से मिल रहा हूं और पूरी दिल्ली में घूमकर अलग-अलग जगहों पर जा रहा हूं। मैं जेल क्यों गया? मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया? इसको लेकर जनता के मन में कई प्रश्न हैं। जिन लोगों से मैं व्यक्तिगत तौर पर मिल लेता हूं, उनके जवाब दे देता हूं। कई लोगों से मिलने के बाद मैंने जनता के सभी प्रश्नों के जवाब एक पत्र के रूप में बनाए हैं। मैंने जनता के नाम एक पत्र बनाया है। अब हमारे कार्यकर्ता इस पत्र को लेकर 29 अक्टूबर तक दिल्ली के घर-घर जाएंगे और जनता को मेरी ओर से यह पत्र सौंपेंगे, ताकि जनता के मन में जो सवाल हैं, उनके जवाब उन्हें मिल सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, मुख्यमंत्री आतिशी, दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं मंत्री गोपाल राय, मंत्री सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के नाम लिखे अपने पत्र में कहा है कि मेरे प्रिय दिल्लीवासियों, इन लोगों ने मुझे 5 महीने जेल में रखा। इन्होंने मुझे गिरफ्तार क्यों किया? आपको असली कारण पता चलेगा तो आपके होश उड़ जाएंगे। ये तो सब जानते हैं कि मैंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया। केजरीवाल भ्रष्टाचार कर ही नहीं सकता। फिर इन्होंने मुझे गिरफ्तार क्यों किया? क्योंकि दिल्ली में जो मैं आपके लिए काम कर रहा हूं, आपको जो सुविधाएं दे रहा हूं, वो काम रोकने के लिए और वह सुविधाएं बंद करने के लिए इन्होंने मुझे गिरफ्तार किया।

अरविंद केजरीवाल ने पत्र में कहा है कि ये दिल्ली के काम क्यों रोकना चाहते हैं? मैंने दिल्ली में वो काम कर दिए जो आज तक देश में कभी नहीं हुए। इनकी 22 राज्यों में सरकारें हैं। वहां ये लोग दिल्ली वाले काम नहीं कर पा रहे। वहां जनता ने इनसे अब पूछना शुरू कर दिया है कि दिल्ली वाले काम उन राज्यों में क्यों नहीं हो रहे। इसका इनके पास कोई जवाब नहीं है। पंजाब में हमारी जीत के बाद इनको लगने लगा कि अगर जल्द ही दिल्ली के काम नहीं रोके गए तो पूरे देश में इनकी दुकानें बंद हो जाएंगी और आम आदमी पार्टी पूरे देश में आ जाएगी।

इसलिए पिछले दस साल में इन्होंने कई बार एलजी के जरिए दिल्ली के काम रोकने की कोशिश की। लेकिन मैंने आपका कोई काम रुकने नहीं दिया। मैं पढ़ा लिखा हूं। पहले सरकार में अफसर रह चुका हूं। इसलिए मुझे पता है कि सरकार में काम कैसे करवाना है। जब ये उसमें सफल नहीं हुए तो इन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल ने पत्र में कहा है कि मेरे काम से इन्हें इतना डर है कि इन्होंने जेल में हर तरह की कोशिश की कि मैं सही सलामत बाहर न आ सकूं। इन्होंने जेल में मेरी दवाइयां बंद कर दी। मैं शुगर का मरीज हूं और पिछले दस साल से मुझे रोज चार बार इंसुलिन के इंजेक्शन लगते हैं। इन्होंने जेल में मेरे इंजेक्शन बंद कर दिए। इससे मेरी किडनी खराब हो सकती थी और मेरी मौत भी हो सकती थी।

# जनतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी ताकत, अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के नाम लिखा पत्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार (16 अक्तूबर) को दिल्ली की जनता के नाम पत्र लिखा है। साथ ही उन्होंने जन संपर्क अभियान की शुरूआत की है। इसके जरिये वह दिल्ली की जनता से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि जनतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी ताकत है।

केजरीवाल ने जनता के नाम लिखा पत्र अरविंद केजरीवाल ने जनता के नाम लिखे पत्र में भाजपा पर निशाना साधते हुए अपनी गिरफ्तारी को लेकर सवाल उठाए। केजरीवाल ने पत्र में लिखा है कि मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया और उसका जवाब भी केजरीवाल ने दिया है।

उन्होंने कहा कि मुझे भ्रष्टाचार के कारण गिरफ्तार नहीं किया गया है। बल्कि मुझे गिरफ्तार इसलिए किया गया है कि मेरी सरकार को कैसे ठप किया जाए और कैसे आम आदमी पार्टी को समाप्त किया जाए।

दिल्ली की सत्ता हासिल करना है भाजपा का मकसद

उन्होंने कहा कि अब इन्होंने (भाजपा) यह प्लान बनाया है कि अब कैसे भी दिल्ली की सत्ता हासिल करें। इनका मकसद यह है कि भाजपा से उनके राज्यों की जनता यह न पूछ सके कि उनके यहां दिल्ली सरकार की तरह काम क्यों नहीं हो रहा। वहां इनसे जनता यह न पूछ सके कि दिल्ली जैसे अच्छे स्कूल क्यों नहीं बन रहे, अस्पताल क्यों नहीं बन सके? बिजली पानी फ्री क्यों नहीं हो पा रही? केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल जनता के लिए गया हूं। यह पत्र आप कार्यकर्ता 29 अक्टूबर तक जनता के बीच लेकर जाएंगे।

जनता की सुविधाएं रोकना चाहती है बीजेपी- केजरीवाल

आप सुप्रीमो ने कहा, भाजपा वालों को मेरे कामों से इतना डर है कि इन्होंने जेल में हर संभव प्रयास किए कि मैं सही सलामत बाहर ना आ सकूं। मेरी दवाएं बंद करवा दी, लेकिन ये अपनी साजिश में नाकाम हुए। अब इन्होंने प्लान बनाया है कि किसी भी तरह दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया जाए। जिससे यह आपके काम रोक सकें। अगर आपने आने वाले चुनाव में वोट देकर इन्हें जिता दिया तो ये आपकी मुफ्त बिजली, पानी, मोहल्ला क्लिनिक, मुफ़्त इलाज और महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा जैसी जनहितकारी योजनाएं बंद करा देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंधाधुंध फायरिंग में दो भाई घायल, गंभीर

नई दिल्ली। भलस्वा डेरी इलाके में मंगलवार रात को मामूली बात पर लड़ाई में बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी भरत रेड्डी ने बताया कि नौशाद और आसिफ चचेरे भाई हैं। दोनों परिवार के साथ राजीव नगर में रहते हैं। परिजनों ने बताया कि नौशाद और आसिफ का पड़ोसी शकील से किसी बात पर झगड़ा हो गया था। बताया जाता है कि रात को नौशाद और आसिफ बालकनी में खड़े थे। इसी दौरान बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में नौशाद के सीने एवं आसिफ के पैर में गोली लगी। परिजनों ने दोनों घायलों को पहले बीजेआरएम अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से मैक्स अस्पताल ले गए। बताया जाता है कि अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड राकेश से घायलों के परिजनों की हाथापाई भी हुई। इसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस के आने से पहले परिजन घायलों को एलएनजेपी अस्पताल लेकर चले गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### रोजगार को लेकर युवा कांग्रेस ने शुरू किया अभियान

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से बुधवार दिन में संगठन मुख्यालय पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने देश भर में रोजगार को लेकर अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और नशे के कारोबार से युवाओं को न्याय दिलाने के लिए भारतीय युवा कांग्रेस इस आंदोलन की शुरूआत कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे और विदेश से काला धन वापस लाएंगे। ये वादे तो पूरे नहीं हुए

# पेड़ों की कटाई: न्यायालय ने दिल्ली के उपराज्यपाल को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के रिज इलाके में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष एवं उपराज्यपाल वी के सक्सेना को 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा।

दिल्ली के उपराज्यपाल डीडीए के अध्यक्ष भी हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई कर रही है।

न्यायालय ने उपराज्यपाल को दोषी अधिकारियों के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई सहित अन्य कार्रवाइयों का विवरण भी देने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, पीठ ने डीडीए अध्यक्ष को यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया कि क्या पेड़ों की कटाई की अनुमति पर चर्चा के बारे में कोई जानकारी थी। दूसरा, उपराज्यपाल को कब सूचित किया गया कि अनुमति की आवश्यकता है। तीसरा, सुधारात्मक उपायों के रूप में क्या कदम उठाए गए, और चौथा, रिज की मूल प्रकृति को संरक्षित करने के लिए (न्यायालय के) आदेश के बाद से दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई।

न्यायालय ने उपराज्यपाल को सुनवाई की अगली तारीख 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई अब प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पूर्व में इस विषय की सुनवाई की थी।

पिछली पीठ ने छतरपुर से साउथ एशियन यूनिवर्सिटी तक सड़क निर्माण के लिए दक्षिणी रिज के सतबारी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के आरोप में पांडा के खिलाफ आपराधिक अवमानना नोटिस जारी किया था। पीठ ने डीडीए उपाध्यक्ष द्वारा दाखिल एक भ्रामक हलफनामे पर नाराजगी व्यक्त की थी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक अन्य पीठ ने 24 जुलाई को, दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर विभिन्न पीठों के समक्ष लंबित दो अलग-अलग अवमानना कार्यवाही का संज्ञान लिया था और कहा था कि वह न्यायिक औचित्य में विश्वास करती है और नहीं चाहती कि कोई भी विरोधाभासी आदेश पारित किया जाए।

दो अलग पीठ डीडीए के खिलाफ अवमानना मामले से संबंधित लेकिन अलग-अलग पहलुओं पर सुनवाई कर रही थी, जिससे संभावित न्यायिक गतिरोध और विरोधाभासी आदेशों की संभावना पैदा हो रही थी।

# पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट के प्रयास में दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। गोकलपुरी इलाके में पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट के प्रयास में पुलिस ने मंगलवार को दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त राकेश पावरिया ने बताया कि इनकी पहचान सतेंद्र उर्फ बाबा और राहुल कश्यप उर्फ दीपक के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपियों में से एक पर लूट, हत्या, मकोका, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल एक पिस्टल, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस का दावा है कि इनकी गिरफ्तारी से चार मामले सुलझे हैं। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह 10.36 बजे गोकलपुरी थाने में लूट के प्रयास की सूचना मिली थी। पुलिस को पता चला कि बाइक सवार बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप के मैनेजर पर लूट के इरादे से गोली चला दी। घायल का जीटीबी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मैनेजर की पहचान रविंद्र पाल सिंह के रूप में हुई। गोकुलपुरी थाना एसएचओ प्रवीन कुमार और इंस्पेक्टर उमेद सिंह की टीम ने मामले की जांच शुरू की। पीड़ित के बयान और तकनीकी टीम की मदद से सतेंद्र उर्फ बाबा और राहुल कश्यप को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर पिस्टल और अन्य सामान बरामद हुए हैं।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से थोड़ा कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। शहर में सुबह 8.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता का स्तर 78 प्रतिशत रहा। आईएमडी ने कहा कि दिल्ली में दिन में बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह नौ बजे 213 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक 301 और 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

### युवक की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के विकासपुरी थाना इलाके में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान संजय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक का कुछ लड़कों से झगड़ा हुआ था और इस झगड़े में मृतक संजय को पहले बुरी तरह पीटा गया और फिर चाकू मारा गया जिसके बाद अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। डीसीपी विचित्रवीर के अनुसार मृतक संजय इंदिरा कैंप जोगी में रहता था और कमर्शियल गाड़ी का ड्राइवर था। बीती रात वह अपने दोस्त मनीष के साथ इलाके में ही घूम रहा था। तभी कुछ लड़कों से किसी बात पर उसका झगड़ा हुआ। इसके बाद संजय को पहले उन लड़कों ने पीटा और फिर चाकू मार दिया। इसके बाद फौरन संजय को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के आधार पर अब तक छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि यह सभी लोग हत्या की वारदात में शामिल थे। यह जानकारी भी सामने आई है कि कुछ लड़के तो उसी की झुग्गी के रहने वाले हैं जबकि कुछ लड़के बाहर से बुलाए गए थे। पुलिस के अनुसार इनका दशहरे वाले दिन से झगड़ा चल रहा था लेकिन असल में किस बात को लेकर झगड़ा था। इस बारे में अभी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। डीसीपी के अनुसार पहले भी इनके बीच झगड़ा हुआ था तब पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। फिलहाल पूछताछ कर या पता लगा रही है कि आखिर संजय की हत्या किस बात को लेकर की गई।

### विकासपुरी इलाके में झगड़े के दौरान एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी इलाके में कथित तौर पर छह लोगों ने एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान विकासपुरी के इंदिरा कैंप निवासी संजय के रूप में हुई है और वह पेशे से वाहन चालक था। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि विकास पुरी में हुई इस घटना के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष में मंगलवार रात करीब 11 बजे सूचना मिली थी। अधिकारी ने कहा, संजय अपने दोस्त मनीष के साथ इलाके में घूम रहा था, तभी वहां कुछ स्थानीय लोगों से उसकी बहस हो गई जिसके बाद संजय को बुरी तरह पीटा गया और उसे चाकू मार दिया गया। मनीष अपनी जान बचाकर भागने में सफल रहा। डीसीपी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल संजय को अस्पताल ले जाया गया

# अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का पदार्फाश, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स टीम ने गत दिनों अभियान चलाकर अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी नेपाल में रहने वाले अपने गिरोह के एक गुर्गे से गांजा लेकर आते थे और दिल्ली व एनसीआर इलाके में इसकी तस्करी करते थे। इनके पास से 32.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान नेपाल के परसा जिला निवासी पलेंदर उर्फ फलेंदर प्रसाद कुर्मी, बिहार के छपरा निवासी पंकज कुमार और दिल्ली के सराय काले खां निवासी सज्जन कुमार के रूप में हुई है। पंकज को नशा तस्करी के मामले में 2020 में जीआरपी गुवाहाटी, असम ने गिरफ्तार किया था।

पुलिस के मुताबिक, 24 सितंबर को टीम को पंकज के गाजीपुर सब्जी मंडी इलाके में गांजा समेत आने की सूचना मिली थी। पुलिस ने भोवापुर गांव में योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। इसके पास से करीब 30 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह नेपाल निवासी आपूर्तिकर्ता से गांजा लेता है और वह बिहार नेपाल बॉर्डर से भारत में गांजा भेजता है। यह भी बताया कि वह बरामद गांजा सज्जन नामक एक तस्कर को बेचने जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने इसकी निशानदेही पर सज्जन को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से पुलिस को करीब 2.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद इनकी निशानदेही पर पुलिस ने बिहार-नेपाल बॉर्डर पर कई जगह छापेमारी की और आरोपी पलेंदर उर्फ फलेंदर को भी दबोच लिया।

# चिकित्सक हमेशा से आसान निशाना रहे हैं : आईएमए प्रमुख

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रमुख डॉ. आर वी अशोकन ने कोलकाता में एक चिकित्सक से दुष्कर्म एवं उसकी हत्या के मामले को लेकर युवा चिकित्सकों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के बीच कहा कि चिकित्सकों को हमेशा से आसानी से निशाना बनाया जाता रहा है और चिकित्सक समुदाय के साथ घोर अन्याय हुआ है जिसकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती है। आईएमए द्वारा एक्स पर पोस्ट किए एक बयान में डॉ. अशोकन ने मंगलवार को कहा कि भारत में शुरूआत से ही एक चिकित्सक ह्यह्यबॉण्ड प्रणाली से बंधा हुआ एक गुलाम होता है।

डॉ. अशोकन ने कहा कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेजीडेंट चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना ने देश के मेडिकल कॉलेजों में फैली सडांध को सामने ला दिया है।

# आतिशी ने शुरू किया था कच्ची कॉलोनियों में एनओसी वाला खेल, एलजी ने खत्म किया : भाजपा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी की 1731 अनधिकृत कॉलोनियों में बिजली मीटर के लिए अब किसी एनओसी की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दस वर्षों के दौरान इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को सभी सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है। दिल्ली भाजपा ने आतिशी की इस घोषणा पर जोरदार हमला बोला है। भाजपा की दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कच्ची कॉलोनियों में ठडउ वाला खेल तो आतिशी ने खुद शुरू किया था। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ह्यआतिशी मालेर्ना, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी झूठ बोलने की मशीन हैं। आतिशी मालेर्ना ने जो प्रेस वार्ता मुख्यमंत्री की है, वह दिखाता है कि राजनीति के गंदे खेल में अअढ लोग माहिर हैं। जिन कच्ची कॉलोनियों में बिजली का कनेक्शन नहीं दिया जा रहा था, वह गंदा खेल लोकसभा चुनाव से पहले आतिशी मालेर्ना ने बिजली मंत्री रहते हुए शुरू किया था। 1731 अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों को परेशान करने का काम अअढ ने शुरू किया था। वीरेंद्र सचदेवा ने आगे कहा, हमारे सांसदों ने लोकसभा चुनाव में वादा किया था कि इस समस्या का समाधान करेंगे। भाजपा सांसदों ने माननीय उपराज्यपाल वीके सक्सेना से इस मुद्दे को लेकर मुलाकात की। भाजपा सांसदों ने केंद्र सरकार से आग्रह कर रोक हटवाई। जिन बिजली कंपनियों ने कालोनियों में एनओसी को बाध्य किया था, वे सभी आप के पॉवर डिस्कॉम की हैं और आप के मातहत आती हैं। आखिरकार केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद यह रोक हटी। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- केंद्र सरकार की मदद के बाद ही 6 अक्टूबर को बुराड़ी में कच्ची कॉलोनियों के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार भी प्रकट किया था। 6 अक्टूबर की तारीख को याद कर लीजिएगा। आतिशी मालेर्ना, झूठ बोलने और काम करने में बहुत फर्क होता है। कच्ची कॉलोनियों की लड़ाई भाजपा ने लड़ी। इन कालोनियों को नियमित करने की घोषणा माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने की। दिल्ली वासियों ने आपके चरित्र को जान लिया है। आप केवल दिल्ली को ठगने, लूटने और स्वार्थपूर्ति के लिए आए हैं।

# नृत्य महोत्सव शुरू, मीरा की प्रस्तुति ने मन मोहा

नई दिल्ली। संगीत नाटक अकादमी की ओर से पहला अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सव बुधवार को राजधानी में शुरू हुआ। आयोजन के पहले दिन कृष्ण भक्ति में लीन मीरा के जीवन, प्रेम और भक्ति के विभिन्न आयामों को दशार्ती नृत्य नाटिका को देख दर्शक भाव विभोर हो गए। एनएएससी परिसर के एपी शिंदे सिम्पोजियम हॉल पूसा में छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव भारतीय नृत्य की भव्य परंपरा के साथ दुनिया भर के कलाकारों, विद्वानों और प्रथागत कलाकरों को एक साथ लाया जाता है। संगीत और नृत्य जीवन में खुशी और अर्थ लाते हैं, जैसे मीरा बाई के भक्ति गीतों ने किया। आज की उथल-पुथल भरी दुनिया में, जहां भू-राजनीतिक अस्थिरता और नैतिक पतन सामान्य हैं, भारत अपनी प्राचीन बुद्धि, कला और मूल्यों के माध्यम से एक सांस्कृतिक दिशा प्रदान करता है। इस दौरान कमानी सभागार में डॉ. सोनल मांनसिंह ने मीरा की प्रस्तुति दी।

# सिचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बकाया रकम दीवाली से पहले दें : पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पंचायत संघ ने आज समस्त रिटायर्ड कर्मचारी युनियन सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग दिल्ली द्वारा अपनी मांगों को लेकर मुख्य अभियंता सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग कार्यालय पर धरना दिया उसको समर्थन दिया।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि उनकी मांगों को दिवाली से पहले पूरा किया जाए वरना हम इनके आंदोलन को पुरा समर्थन देंगे। पंचायत संघ ने कहा की सीपीडब्ल्यूडी मैन्युअल के हिसाब से सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्ग को समान काम समान वेतन के हिसाब से वेतन मिलना चाहिए था। विभाग ने कनिष्ठ अभियंता व उससे बड़े अधिकारियों को लाभ वर्ष 1996-97 से देना शुरू कर दिया था। लेकिन कनिष्ठ अभियंता के नीचे के सभी कर्मचारी वर्ग को इससे वंचित रखा गया। जिसको लेकर वे कैट व माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में जाना पड़ा। वहां से विभाग को इनका बकाया लाभ राशि तुरंत देने का आदेश हुआ। उसके उपरांत भी संबंधित अधिकारियो ने इनको लाभ देने से वंचित रखा। कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों का निधन भी हो गया। इसलिए विभाग को उनके परिवार को सुचित कर उनका बकाया लाभ राशि तुरंत देनी चाहिए।

यूनियन के संयोजक उपल सिंह व अध्यक्ष ओम दत्त ने कहा कि हमारी मांगों को दिवाली से पहले पूरा किया जाए। और विभाग के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्ग को सभी प्रकार के लाभ दिए जाएं। जो कैट के आदेश नङ्क उअ ठङ्क.723/2021 आदेश का पालन चार साल बाद भी नही हो रहा है।दूसरा माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली के दिनांक 30/4/2024 आदेश के तहत उढहऊके मेन्यूवल के तहत ही समान कार्य समान वेतन मिलना चाहिए था। जिनके आदेश की भी अवहेलना की जा रही है।

अध्यक्ष व संयोजक ने आज मुख्य अभियंता से मुलाकात की जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया की सभी को दिवाली से पहले लाभ राशि दे देंगे तब तक अपने धरने को स्थगित कर दें। अध्यक्ष ने कहा हम लगातार 25 से 30 वर्षों से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। विभाग द्वारा हमारे साथ दोयम दर्जे का व्यवहार व लाभ राशि से वंचित रखने का काम किया गया है जो बर्दाश्त नहीं होगा। दिवाली से पहले हमें हमारे अधिकार के तहत लाभ राशि नहीं दी तो हम अपने परिवारों सहित मुख्यअभियंता कार्यालय पर धरना देंगे। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने सीपीडब्ल्यूडी मैनुअल के हिसाब से सिंचाई विभाग के समस्त कर्मचारियों को समान काम समान वेतन ना मिलने पर रोष प्रकट किया है। दिल्ली देहात गांवों के सैकड़ो परिवार इससे जुड़े हुए हैं। जिनको समय रहते यह लाभ राशि मिल जाती तो वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छी सुविधा दे सकते थे। इसलिए जिन अधिकारियों की वजह से इनको वंचित रखा गया उनके खिलाफ जांच कराकर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।पंचायत संघ ने माननीय उपराज्यपाल दिल्ली व संबंधित मंत्री दिल्ली सरकार से इसपर कार्रवाई करने की मांग की है कि जल्द दीवाली से पहले सभी को उनका बकाया लाभ रकम दिलाएं।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना – ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 32-W-BR-53-73-SIDEPATHWAY Date 15.10.2024 | अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार के ब्रिज नंबर – 53 SL (1x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 73 SL (8x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 79 SL (1x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 87 SL (4x18.30 मीटर, ब्रिज नंबर – 89 SL (3x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 90 SL (5x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 91 SL (4x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 92 SL (8x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर– 93 SL (4x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 96 SL (3x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 98 SL (3x18.30+2x9.15 मीटर) और ब्रिज नंबर – 99 SL (3x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर – 155 SL (1x45.70 मीटर) के साइड पाथवे का प्रावधान | ₹ 2,98,66,583.93 | ₹ 2,99,300/- | 8 महीने | दिनांक 08.11.24 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात् |
| 2. | 32-W-BR-3-5-SIDEPATHWAY Date 15.10.2024 | अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार बीई – सीएच सेक्शन में ब्रिज नंबर – 3 SL (3x18.30 मीटर) और ब्रिज नंबर – 05 SL (33x17.10 + 1x22.0) के साइड पाथवे का प्रावधान, ब्रिज नंबर – 996यूपी (1x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर 997 (1x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर– 1021UP (4x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर– 1021DN (4x18.30 मीटर) एलकेओ – बीई सेकंड में और ब्रिज नंबर – 158 SL (2x30.50 मीटर) एमबी डिवीजन पर ओएन–बीएलएम सेक्शन पर साइड पाथवे का प्रावधान | ₹ 3,92,54,400.77 | ₹ 3,46,300/- | 8 महीने | दिनांक 08.11.24 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात् |
| 3. | 32-W-BR-1032-1038-MB, Date 15.10.2024 | अधिशाषी अभियंता पुल लाइन मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में ब्रिज नंबर 1032 UP (1X27.85 मीटर) के क्रॉस गर्डर और स्ट्रिंगर गर्डर के बदलना और नी के एंगल, नी गस्सेट प्लेट, स्टिफ़नर एंगल स्पैन बीयरिंग स्थान को मजबूत करने और ब्रिज नंबर 1038 UP और DN (4x18.30 मीटर) स्पैन के टॉप फ्लैंज कवर प्लेट, ब्रेसिंग और गसेट प्लेट को मजबूत करने और ब्रिज नंबर – 1038 UP (4x18.30m), ब्रिज नंबर – 1038DN (4x18.30m), ब्रिज नंबर – 1126DN (1x18.30m+3x12.20m+1x6.10m), ब्रिज नंबर – 1127DN (1x18.30m) और ब्रिज नंबर – 1131DN (1x18.30 मीटर + 1x15.25 मीटर) बरेली – मुरादाबाद सेक्शन पर साइड पाथवे का प्रावधान | ₹ 2,41,62,311.20 | ₹ 2,70,800/- | 8 महीने | दिनांक 08.11.24 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात् |

नोटः उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 3205/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार, 17 अक्टूबर, 2024

# दिवाली से पहले जहरीली हुई दिल्ली की हवा, आनंद विहार में 400 के पार पहुंचा अदक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी में आकाश में आंशिक बादल छाए हुए हैं। इस वजह से पिछले दिन के मुकाबले बुधवार को तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही हवा की गति कम होने के कारण एयर इंडेक्स एक बार फिर 200 के पार पहुंच गया है। इस वजह से दिल्ली में एक दिन की थोड़ी राहत के बाद बुधवार को दोबारा हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार बुधवार सुबह दिल्ली का एयर इंडेक्स 213 रहा, जो खराब श्रेणी में है। इसके एक दिन पहले दिल्ली का एयर इंडेक्स मध्यम श्रेणी में 198 था।

आनंद विहार में गंभीर श्रेणी में हवा की गुणवत्ता

आनंद विहार में लगातार दूसरे दिन एयर इंडेक्स 400 से अधिक बना हुआ है। सुबह में वहां का एयर इंडेक्स 433 रहा, जो गंभीर श्रेणी में है। ऐसे में आनंद विहार अभी दिल्ली में सबसे अधिक प्रदूषित है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में अगले दो दिन हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रहेगी।

बृहस्पतिवार से साफ रहेगा आकाश

दूसरी ओर बुधवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आकाश में आंशिक बादल होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। बृहस्पतिवार से आकाश साफ रहेगा।

ग्रेप-एक के नियम कड़ाई से होंगे लागू दिल्ली में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार ने ग्रेप-एक के नियम सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। इस बाबत मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री आतिशी ने उच्चस्तरीय बैठक कर मौजूद हालातों की समीक्षा की।

सरकार ने फैसला लिया कि धूल प्रदूषण रोकने के लिए 99 टीमें सरकारी और निजी निर्माण स्थलों का निरीक्षण करेंगी। इसमें डीपीसीसी, राजस्व विभाग और उद्योग विभाग की 33-33 टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें रोज अपनी रिपोर्ट ग्रीन वार रूम, पर्यावरण मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजेंगी।

324 एंटी स्मॉग गन लगाएंगी एजेंसियां

विभिन्न एजेंसियां राजधानी में 324 एंटी स्मॉग गन लगाएंगी। इनमें पीडब्ल्यूडी 200, डीएमआरसी 80, एमसीडी 30 और आरआरटीएस 14 एंटी स्माग लगाएगा। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी, एमसीडी समेत सभी विभागों को सड़कों की मरम्मत का काम जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से कार पूलिंग करने, पटाखे व कूड़ा न जलाने और प्रदूषण की सूचना ग्रीन दिल्ली एप पर देने की अपील की है। समीक्षा बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि एक्यूआई बढ़ने के कारण सोमवार शाम से दिल्ली में ग्रेप-एक लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि मलबा हटाने के लिए एमसीडी की 79 टीम दिन और 75 टीम रात में काम करेंगी। इसके अलावा खुले में कचरा जलाने से रोकने के लिए दिन और रात के लिए 116-116 टीमें तैनात रहेंगी।

# महिला को मलेशिया भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार



नई दिल्ली। नौकरी के लिए एक महिला को अवैध रूप से मलेशिया भेजने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब महिला वापस दिल्ली एयरपोर्ट लौटी। इस मामले में पुलिस ने राजू नामक एजेंट को अमृतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 2.5 लाख रुपये लेकर महिला को विदेश भेजा था। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार, बीते 17 जनवरी को पंजाब निवासी संदीप कौर थाइलैंड से आईजीआई एयरपोर्ट लौटी थीं। इमिग्रेशन ने देखा कि उसके पासपोर्ट पर मलेशिया के आने-जाने की फर्जी मुहर लगी हुई है। जांच में केवल उसके भारत से थाइलैंड जाने का रिकॉर्ड पाया गया। इस बाबत मामला दर्ज कर आरोपी यात्री को गिरफ्तार किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि अपनी एक दोस्त के माध्यम से वह राजू नामक एजेंट से मिली थी। उसने 2.5 लाख रुपये में उसे डंकी रूट से मलेशिया भेजने का वादा किया। रुपये लेने के बाद राजू ने उसके लिए टिकट और वीजा का बंदोबस्त किया। संदीप कौर फरवरी 2023 में थाइलैंड गई, जहां से उसे एजेंट ने डंकी रूट के माध्यम से मलेशिया भेज दिया। वहां एजेंट ने उसके पासपोर्ट पर मलेशिया आने एवं जाने की फर्जी मुहर लगाई। एजेंट ने वहां उसकी नौकरी भी लगवाई थी, लेकिन कुछ महीने बाद उसे निकाल दिया गया। इस मामले में कई महीने से फरार राजू को पुलिस ने अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि वह लगभग 10 साल पहले मलेशिया गया था। वहां कुछ एजेंट से मिला और भारत आने के बाद कबूतरबाजी करने लगा।

# सेंट्रल दिल्ली छिनता था गोल्ड चेन और मोबाइल

संवाददाता



सेंट्रल दिल्ली के अलग-अलग थाना इलाकों में महिलाओं से गोल्ड चेन और मोबाइल लूटने वाले दो शातिर लुटेरे को स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान दीपक उर्फ गुड्डू और उसके साथी अंशु के रूप में हुई है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि गोल्ड चेन लूटने के मामले में जांच कर रही स्पेशल स्टाफ की टीम को जानकारी मिली थी जिसमें पता चला कि हाई स्पीड वाली बाइक केटीएम ड्यूक पर दो लड़के गोल्ड चैन और मोबाइल बेचने के लिए आने वाले हैं।

इस इनफॉर्मेशन पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर दीपक, अरकयजुविंदर की टीम ने वहां पर ट्रैप लगाया और गांधी मार्केट गोल चक्कर के पास इन दोनों को ट्रैक कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों की पहचान हुई और उनके पास से गोल्ड चैन, ड्यूक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पता चला कि दीपक उर्फ गुड्डू पहाड़गंज का रहने वाला है। जबकि दीपक उर्फ अंशु नबी करीम का है।

# 14 मामलों में शामिल, ड्राइ डे के लिए लाई थी शराब

संवाददाता



द्वारका जिला के एंटी नारकोटिक सेल की टीम में शराब तस्करी के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मनीष के रूप में हुई है यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है। डाबड़ी सहित अलग-अलग थाना में कई मामले दर्ज हैं। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि यह गिरफ्तार आरोपी राजापुरी इलाके का रहने वाला है। पहले से 14 मामलों में शामिल रहा है।

इसके पास से इंस्पेक्टर सुभाष चंद की टीम ने 269 क्वार्टर और 180 बोतल बरामद किया गया है। जो अलग-अलग ब्रांड के थे। यह शराब हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य था। पूछताछ में बताया कि आरोपी ने बताया की आने वाले समय में ड्राई डे को लेकर यह शराब की खेप इकट्ठा कर रहा था। लेकिन इसकी सूचना पुलिस टीम को मिल गई और उस सूचना के आधार पर राजपुरी के गली नंबर 40 में इसे शराब के साथ पकड़ा गया।

# दिल्ली मेट्रो के स्टेशनों पर अब मिलेगा नया फीचर, किसी मुश्किल में हों तो तुरंत स्कैन करें दफकोड

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली मेट्रो में सफर के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर यात्रियों को अपनी बात डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल निगम) तक पहुंचाने व शिकायत दर्ज कराने के लिए परेशान होने या हेल्पलाइन पर कॉल करने करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बल्कि मेट्रो स्टेशनों पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर यात्री आसानी से डिजिटल फीडबैक बुक में अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। वहीं, डीएमआरसी भी शिकायतों व यात्रियों से मिले सुझाव पर तुरंत कार्रवाई करेगा। खास बात यह है कि यात्रियों को यह पता चल सकेगा कि उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं। डीएमआरसी ने पिछले अक्टूबर को एक डिजिटल फीडबैक बुक जारी किया है। एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 386 किलोमीटर है और 286 मेट्रो स्टेशन हैं।



डीएमआरसी का कहना है कि इस डिजिटल फीडबैक बुक के इस्तेमाल के लिए ज्यादातर मेट्रो स्टेशनों पर कस्टमर केयर काउंटर पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। कुछ स्टेशनों पर अभी क्यूआर कोड लगाने का काम बाकी है, जो अगले कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। क्यूआर कोड से ऐसे करें शिकायत बताया गया कि क्यूआर कोड (दफकड्ढ) स्मार्ट फोन से स्कैन करते ही डिजिटल फीडबैक बुक का लिंक मोबाइल पर खुल जाएगा। इसके माध्यम से यात्री मेट्रो में सफर के दौरान आने वाली परेशानियों से संबंधित शिकायतें, मेट्रो की सेवाओं में सुधार के लिए सुझाव व अपनी प्रतिक्रिया हिंदी व अंग्रेजी में से किसी भी भाषा में दर्ज करा सकते हैं।

ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड रिचार्ज और यूपीआई से किराया भुगतान से संबंधित शिकायत होने पर उसे वर्गीकृत भी किया जा सकेगा। साथ ही यात्री अपनी शिकायतों से संबंधित दस्तावेज, भुगतान की पर्ची, स्क्रीनशॉट, फोटो इत्यादि भी अपलोड कर सकेंगे।

कार्रवाई का भी पता चल सकेगा

डीएमआरसी के अनुसार, शिकायतें दर्ज करने के बाद यात्रियों को एक विशेष शिकायत नंबर भी जारी किया जाएगा। जिसके माध्यम से यात्री पता कर सकेंगे कि शिकायतों पर कब तक कार्रवाई होगी या क्या कार्रवाई हुई। इस डिजिटल फीडबैक बुक को डीएमआरसी ने अपने केयर (कस्टमर एप्लिकेशन फार रीलेशनशिप एंड इंगेजमेंट) से भी जोड़ा है।

वहीं, इसमें अब तक करीब 500 यात्रियों ने अपनी शिकायतें व सुझाव दर्ज कराई है। जिसमें ज्यादातर शिकायतें ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड रिचार्ज कराने में आने वाली समस्या को लेकर है। इसके अलावा मेट्रो स्टेशनों पर एस्केलेटर खराब होने को लेकर भी यात्री शिकायत देते हैं। इसके अलावा सुविधाओं में सुधार के लिए यात्री कुछ सुझाव भी भेज रहे हैं।

# अपहरण और हत्या के मामले में आरोपी को जमानत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- याचिकाकर्ता को अनिश्चित काल के लिए सलाखों के पीछे रखना विवेकपूर्ण नहीं होगा।

नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने नवंबर 2019 में ग्रेटर कैलाश में संपत्ति के लिए एक व्यक्ति के अपहरण व हत्या के मामले में एक आरोपी को नियमित जमानत दे दी है। आरोपी दिसंबर 2019 से हिरासत में है। न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने आरोपी हितेश प्रताप सिंह चौहान को हिरासत में उसके अच्छे आचरण, उसके लंबे समय तक जेल में रहने और मामले में साक्ष्य के चरण में होने तथा सभी महत्वपूर्ण गवाहों की जांच होने पर विचार करते हुए जमानत दी।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उपरोक्त के मद्देनजर और इस मामले में सुनवाई में कुछ समय लगने की संभावना है। याचिकाकर्ता को अनिश्चित काल के लिए सलाखों के पीछे रखना विवेकपूर्ण नहीं होगा। यह न्यायालय याचिकाकर्ता को जमानत देने के लिए उपयुक्त मामला पाता है। आरोपी याचिकाकर्ता ने मामले में नियमित जमानत के लिए याचिका दायर की थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को सत्र अदालत की संतुष्टि के अधीन 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि मूल्य के एक जमानती के आधार पर रिहा करने के आदेश दिए जा रहे हैं।

ग्रेटर कैलाश-1 थाने में दर्ज इस मामले में आरोपी के पिता को भी गिरफ्तार किया गया था। मामले में अपहरण, हत्या, सबूत नष्ट करने एवं आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 16 नवंबर, 2019 को शशि किरण शर्मा नामक एक व्यक्ति पुलिस स्टेशन आया और उसने बताया कि उसका भाई अरुण कुमार शर्मा 15 नवंबर, 2019 को गुरुग्राम में एक अदालत की सुनवाई में शामिल होने के लिए अपने घर से निकला था। उसे एम.जी. रोड मेट्रो स्टेशन पर अपने वकील से मिलने जाना था, लेकिन वह तब से लापता है। शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 365 (अपहरण) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पता चला कि अरुण शर्मा और ऋषि राज पाल सिंह चौहान एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। शिकायतकर्ता ने कहा था कि 2009 में उनके बीच मतभेद पैदा हो गए और दोनों ने संपत्ति पर स्वामित्व का दावा किया था। यह विवाद उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गया। सितंबर 2019 में उच्चतम न्यायालय ने मृतक अरुण शर्मा के पक्ष में आदेश पारित किया।

15 नवंबर 2019 को उक्त संपत्ति के संबंध में निष्पादन कार्यवाही गुरुग्राम अदालत के समक्ष सूचीबद्ध की गई थी। आगे की जांच के दौरान पीड़ित के घर के आसपास के कुछ घरों के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्धों और एक सफेद महिंद्रा स्कॉर्पियो कार की तस्वीरें कैद हुई थीं। महिंद्रा स्कॉर्पियो कार का पंजीकरण नंबर फर्जी पाया गया क्योंकि यह नंबर किसी अन्य कार का था। इसके अलावा सह-आरोपी ऋषि राज पाल सिंह चौहान और हितेश चौहान को पूछताछ के लिए बुलाया गया। इस दौरान उन्होंने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोप है कि जांच से पता चला है कि उन्होंने अरुण शर्मा का अपहरण करने और उसे खत्म करने के लिए तीन लोगों अमेत विक्रम छाबड़ा, प्रियांक खन्ना (उर्फ प्रिंस) और साहिल कुमार बंटी को शामिल किया था।

# चार साल पुराने मामले में था फरार, उत्तम नगर में गिरफ्तार

संवाददाता



उत्तम नगर थाना की पुलिस टीम ने एक मामले में वांटेड चल रहे भगोड़ा को गिरफ्तार किया है। जिसकी तलाश लगभग 4 साल पुराने मामले में मोहन गार्डन थाना की पुलिस टीम को थी। इसके खिलाफ फोर्नर एक्ट के तहत भी मामला दर्ज था। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपी नाजीरियाई मूल का रहने वाला है। यह कोर्ट में चल रहे मामले से फरार चल रहा था। उत्तम नगर एसएचओ राजेश कुमार की टीम को इसके बारे में जानकारी मिल गई। उसी जानकारी के आधार पर इसको पकड़ा गया। द्वारका कोर्ट ने भी भगोड़ा घोषित कर दिया था।

# एंटी ऑटो थेफ्ट स्वाद की टीम की गिरफ्त में शातिर आरोपी

संवाददाता



पश्चिमी जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने मोबाइल छीनने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पांच मोबाइल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजू उर्फ लक्की के रूप में हुई है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया की एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष चौधरी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया था। जानकारी मिलने के बाद इसे पकड़ा गया, यह मूलतः सदर बाजार का रहने वाला है। जो मोबाइल बरामद किए गए वह जनकपुरी, मोतीनगर, पंजाबी बाग, राजौरी गार्डन, प्रसाद नगर थाना इलाके से चुराए गए थे।

# पुरानी रंजिश में चाकू से गोदकर युवक की हत्या, छह पकड़े

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली । विकासपुरी इलाके में पुरानी रंजिश में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय संजय के रूप में हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। इसके अलावा पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को जब्त कर उनकी जांच कर रही है। स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम व एफएसएल की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया और टीमों ने मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। वारदात के बाद पुलिस ने इसमें शामिल छह लोगों को हिरासत में ले लिया है और इनसे पूछताछ कर रही है। मृतक के परिवार ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से झगड़ा चल रहा है। इसी के चलते दशहरे वाले दिन भी मृतक व उसके दोस्तों का आरोपियों से झगड़ा हुआ था और इसी रंजिश में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पुरानी रंजिश में चाकू से गोदकर युवक की हत्या



नई दिल्ली। विकासपुरी इलाके में पुरानी रंजिश में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान संजय (24) के रूप में हुई है। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को जब्त कर उसकी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम और एफएसएल की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। जांच के क्रम में पुलिस ने इसमें शामिल छह लोगों को हिरासत लिया है और इनसे पूछताछ कर रही है। उधर, मृतक के परिवार ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से झगड़ा चल रहा है। इसी के चलते दशहरे वाले दिन भी संजय और उसके दोस्तों का आरोपियों से झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्रवीर के अनुसार, संजय विकासपुरी स्थित इंदिरा कैंप झुग्गी में रहता था। वह एक कंपनी में वाहन चालक था। मंगलवार की रात करीब 11 बजे विकासपुरी थाने में मामले की सूचना पीसीआर कॉल के माध्यम से मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल संजय को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि संजय अपने दोस्त मनीष के साथ इलाके में घूम रहा था। तभी कुछ लड़कों से उसका मामूली बात पर झगड़ा हो गया। इसके बाद आरोपियों ने पहले संजय की जमकर पिटाई की। इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर डाली। मनीष ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

# चोरी की बाइक समेत बदमाश धरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

लोधी कॉलोनी पुलिस ने सोमवार को गोविंदपुरी के घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस पर कुल डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और चोरी की बाइक बरामद की है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान तुगलकाबाद निवासी 28 वर्षीय अकील मलिक उर्फ अखिल के रूप में हुई है। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने दो मामले सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने इसे सीसीडी चौक, मेहरचंद मार्केट के पास पीछा कर गिरफ्तार किया।

# ड्रग्स तस्करी में फरार नाइजीरियाई नागरिक को दबोचा

नई दिल्ली । उत्तम नगर पुलिस ने मंगलवार को ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार एक भगोड़े को गिरफ्तार किया है। इसे अदालत ने 24 फरवरी को भगोड़ा घोषित किया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान नाइजीरियाई नागरिक किंग्सले इजुनाऊ उमैनम के रूप में हुई है। सात अक्तूबर को आरोपी के बारे में पुलिस को सूचना मिली। पता चला कि वह उत्तम नगर के कबाड़ी रोड के पास आने वाला है। पुलिस ने वहां आरोपी को दबोच लिया।

# 17 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 17 आपराधिक मामलों में शामिल एक घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश को सुल्तापुरी और निहाल विहार में हुए लूटपाट के मामले में भगोड़ा भी घोषित किया गया था। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी अभिषेक उर्फ सिलेंडर उर्फ नरेंद्र सुल्तानपुरी का रहने वाला है। आरोपी गलत संगत में पड़कर स्मैक और गांजा जैसे नशे का आदी हो गया। इसके लिए वह लूटपाट, चोरी और झपटमारी जैसी आपराधिक गतिविधियां करने लगा था।

# वोलोफिन की इंडिया एक्जिम फिनसर्व के साथ रणनीतिक साझेदारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारत, 16 अक्टूबर, 2024: भारतीय निर्यात-आयात बैंक (इंडिया एक्ज़िम बैंक) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इंडिया एक्ज़िम फिनसर्व आईएफएससी (क्क्रढ्ढउ) प्राइवेट लिमिटेड ने भारतीय निर्यातकों के रिसीवेबल्स से जुड़े फाइनेंस सॉल्युशन प्रदान करने के लिए वोलोफिन के साथ भागीदारी की है। यह भागीदारी उन एसएमई निर्यातकों का समर्थन करेगी, जो देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और यह महत्वपूर्ण ट्रेड फाइनेंस गैप्स को दूर करेगी और भारत और उसके ट्रेड पार्टनर्स के बीच बढ़ते ओपन अकाउंट ट्रेड को सक्षम करेगी। न्यू इंडिया एश्योरेंस क्रेडिट इंश्योरेंस पार्टनर है, जिसे एट्रैडियस (दुनिया के सबसे बड़े क्रेडिट बीमाकताओं में से एक) से रीइंश्योरेंस सपोर्ट मिला हुआ है। यह गिफ्ट सिटी से पहली बैंक पॉलिसी के साथ नई पहल का नेतृत्व कर रहा है। इंडिया एक्ज़िम फिनसर्व के एमडी और सीईओ हिरवा ममतोरा ने कहा, हम देश के विकास इंजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय निर्यातकों का समर्थन कर भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के मिशन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस समय छोटे बिजनेस को अपनी विकास यात्रा में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वोलोफिन के साथ हमारी साझेदारी हमें अपने मौजूदा नेटवर्क के साथ एसएमई निर्यातकों और आयातकों तक पहुँचने में मदद करेगी और यह बिजनेस फेसिलिटेटर के रूप में कार्य करेगी। हम गिफ्ट सिटी से अपनी तरह की पहली ट्रेड फाइनेंस बीमा पॉलिसी प्रदान करने में न्यू इंडिया एश्योरेंस से प्राप्त समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। बिजनेस इंश्योरेंस पॉलिसी की उपलब्धता से हमें अपने फैक्टरिंग आउटरीच का विस्तार करने और भारत से विशेष रूप से एसएमई सेग्मेंट से निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वोलोफिन के सह-संस्थापक और सीईओ रोशन शाह ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी ट्रेड फाइनेंस में क्रांति लाने और एसएमई को सशक्त बनाने के वोलोफिन के मिशन में विश्वास को प्रदर्शित करती है। हम निर्यातकों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसका लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि उनके बिजनेस और भौगोलिक पहुंच का विस्तार किया जा सके। साथ ही ट्रेड फाइनेंस के अंतर को पाटा जा सके जो छोटे बिजनेस के विकास में बाधा डालता है। यह सहयोग हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह हमारे लक्ष्य के साथ पूरी तरह से तालमेल बिठाता है। हम इस साझेदारी के लिए इंडिया एक्जिम फिनसर्व और एट्राडियस की टीम को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हैं। न्यू इंडिया एश्योरेंस - गिफ्ट सिटी की मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक रीता मिश्रा ने कहा, हम गिफ्ट सिटी भारत में पहली ट्रेड क्रेडिट बीमा पॉलिसी में सबसे आगे होने को लेकर उत्साहित हैं, जो न्यू इंडिया एश्योरेंस में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम इस उपलब्धि के लिए हमारे रीइंश्यूरर एट्रैडियस के समर्थन को भी स्वीकार करना चाहेंगे। हमें विश्वास है कि इंडिया एक्ज़िम फिनसर्व के साथ यह साझेदारी एक दीर्घकालिक सहयोग में विकसित होगी। एट्रैडियस के कंट्री हेड और सीईओ इंडिया अरुण सुंदरराजन ने कहा, हमें इंडिया एक्ज़िम फिनसर्व, वोलोफिन और न्यू इंडिया एश्योरेंस के साथ इस विजयी टीम का हिस्सा होने और गिफ्ट सिटी में इस पहली बैंक पॉलिसी को एक साथ लाने पर खुशी है, जो आगे की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव बनेगी। यह साझेदारी निर्यातकों को महत्वपूर्ण रूप से समर्थन देगी और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में भूमिका निभाएगी।

डीटीसी कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह करीब 14 साल से कॉन्ट्रैक्ट बेस पर नौकरी कर रहे हैं

# वेतन वृद्धि व अन्य मांगों को लेकर डीटीसी कर्मचारियों का मुख्यालय पर प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आईपी डिपो स्थित दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (डीटीसी) के मुख्यालय पर सैकड़ों कर्मचारी बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ प्रदर्शन शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसमें डीटीसी के चालक-परिचालक व अन्य कर्मचारी शामिल हैं। इन कर्मचारियों ने बताया कि कम वेतन मिलने के कारण वह अपना परिवार नहीं चला पा रहे हैं। वह अपने बच्चों की स्कूल की फीस भी नहीं जमा कर पा रहे हैं। इसके अलावा कर्मचारियों का तबादला दूर-दूर कर दिया जा रहा है, जिससे वह काफी परेशान हैं। आरोप है कि उन्हें नौकरी छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है।



डीटीसी कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह करीब 14 साल से कॉन्ट्रैक्ट बेस पर नौकरी कर रहे हैं। अभी तक उन्हें परमानेंट नहीं किया गया है। उन्हें 816 रुपये प्रतिदिन का वेतन मिलता है, लेकिन इतने पैसों से घर नहीं चलता। हम परमानेंट नौकरी की मांग कर रहे हैं। वहीं डीटीसी में कंडक्टर आशीष ने कहा कि 15 साल से लोग संविदा पर नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक परमानेंट नहीं किया गया। जो वेतन 816 रुपये प्रतिदिन मिलता है, वह करीब 1500 होना चाहिए। साथ ही टीए और डीए भी मिलना चाहिए। डीटीसी में चालक सुरेश कुमार ने कहा कि वेतन इतना काम है कि हम अपने बच्चों की फीस तक नहीं जमा कर पा रहे हैं। हम संविदाकर्मी, स्थाई कर्मचारियों से ज्यादा काम करते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी वेतन कम मिलता है। उधर डीटीसी में चालक ललित ने कहा कि समान कार्य के लिए समान वेतन मिलना चाहिए, या तो कर्मचारियों को परमानेंट किया जाए। वहीं डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के महासचिव मनोज शर्मा ने कहा कि हमारी मांग समान काम समान वेतन है। साथ ही उन चालकों का भविष्य सुनिश्चित किया जाए जो 20 से 25 साल से यहां काम कर रहे हैं।

दिल्ली में 2,000 इलेक्ट्रिक बसें विभिन्न डिपो से संचालित की जाती हैं। रोहिणी और बुराड़ी डिपो से संचालित की जाने वाली इलेक्ट्रिक बसों के चालकों को पिछले कई महीने से वेतन नहीं मिला है। ऐसे में उन्होंने पूरी तरह से काम बंद कर दिया है। यूनियन के महासचिव मनोज शर्मा ने बताया कि चालक सड़क पर बस लेकर नहीं निकल रहे। ऐसे में सड़कों पर बसों की कमी देखी जा रही है और इसका असर यात्रियों पर पड़ रहा है।

डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के बैनर तले कर्मचारी डीटीसी मुख्यालय पर सुबह 10 बजे से प्रदर्शन कर रहे हैं। यह प्रदर्शन शाम के पांच बजे तक चलेगा। मंच से यूनियन के पदाधिकारी ने कहा कि दिल्ली सरकार से कई बार कर्मचारियों के हितों के बारे में बात करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा पत्राचार भी किया गया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में हम एक बार फिर प्रदर्शन और ज्ञापन के जरिए अपनी मांगों को अधिकारियों और दिल्ली सरकार के सामने रख रहे हैं।

# खेलते समय कार की चपेट में आने से बच्चे की मौत

नई दिल्ली। आदर्श नगर इलाके में स्थित डीएमआरसी आवासीय परिसर में सोमवार रात को कार की चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, लोकेश कुमार डीएमआरसी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। वह पत्नी एवं दो बच्चों के साथ डीएमआरसी आवासीय परिसर में रहते हैं। दोनों बच्चों में पांच साल का भाविक छोटा था। बताया जाता है कि भाविक सोमवार रात को आवासीय परिसर में खेल रहा था। इसी दौरान अमित विश्वकर्मा अपनी कार से गुजरा और भाविक कार की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर चालक ने कार रोकी। परिजनों ने आरोपी की कार से बच्चे को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी चालक भी डीएमआरसी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है।

# गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने जबरन वसूली के एक मामले में गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को दो दिन की स्पेशल सेल की हिरासत में भेज दिया है। उसे नांगलोई इलाके में एक मिठाई की दुकान पर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। अब दीपक को 18 अक्तूबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं, अन्य आरोपी जतिन, आकाश, हरिओम और अंकेश लाकड़ा की न्यायिक हिरासत 13 दिन बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में अपराध और अवैध हथियारों की आपूर्ति का खुलासा करने और अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियारों के स्रोत की पहचान करने के लिए दीपक बॉक्सर की दो दिन की हिरासत मांगी थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### दो शराब कारोबारी को भेजा गया जेल

मुंगेर। मुफस्सिल पुलिस ने दो अलग स्थान पर छापेमारी कर दो शराब तस्कर को 7 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष ने बताया कि टीकाराम पुर के बुधन मंडल टोला के शराब कारोबारी पांडव कुमार के घर छापेमारी कर 4 लीटर देसी शराबके साथ उसे गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर सूतुरखाना के शराब कारोबार अजय चौधरी के घर छापेमारी कर 3 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में लेकर मजिस्ट्रेट के पास भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने आवेश रूप से शराब कारोबार करने वाले को नहीं बख्शा ने की बात कहां है । वहीं दूसरी और जिलेभर में अवैध महुआ शराब की कारोबार दिन रात फल फूल रहा हैं।

### नशे की हालत में एक शराबी गिरफ्तार

मुंगेर। शामपुर थाना पुलिस ने नशे की हालत में एक शराबी को मंगलवार के देर शाम गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि नशे की हालत में हंगामा कर रहे शराबी जमालपुर थाना क्षेत्र के खलासी मोहल्ला निवासी अमर कुमार को पकड़ा गया है। जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई है। प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने ले जाया गया। कोर्ट से उसे न्यायिक हिरासत में लेकर मजिस्ट्रेट ने उसे मंडल कारा मुंगेर जेल भेज दिया गया है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक हो गए जख्मी

मुंगेर। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के खड़गपुर -तारापुर मुख्य मार्ग के कैथी गांव के समीप मोटरसाइकिल सवार जानवर बचाने के क्रम में गिरकर जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक चालक असरगंज खास बाजार के संजय कुमार और भागलपुर के भिखनपुर मोहल्ला निवासी रोहित शाह जख्मी हो गए। बताया जाता है कि दोनों एक ही बाइक से हवेली खड़गपुर आ रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों युवक को निजी क्लीनिक पहुंच दिये। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए उसे भागलपुर ले गए हैं।

### जमीन बंटवारा को लेकर दंपति के साथ कि गई मारपीट

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के फोक्सा गांव में मकान बनाने को लेकर जमीन में बंटवार के विवाद दो भाईयों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से दंपति घायल हो गया। घायल दंपति की पहचान पंकज यादव और उसकी पत्नी सिंकी देवी के रूप में हुई है। घायल दंपति को डायल 112 की पुलिस की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने घायल दंपति का इलाज किया। घायल सिंकी देवी ने बताया कि मकान बनाने को लेकर जमीन का बंटवारा के विवाद पर देवर सुरेश यादव मेरे पति के साथ झगड़ा कर रहा था जिसके बाद देवर ने मेरे पति के उपर साबल से वार कर घायल कर दिया और उसके बाद गोतनी गर्म भात फेंक दिया साथ ही साथ मेरी सास मुन्ना देवी ने भी मारपीट करने लगा जब मैं अपने पत्नी को बचाने के लिए गई तो मेरे साथ ईट पत्थर से वार करते हुए मारपीट किया।

### सड़क दुर्घटना में अस्पतालकर्मी हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] मंगलवार की शाम को सोहजाना के निकट रेफरल अस्पताल से कार्य कर अपने घर सोनो जा रहे अस्पतालकर्मी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घायल अस्पतालकर्मी की पहचान अस्पताल में एक्स रे संचालक अवधेश कुमार के रूप में हुई है। अस्पताल के अन्य कर्मी को घटना की जानकारी मिलने पर अस्पतालकर्मी एंबुलेंस लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर घायल अस्पतालकर्मी को उठाकर अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने उसका इलाज किया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल कर्मी ने बताया कि सड़क पर मकान बनाने को लेकर गिटटी गिरा हुआ था जहां अचानक बाइक अनियंत्रित हो गया जिससे एक्सीडेंट हो गया।

### अवैध तरीके से चल रहे दवा की दुकान के खिलाफ आवाज उठाने पर केमस्टि एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष को मिला रंगदारी देने की धमकी

जमुई [ झाझा ] निजी क्लिनिक में अवैध तरीके से चल रहे दवा की दुकान के खिलाफ आवाज उठाने पर केमस्टि एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष से निजी क्लिनिक के संचालक के द्वारा अध्यक्ष से दस लाख रूपए मांगे जाने का मामला सामने आया है जबकि संचालक के द्वारा अध्यक्ष एवं अन्य तीन लोगों पर मारपीट करने तथा छिनतई करने का आरोप लगाया है। दोनो पक्षों की ओर से थाना में आवेदन दिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष पिपराडीह निवासी सुरेश यादव ने बताया कि बजरंग चौक के पास संजीत बरनवाल के द्वारा चलाए जा रहे क्लिनिक में अवैध दवा की दुकान की शिकायत मिल रही थी जिसपर उसे मंगलवार को फोन करके बुलाया तो उसने टीवी का पत्रकार बताते हुए ।

# राज्यस्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता में +2 बालिका उच्च विद्यालय झाझा के छात्रों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

- रोल प्ले प्रतियोगिता पटना में हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देश पर राज्य स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन पटना में किया गया आयोजन।रोल प्ले प्रतियोगिता में +2 बालिका उच्च विद्यालय झाझा के छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत राज्य स्तरीय व्याख्याता ने इसकी शुरूआत की।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर से चयनित प्रतिभागियों द्वारा एक से बढ़कर लोक नृत्य एवं गीत संगीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही दहेज प्रथा,नशा मुक्ति,जल जीवन हरियाली पर भी चर्चा की गई।डायट प्रभारी प्रचार्य डॉ नावेद खान मुख्य संयोजक सचिन कुमार भारती,रश्मि कुमारी,श्वेता कुमारी,वंदना कुमारी,डॉ रविंद्र कुमार डाइट गिद्धौर के सभी व्याख्याता मौके पर मौजूद थे। रोल प्ले तथा लोक नृत्य प्रतियोगिता में जमुई जिला से चयनित 11 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल दिया गया। प्रथम पुरस्कार +2 बालिका उच्च विद्यालय झाझा के पूजा कुमारी,सिमरन कुमारी,प्रियांशी कुमारी कश्यप,साक्षी कुमारी,नेहा कुमारी को प्रदान किया गया।वही लोक नृत्य में चयनित श्रेया कुमारी,नंदनी कुमारी,सुरूची कुमारी,अनुप्रिया कुमारी,मुस्कान कुमारी,छोटी कुमारी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में डायट सेंटर के व्याख्याता वंदना कुमारी,श्वेता कुमारी,डाँ.सुधीर कुमार,रश्मि कुमारी सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के साथ कि गयी धन यश वैभव की देवी महालक्ष्मी की पूजा



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर । धन वैभव की देवी महालक्ष्मी की पूजा गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत उलाई नदी तट पर स्थित दुर्गा मंदिर के परिसर में दुर्गा पूजा के उपरांत धन आश्विन शुक्ल पूर्णिमा तिथि के संध्या प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा करके पूरे विधि विधान एवं नेम निष्ठा के साथ यहां सदियों से कराई जाती है। गिद्धौर के ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में धन वैभव की देवी मां महालक्ष्मी की पूजा को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर प्राण प्रतिष्ठा स्थापित कर पूजा शुरू की गई है। जानकारी के अनुसार गिद्धौर चंदेल राजवंश द्वारा सदियों से दुर्गा पूजा उपरांत आश्विन शुक्ल पूर्णिमा तिथि की संध्या बेला में धन, वैभव,यश कृति की देवी मां लक्ष्मी की पूजा प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा कर देवघर के विद्धान पंडित तांत्रिक महेश्वर चरण महाराज द्वारा पूरे विधि विधान व नेम निष्ठा के साथ कराने की परंपरा यहां सदियों से चली आ रही है। बतातें चले कि बंगाल राज्य में जिस तरह मां लख्खी की पूजा कराई जा रही है। उसी प्रकार गिद्धौर चंदेल राजवंश के शासकों द्वारा अपने राज्य के आम अवाम के सुख समृद्धि के लिए बंगाल के इस पूजा का हिन्दी रूपांतरण मां लक्खी की पूजा सदियों से गिद्धौर दुर्गा मंदिर में कराई जा रही है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में स्थापित लक्ष्मी मां की जो भक्त सच्चे हृदय से पूजा अर्चना करता है। उनकी झोली मां धन धान्य से भर देती है। इस बार भी दुर्गा मंदिर में मां लक्ष्मी की प्रतिमा आश्विन शुक्ल पूर्णिमा बुधवार के दिन प्राण प्रतिष्ठा कर पूजन प्रारंभ की गई। दुर्गा पूजा से लेकर महालक्ष्मी पूजा तक आम अवाम के लिए यहां भव्य मेला निरंतर जारी है। वहीं क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु भक्त मां के दर्शन के लिए यहां ललायित रहते हैं।

## 19 अक्टूबर को आहूत धरना प्रदर्शन सभा की सफलता हेतु चलाया जनसंपर्क अभियान, अधिक संख्या में भाग लेने का किया अपील



प्रात : किरण संवाददाता

अलौली। देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने बताया कि 19 अक्टूबर 2024 को खगरिया दक्षिणी रेलवे जंक्शन परिसर में बृद्धा विधवा विकलांग पेंशन अन्य राज्यों के तरह बिहार में 6000 रूपए मासिक करने एवं अलौली रेलवे जंक्शन तक खगड़िया से ट्रेन जल्द चालू करने तथा सफाई कर्मियों का एक डेढ़ साल से लंबित मजदूरी भुगतान करने के सवाल को लेकर धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री यादव ने बताया कि उक्त आंदोलन की सफलता हेतु अलौली में दर्जन भर स्थल पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसमें जन संघर्ष अभियान के सुभाष जोशी, फरकिया मिशन के अर्जुन शाह, सुरेश यादव सहित सरपंच रंजू कुमारी, बुधनी देवी, सीता देवी सहित दर्जनों महिला पुरुषों ने भाग लिया।

## मनरेगा और आंगनबाड़ी की समस्याओं को लेकर बीएमएस के लोगों ने बीडीओ का सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] बुधवार को मनरेगा और आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर भारतीय मजदूर संघ के सदस्य प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इस संदर्भ में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री योगेंद्र यादव ने बताया कि मनरेगा कार्य मजदूरों से नही करवाकर जेसीबी से करवाया जा रहा है जिससे मजदूरों को सरकार के द्वारा रोजगार दिए जाने का वादा खोखला साबित हो रहा है। इसके अलावे उन्होनें आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति को भी ज्ञापन में दशार्ते हुए बताया कि आज आंगनबाड़ी केंद्र क्षेत्र में सही रूप से संचालित नही किया जाता है। कागज पर केंद्र चल रहा है। साथ ही उपाध्यक्ष मदन यादव, बिहार प्रदेश बीड़ी मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री परमेश्वर यादव ने कहा कि बीड़ी मजदूरों की स्थिति भी दयनीय है बीड़ी मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी 396 रूपए है लेकिन वर्तमान समय उनलोगों को 100 रूपए भी दिया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा और आंगनबाड़ी केंद्र की समस्याओं को लेकर 18 अक्टूबर को भारतीय मजदूर संघ की एक बैठक सुनिश्चित किया गया जिसमें प्रखंड मनरेगा पदाधिकारी, सीडीपीओ का बैठक में रहना अनिवार्य है। मजदूरों को अगर अपने घर के पास रोजगार मिल जाता है तो आज यहां के मजदूर दूसरे प्रदेशों में रोजगार खोजने के लिए नही जाते। मौके पर जिलाध्यक्ष अंजू कुमारी, उपेंद्र ठाकुर, संगीता कुमारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## नृत्य प्रतियोगिता में प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय को मिला प्रथम स्थान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रोल प्ले प्रतियोगिता में इंटरनेट गैजेट का सुरक्षित उपयोग एवं मीडिया साक्षरता और लोक नृत्य प्रतियोगिता में पर्यावरण की रक्षा थीम में विद्यालय की छात्रा प्रियांशी कुमारी कश्यप, सिमरन नकुमारी, पूजा कुमारी, साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी का बेहतर प्रदर्शन रहा। जिला स्तरीय रोल प्ले तथा लोक नृत्य प्रतियोगिता 2024 में नगर स्थित प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय ने प्रथम स्थान किया है। विद्यालय को मिली सफलता में प्रेरक शिक्षक नवीन कुमार सिन्हा, अनंत कुमार, राखी कुमारी, प्रभारी प्रधानाध्यापिका राखी कुमारी, सहयोगी शिक्षक अनिल सिंह, संजय कुमार गुप्ता आदि ने छात्र-छात्राओं को आगे भी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं दिया। सफल छात्राओं की टीम अब अपने राष्ट्रीय स्तर पर अब राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

## जिला नियोजनालय मुंगेर में आयोजित किया जाएगा जॉब कैंप

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय मुंगेर के प्रांगण में गुरुवार 17 अक्टूबर को जॉब कैंप का आयोजन किया गया है। इस जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की गुजरात के एक कंपनी आमधनी प्राइवेट लिमिटेड ने कुल 35 विभिन्न पदों पर युवाओं की नियुक्ति के लिए भाग लेने आ रही है। इसकी जानकारी प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने मीडिया को दिया है। इस सम्बन्ध में कार्यालय सहायक अजय वर्मा ने बताया कि कंपनी इस जॉब कैंप में विभिन्न पदों के अनुरूप 08 वीं पास से लेकर फिटर ट्रेड के आईटीआई पास 18 से 45 उम्र सीमा तक के युवाओं को चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को पद के अनुरूप विभिन्न सुविधाओं के साथ 16225 रुपेय से लेकर 24000 रुपए तक का मानदेय देगा। उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थी के चयन होने के वाद उनका कार्य क्षेत्र गुजरात होगा। इस कैंप में भाग लेने से पूर्व अभ्यर्थी को नियोजनालय के एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंध आवश्यक का लेना अनिवार्य होगा।

## सदस्यता अभियान के लिए राजद कार्यकर्ताओं की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर( दरभंगा) ।बुधवार को प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल बेनीपुर की बैठक प्रखंड अध्यक्ष नीलांबर यादव के अध्यक्षता में कार्यालय कोठबना में आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल बेनीपुर और नगर में बुथ वार सदस्यता अभियान चलाने पर बिचार विमर्श किया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उदय शंकर यादव ने सभी सेक्टर प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पंचायत में बुथ स्तर पर दो सदस्यता भौलम दिया जाएगा। जिसके लिए दो कार्यकर्ता को चयनित कर सेक्टर स्तरीय बैठक बुलाई जाए । बैठक को विधान सभा प्रभारी राजिव कुशवाह ने संबोधित करते हुए कहा कि बेनीपुर विधान सभा में 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया जो आप तमाम सम्मानित कार्यकर्ता के सहयोग से लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में सेक्टर प्रभारी खलिकजुमा खाँ उर्फ हिरा खां, मोहम्मद बेलाल, नरेश यादव, चन्दन कुमार साफी, अजय ठाकुर, कृष्ण कुमार राम,महाननद पासवान ,विजय पासवान, बैधनाथ मुखिया, गयासुद्दीन पुर्व मुखया देवराम अमैठी, विजय यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में सभी उपस्थित कार्यकर्ता को नगर अध्यक्ष गयासउदीन उर्फ तनवीर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## भूख और भुखमरी एक वैश्विक त्रासदी और अभिशाप : डॉ. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- अंतर्राष्ट्रीय खाद्य दिवस के अवसर पर केकेएम कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में खाद्य उत्पादन भुखमरी और ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि खाद्य मानव जीवन के लिए अनिवार्य वस्तु ही नहीं, बल्कि हमारा मूल अधिकार भी है। खाद्य के बगैर संसार के मानव जीवन की कल्पना करना बेमानी है। विश्व में कुछ ऐसे देश हैं, जहां इंसान को भरपेट खाना नहीं मिलता। फलत : समृद्ध और विकसित देश खाद्य पदार्थ मुहैया कराना अपनी जिम्मेदारी समझता है। ईसमें भारत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन में 1979 में विश्व खाद्य





- संपूर्ण भारत में जीरो हंगर प्रोग्राम शुरू करना वर्तमान समय की आवश्यकता

दिवस मनाने की घोषणा की थी और 16 अक्टूबर 1981 से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता आ रहा है। भूख व भुखमरी एक वैश्विक त्रासदी और अभिशाप है। हर साल विश्व में 50 लाख बच्चों की कुपोषण और भुखमरी से हो जाती है इतना ही नहीं संसार में 50 करोड लोग भूख के कारण बीमारियों से ग्रस्त हैं। इसमें भारत भी शामिल है। इन भूखे लोगों के लिए न कोई राजा है ना रानी। अगर कुछ है तो दावानल की आग में जली हुई जिंदगानी। प्रो.पासवान ने कहा कि हमारा देश भारत आज गरीब देश को अनाज निर्यात करता है। लेकिन ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट कहती है कि भूख और भुखमरी के मामले में भारत पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका जैसे निर्धन देश से भी गंभीर स्थिति में है। रिपोर्ट के अनुसार भारत 2024 के रैंकिंग में 127 देशों में 105 वें स्थान पर है तो पाकिस्तान 109 वें,नेपाल 68वें,बांग्लादेश 84वें श्रीलंका 54वें स्थान पर हैं। मतलब भारत में भुखमरी की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट भ्रामक, भेदभाव और राजनीति से प्रेरित परिलक्षित हो रहा है। राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा की भारत उत्पादन में अग्रणी देशों में एक है। इसके बावजूद कुपोषण और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी चुनौती आज गंभीर है। उन्होंने कहा कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि भोजन या अन्न हर व्यक्ति तक पहुंचे। ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रैंकिंग में पड़ोसी देशों से कम आंकना राजनीति और भेदभाव की ओर इशारा कर रहा है। अर्थविद प्रो.सरदार राम,डॉ सत्यार्थ प्रकाश प्रो.कैलाश पण्डित प्रो. आमोद कुमार सिंह डॉ अजीत कुमार भारती आदि ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यहां खाद्य उत्पादन वर्ष 2023- 24 के दौरान 33 22.98 लाख टन हुआ था। फिर भी वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट भारत को रैंकिंग में पड़ोसी देशों से भी पीछे दिखाया गया है। यह बहुत ही चिंताजनक बात है। जबकि गरीबी के चक्रव्यूह से करोड़ों लोग तेजी से बाहर निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का अभाव, गरीबी,तथा अन्य प्राकृतिक आपदा खाद समस्या के कारण हैं। बिहार सहित पूरे देश को भूख मुक्त बनाना होगा। इसके लिए देश में जीरो हंगर प्रोग्राम प्रारंभ करने की जरुरत है। मौके अनेक शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

## वर्ग संचालन के वक्त खेलते है बच्चे आराम फरमाते है शिक्षक, शोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल



- सेवा पंचायत में बेपटरी हो रही है शिक्षा व्यवस्था जिम्मेदार बने हैं अनजान हाल मध्य विद्यालय सेवा का

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड भर में बेपटरी हो रही शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने की पुरजोर कवायद चल रही है। तो दूसरी ओर बुधवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत सेवा पंचायत के मध्य विद्यालय सेवा में प्रबंधन के लापरवाह रवैये के कारण पठन पाठन चौपट होकर रह गया है। स्कूल अवधी व वर्ग संचालन के दौरान स्कूल परिसर में छात्र छात्राएं खेलते नजर आ रहा है ।जिससे नियमित वर्ग संचालन व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सवाल उठ रहा है ।स्कूल प्रबंधन के इस करतूत का वीडियो शिक्षा समिति सचिव कंचन सिंह ने बनाकर इसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया ।जो प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों को दिए जा रहे नियमित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कि पोल खोल रहा है ।हालांकि वायरल वीडियो कि पुष्टि भास्कर नहीं करता ।वायरल हो रहे विडियो में दोपहर के दो बजे उक्त विद्यालय के सभी बच्चे अपने अपने वर्ग कक्ष में पठन पाठन के बजाय स्कूल परिसर में मस्ती करते दिख रहे है ।और क्लास रूम में एक शिक्षक आराम फरमाते भी नजर रहे है। जो उक्त विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों कि लापरवाही को उजागर कर रहा है ।बताते चलें की इन दोनो विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के कक्षा संचालन को लेकर विद्यालय प्रबंधन को कोई परेशानी न हो, इसका भी विभाग द्वारा खासा ख्याल रखा जा रहा है। और इसी को ध्यान में रखते मवि सेवा स्कूल के आधारभूत संरचना को बनाए रखने के लिए विभाग दिन रात जुटा है। बावजूद इसके उक्त विद्यालय में अब तक शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। प्रकाश रजक,प्रा.प्रधानाध्यापक,मवि सेवा विभागीय रूटीन पर ही स्कूल का संचालन किया जाता है ।कुछ शरारती बच्चे है जो कक्षा संचालन के दौरान बाहर थे ।उनके अभिभावकों को स्कूल बुलाया गया है। कंचन सिंह,सचिव शिक्षा समिति,मवि सेवा मवि सेवा में एक दर्जन शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यरत हैं,बावजूद इसके एक भी दिन रूटीन के अनुसार वर्ग संचालन नहीं किया जाता है। न ही मिशन दक्ष अभियान के तहत ही किसी प्रकार का वर्ग संचालन किया जाता है ।सभी शिक्षक स्थानीय है जिसकी वजह से यहां पठन पाठन का माहौल पूरी तरह से ध्वस्त है। शमशुल हौदा, बीईओ, गिद्धौर पूर्व में भी जांच क्रम में शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी गतिविधियों में उक्त विद्यालय में खामियां पाई गई थी। जिसपर व्यवस्था में सुधार का निर्देश विद्यालय प्रधान को दिया गया था। फिर से इस तरह का मामला संज्ञान में आया है, तो इसकी गंभीरता से जांच कर वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया जाएगा।

## असमाजिक तत्व ने शिक्षक को मारपीट कर किया अधमरा

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी( दरभंगा) ।थाना क्षेत्र के बिसहथ गांव निवासी शिक्षक हरि मोहन महतो के साथ गत 15 अक्टूबर की देर शाम मारपीट की घटना को गांव के ही कुछ अवांछित तत्वों ने अंजाम दिया है। हरि मोहन अलीनगर प्रखंड क्षेत्र की अधलोआम पंचायत के रसीदपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय में पदस्थापित हैं। बताया जाता है कि गत 15 अक्टूबर को शिक्षण कार्य के बाद विद्यालय से घर अपनी साइकिल से वापस आ रहे थे। इसी दौरान माउंबेहट गांव के सूनसान जगह में पहले से घात लगाए कुछ अवांछित लोगों ने उन्हें पकड़ कर मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और भंडारिसम से गोपालपुर जाने वाली सड़क के बीच सूनसान जगह में लाकर लाठी डंडे एवं लोहे के रॉड से मारपीट कर अधमरा कर दिया। और उन्हें आम गाछी में छोड़ कर निकल गए। मारपीट की घटना के दौरान उनकी गर्दन से एक सोने का चेन, हाथ से सोने की अंगूठी, सात हजार नगद तथा उनका मोबाइल भी लेकर भाग निकले ।शाम को घर से निकली कुछ महिलाओं ने सूनसान जगह में किसी के कराहने की आवाज सुनी तो वहां पहुंची। पहुँचने पर एक अधेड़ पुरुष को अधमरा पड़े हुए देखकर गांव के लोगों को जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने वहां पहुंच कर उससे पूछताछ कर उसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजनों ने उसे मनीगाछी स्थित पी एच सी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डी एम सी एच भेज दिया गया जहां उसकी चिकित्सा चल रही है ।घटना के संबंध में बिसहथ बथिया पंचायत के वार्ड नम्बर एक के वार्ड सदस्य और शिक्षक हरिमोहन महतो के भाई अरुण महतो ने बताया कि सामाजिक कार्यों से जुड़े उनके भाई हरि मोहन महतो गांव में विगत एक दशक से भी अधिक समय से हो रही दुर्गा पूजा समिति के सचिव हैं ।इस वर्ष दुर्गा पूजा के दौरान पूजा समिति के लोगों द्वारा अवांछित लोगों के विरोध में की गई कार्रवाई से नाराज लोगों द्वारा बदले की कार्रवाई में उनके भाई शिक्षक हरिमोहन का अपहरण कर मारपीट करके घायल कर दिया है। इस घटना में गांव के ही सुमित कामती सहित अन्य सात आठ लोग शामिल थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि घटना संज्ञान में है। शिक्षक का उपचार डीएमसीएच में किए जाने के कारण अभी तक आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अलग अलग जगहों से रेल पुलिस ने बरामद किया दो शव

जमुई [ झाझा ] झाझा नारगंजो मुख्य रेलखंड के दो दो अलग जगहों पर एक नाबालिग युवक और एक पुरूष की मौत टेज्न की चपेट में आने से हो गई है। झाझा रेलपुलिस को दोनो जगहों पर शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई जिसके बाद रेलपुलिस ने दोनो घटना स्थल से दोनो का शव अपने कब्जें में लिया। इस संदर्भ में रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि 12 बजे रजला हॉल्ट के समीप एक पुरूष का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुआ तो उक्त स्थल से शव को बरामद किया गया तो वही 3:30 बजे झाझा रेलवे स्टेशन के आउट सिंग्नल के पास एक नाबालिग लड़के का भी शव मिलने की सूचना प्राप्त हुआ तो उक्त स्थल से युवक का शव उठाया गया। रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनो जगहों से मिले शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

## बुधवार की शाम पाँच बजे एक एम्बुलेंस चालीस मिनट जाम में फंसी रही

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। दुर्गा पुजा व लक्ष्मीपुजा मेले के कारण बाजार में फिर से भीड़ ज्यादा होने के कारण सड़कों पर लोगों को ट्रैफिक की समस्या से जूझना पड़ रहा है ।हालात यह है कि लोग प्रतिदिन जाम की समस्या सें जूझ रहे है ।गिद्धौर प्रखंड के जमुई रोड़,झाझा रोड़,लार्ड मिंटो टावर चौक व कलाली रोड़ समेत प्रखंड के कमोबेश सभी बाजारों में बाजार से मुख्य बाजार के चोराहों और तिराहों पर समेत मुख्य मार्गों पर वाहनों की जाम लग जा रही है ।इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन उदासीन बने हुए है और जाम की समस्या दूर करने में नाकाम साबित होते है ।जाम की हालात यह है कि बुधवार की शाम पाँच बजे एक एम्बुलेंस चालीस मिनट जाम में फंसी रही ।गौरतलब हो कि इन बाजारों में वाहनों की पार्किंग के लिए कोई स्थान निर्धारित नही है जिसके चलते लोगों को अपने वाहनों के साथ खरीदारी के लिए बाजार में जाना पड़ता है ।इसके बाद जिसकी जहां मर्जी होती है वहां वाहनों को खड़ा कर देता है ।बेतरतीब खड़े इन वाहनों के कारण राहगीरों को प्रतिदिन परेशान होना पड़ता है ।इसी कारण जाम की स्थिति भी बनी रहती है ।सड़को पर ट्रैफिक जाम और किनारे खड़े हो रहे वाहनों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं व विवाद होने के हालात बनते रहते है ।हालात यह है कि सड़क किनारे खड़े वाहनों से अगर अन्य कोई वाहन टकरा जाता है तो विवाद की स्थिति बन जाती है ।कई बार तो विवाद इतनी अधिक बढ़ जाता है कि दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो जाती है ।लोगों का कहना है कि क्षेत्र के इन बाजारों के सड़कों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ गया है ।क्षेत्र के इन बाजार में ग्रामीण इलाकों के लोग बड़ी संख्या में इन दिनों मेला धुमने के लिए आ रहे है ।बाजार में दुपहिया वाहनों के अलावा आँटों व ट्रैक्टर समेत अन्य वाहनों का आना-जाना लगा रहता है जिनसे बाजार के इन मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने से जाम लगता है।

सम्पादकीय

## क्या उत्तर प्रदेश को बांग्लादेश बनाने की कोशिशें हो रही हैं?

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा उत्सव के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान दंगा -तनातनी -आगजनी हुई। इससे कुछ दिन पहले भी यूपी के कई और शहरों में मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद के मामले सामने आए हैं। यह सभी वारदात एक ही पैटर्न पर है जिनमें बहराइच, कुशीनगर, गोंडा, कौशांबी समेत कई जिलों में बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की आस्था से जुड़ी दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान गड़बड़ी फैलाने और उत्पात मचाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि यूपी में भी कुछ ऐसी जहरीली ताकतें मौजूद हैं जो यूपी को बांग्लादेश बनाने पर आमादा हैं। इनकी ताजा हरकतों से प्रतीत होता है कि असामाजिक ताकतें उत्तर प्रदेश में अशांति फैलाने की कोशिशें कर रही हैं। यूपी के बहराइच जिले के महाराजगंज इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान पत्थरबाजी, फायरिंग और आगजनी हुई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया और पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। यूपी के कुशीनगर जिले में मां दुर्गा की प्रतिमा ले जाते समय पथराव की खबर सामने आई जिसमें कई लोग घायल हुए और मां दुर्गा की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त कर दी गयी। मामला कुशीनगर के पडरौना नगर पालिका अंतर्गत छावनी नगर का है जहां पर मौके पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने मामले को काबू में किया। पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ केस दर्ज किया। श्रद्धालु पडरौना से प्रतिमा लेकर अपने गांव गनेशी पट्टी और भिसवा लाला जा रहे थे। इसी समय छावनी में कुछ लोगों ने छत और घरों से प्रतिमा और श्रद्धालुओं पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। लोग घायल हुए और प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हुई। जिसके बाद दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, हालांकि बाद में पुलिस ने मामले को संभाल लिया। यूपी के कौशाम्बी जिले में 12 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान गुलाल उड़ाने को लेकर दो समुदाय आपस में भिड़ गए। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में घटना में हुई झड़प देखते ही देखते विवाद में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। सूचना के बाद डीएम और एसपी कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले को काबू में किया। दरअसल, मूर्ति विसर्जन करने के लिए दुर्गा प्रतिमा लेकर निकले गांव में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने इमामबाड़ा पर गुलाल उड़ाने का आरोप लगा। इसका विरोध करते हुए दूसरे समुदाय के लोगों ने हंगामा किया फिर दोनों पक्षों में हिंसक झड़प शुरू हो गई। कई लोग घायल हुए और फिर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी भी हुई। मौके पर भारी पुलिस फोर्स भी तैनात करनी पड़ी। इससे पहले दशहरे पर देर शाम गोंडा शहर के एक इलाके में हालात तनावपूर्ण हो गए। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बड़गांव में नूरामल मंदिर के आगे तकिया मस्जिद और घोसियाना मोहल्ले करीब पत्थरबाजी शुरू हो गई जिससे हालात खराब हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल और पीएसी के जवानों तैनात किए गए। दरअसल, प्रतिमा विसर्जन के दौरान मस्जिद के आसपास वाले दो और तीन मंजिला घरों से पत्थरबाजी करने का श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया और इसका विरोध किया इसके लिए प्रदर्शन और हो हल्ला शुरू कर दिया। कंट्रोल रूम से संदेश मिलते ही एसपी विनीत जायसवाल मौके पर खुद पहुंच गये और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की। वैसे यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तक थमा नहीं है। इसके विरोध में महापंचायत का आयोजन किया जाना था पर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। महापंचायत को लेकर जुटे लोगों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इस मामले को लेकर गाजियाबाद में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया। डासना देवी मंदिर के पास से पुलिस ने 150 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। वेव सिटी थाने में डासना चौकी इंचार्ज की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गाजियाबाद के डासना मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद के बयान का विवाद सहारनपुर जा पहुंचा जहां पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विरोध ज्ञापन देने के दौरान पुलिस पर पथराव का आरोप लगा और इस मामले में बड़ी कार्रवाई भी की गई। सहारनपुर के शेखपुरा कदीम गांव में हुई इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## नफरती हिंसा की वजह

जब भी हिंदू देवी-देवता की प्रतिमा की विसर्जन या शोभा-यात्रा निकलती है, तो वह नफरत, अराजकता, वैमनस्य और हिंसा में तबदील क्यों हो जाती है? कई बार हत्याएं भी कर दी जाती हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है। मुसलमानों का कोई मजहबी जुलूस या मौका हो, तो हिंदू उस पर प्रहार नहीं करते। उसमें रोड़ा नहीं अटकाते। यहां तक कि हिंदुओं ने मस्जिद से की जाने वाली अजान पर भी सांप्रदायिक आपत्ति नहीं जताई है। शोभा-यात्रा निकालने की अपनी शोभा है। मुसलमानों को उस पर क्या आपत्ति होनी चाहिए? भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार भी हमें दिया गया है। फिर हिंसा और हत्याओं की क्या वजूहात हो सकती हैं? हम कई बार यह सवाल उठा चुके हैं कि अचानक एक भीड़ कहां से उमड़ आती है? घरों और मस्जिद की छतों से पथराव कैसे होने लगता है? ये छोटे-बड़े पत्थर कहां से, किस तरह इकट्ठा किए जाते हैं? कुछ शहरों, कस्बों में अचानक तलवारें भी चमकने लगती हैं। तलवारें, डंडे और हथियार कहां से आते हैं? कौन उनकी सप्लाई करता है? क्या पत्थरबाजी, दंगे, खून-खराबे की कोई पूर्व नियोजित साजिश तैयार की जाती है? तो साजिशकार कौन हैं? सिर्फ उप्र के बहराइच में ही सांप्रदायिक हिंसा, आगजनी, तोड़-फोड़ नहीं हुई है। बहराइच को छावनी में तबदील करना पड़ा। करीब 30 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया और 10 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए। उप्र के कई इलाकों में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ता रहा है। फिलहाल बहराइच जैसे हालात तेलंगाना, कर्नाटक, झारखंड और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के शहरों और कस्बों में भी पैदा किए गए हैं। सांप्रदायिक हिंसा, दंगे अपने आप ही नहीं भड़कते, उन्हें सुलगाया और फैलाया जाता है। भारत में दंगों के काले इतिहास मौजूद हैं। दंगे औसतन सभी राज्यों में होते रहे हैं। उनके असंख्य उदाहरण भी मौजूद हैं। बेशक सरकार किसी भी दल की रही हो! संविधान के किस अनुच्छेद में यह उल्लेख है कि अमुक मुसलमानों का इलाका है, तो वे हिंदू, सिख, ईसाई आदि के इलाके हैं? ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। जिन मोहल्लों में मुस्लिम आबादी रहती है, प्रशासन उन्हें संवेदनशील घोषित करता है, जबकि गैर-मुस्लिम क्षेत्रों के संदर्भ में ऐसा नहीं है। मुसलमान संवेदनशीलता के आधार पर नाजुक इलाके क्यों हैं? दरअसल देश को इलाकों और मोहल्लों में बांटा नहीं जा सकता। इस बार भी मुसलमानों ने आपत्ति की कि शोभा-यात्रा उनकी मस्जिद के सामने से क्यों गुजरी? क्या यह कानूनन अपराध है या कोई प्रतिबंध लगा रखा है? किसी मुस्लिम की छत से हरा झंडा उतारा गया और उसकी जगह भगवा झंडा लहराया गया, यह अनैतिक हरकत है। इसका कोई औचित्य भी नहीं है। यह घोर सांप्रदायिक है। अवैध कब्जे की एक हरकत है। यदि ऐसी हरकत कर भी दी गई, तो गोली मार कर एक इनसानी हत्या करने की नौबत क्यों आई? जिस हिंदू नौजवान को मार दिया गया, उसकी शादी मात्र दो माह पहले ही हुई थी। किसी औरत को इस कदर विधवा कर देना क्या मजहबी प्रावधान है? जाहिर है कि अलग-अलग समुदायों के लोगों के भीतर नफरत और उन्माद भरे हैं। दूसरी तरफ, यदि शोभा-यात्रा के दौरान उग्रता, हुड़दंग, अभद्र शोर, भड़काऊ नारेबाजी की जाती है, तो वह धार्मिक यात्रा भी बेमानी है। बहराइच या अन्य राज्यों के शहरों में जो नफरती टकराव हुए, वे वाकई अपराध हैं, लेकिन क्या दंगों की भीड़ को कभी सजा दी गई है? कहा जा रहा है कि बीते चार महीने के दौरान ही देश का माहौल बदल गया और आदमी दूसरे को मरने-काटने पर आमादा है। इसका बुनियादी कारण क्या है? चार महीने में देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक ढांचे में ऐसा कौनसा बदलाव आया है कि इनसान हत्या पर उतारू है। भारत तो अपनी सहिष्णुता, सौहार्द, समभाव के लिए विश्व विख्यात रहा है। यदि ऐसे ही सांप्रदायिक टकराव जारी रहेंगे, तो देश की छवि, प्रतिष्ठा कलंकित होगी।

# भारतीय दर्शन शाश्वत, सत्य, सनातन और अपौरुषेय है

**सम्पूर्ण विश्व में राजा जनक जोकि श्रीराम की धर्मपत्नी सीता के पिता थे, अपने कुल में तीसवां जनक हुए जो दर्शन शास्त्र पर विश्व का पहला संवाद करवाया था। महर्षि यज्ञवलक्य जो की वैदिक ऋषियों में एक थे तथा वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा थे, उन्होंने ब्रह्म दर्शन पर जनक तथा अन्य ऋषियों के साथ संवाद और शास्त्रार्थ किए थे। सार्वजनिक तौर पर यह विश्व की प्रथम महासभा थी। लेकिन, व्यक्तिगत रूप से गुरु शिष्य का दर्शन शास्त्र पर संवाद तथा पिता - पुत्र का दर्शन शास्त्र पर संवाद की एक परंपरागत श्रृंखला युगों से चली आ रही है। श्रीहरि से शिव और ब्रह्मा वेद प्राप्त किए तथा उसका ज्ञान व रहस्य उद्घाटित हुआ। तदोपरांत, ब्रह्मा ने इस सृष्टि की रचना की।**





**अवधेश झा**
**लेखक**

भारतीय दर्शन आत्मा की तरह नित्य, सत्य और सनातन है तथा समस्त दर्शन शास्त्र का मूल उद्देश्य विभिन्न माध्यमों से ब्रह्म के स्वरूप का दर्शन करना ही है। ब्रह्म स्वयं वेद को प्रकट किया है तथा ब्रह्म स्थिति को प्राप्त हमारे महान ऋषियों ने उसके स्वरूप का दर्शन किया है। यह परंपरा युगों से चली आ रही है। महर्षि वेद व्यास स्वयं वेदों का संकलन किए हैं। जबकि वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा महर्षि वशिष्ठ ने श्रीराम को वेदों की शिक्षा प्रदान किए थे। श्रीकृष्ण गीता में अर्जुन से स्पष्ट कहा है कि, ह्लअर्जुन, जो आत्मा का ज्ञान मैं तुम्हें दे रहा हूं, वह ज्ञान तुमसे पहले मैंने सूर्य को दिया था।ह्व श्रीमद्भागवत गीता समस्त वेदांत दर्शन का सार है और सूर्य ही इस सृष्टि का प्रारब्ध और प्रारंभ है तथा उन्हें भी सृष्टि के आरंभ से पूर्व परब्रह्म श्रीकृष्ण ने वेदों की शिक्षा दी थी। इस तरह से वेद परमात्मा का वाणी है। जिसे ऋषियों ने आमजनों की सहजता के लिए वेद से उपनिषद, महापुराण, महाकाव्यों आदि में विस्तार किया है। जस्टिस राजेंद्र प्रसाद (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय पटना) ने स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय दर्शन शास्त्र अपौरुषेय है, इसे किसी पुरुष ने नहीं लिखा या व्यक्त किया है। यह ब्रह्म द्वारा ही प्रकट किया गया है। इसलिए, इसे श्रुति कहा जाता है। हमारे जो दर्शन शास्त्री थे, वे मंत्र द्रष्टा थे, उन्होंने उस मंत्र के स्वरूप को देखकर जो उन्हें अनुभूति हुआ, उसे उन्होंने व्यक्त किया है। यहां तक कि ब्रह्म स्वयं विभिन्न अवतार लेकर वेद की मयार्दा के अनुरूप ही धर्म, कर्म और आचरण किए हैं तथा वैदिक संस्कृति को ही पुर्नस्थापित किए है।

भारतीय दर्शन शास्त्र देश और काल से परे है। यह कालातीत है तथा सम्पूर्ण ब्रह्मांड का महाविज्ञान का रहस्य भी है। जबकि, अन्य दर्शन शास्त्र पौरूषेय है। इसलिए, उसमें देश और काल का निर्धारण है जोकि एक काल खंड से दूसरे काल खंड तक ही है। वास्तव में, वेद एक महासागर की तरह है। जिसमें सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का रहस्य व्याप्त है। गुरु द्रोणाचार्य के पिता ऋषि भारद्वाज जोकि ऋषि वृहस्पति के पुत्र और महर्षि अंगिरा के पौत्र थे तथा ब्रह्मा के परपौत्र थे। ऋषि भारद्वाज ने एक बार ब्रह्मा जी से कहा कि, मुझे सम्पूर्ण वेदों को अध्ययन करने का अवसर दीजिएह्व। ब्रह्मा तथास्तु कहते हुए उन्हें प्रयाप्त अवसर दिया और इस तरह से भारद्वाज ऋषि तीन सौ वर्षों तक अध्ययन करते रहे। उसके उपरांत ब्रह्मा जी आए और पूछे, भारद्वाज कितना अध्ययन पूर्ण हुआ है? उत्तर में, ऋषि भारद्वाज ने कहा, परम पिता अभी केवल वेद के सागर से गागर इतना अध्ययन कर पाया हूं। जबकि कालांतर में ऋषि भारद्वाज ऋग्वेद के छठे मंडल के 765 मंत्रो के तथा अथर्ववेद के 23 मंत्रों के द्रष्टा थे और वैदिक ऋषियों में उनका ऊंचा स्थान था। उनके पितामह महर्षि अंगिरा ऋग्वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा, ब्रह्मविद्या के ज्ञाता तथा अग्नि को उत्पन करने वाले और धर्म और राज्य व्यवस्था को सुचारू चलाने के लिए, इन्हें प्रजापति भी कहा जाता था। इससे स्पष्ट है कि वेद की सम्पूर्ण शिक्षा किसी काल खंड में ग्रहण करना संभव नहीं है। यह कालातीत है इसे ग्रहण करने के लिए भी आत्म (ब्रह्म) स्थिति आवश्यक है। इस तरह से भारतीय दर्शन का अनादि काल तथा कालातीत इतिहास है। यहां के दर्शन शास्त्र सार्वभौमिक, शाश्वत, सनातन और सर्वव्याप्त है। यह कोई व्यक्ति, देश और काल विशेष नहीं है। यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का प्रतिनिधि करता है। वेद उसका सत्य प्रमाण है तथा सम्पूर्ण दर्शन शास्त्र अपने सम्पूर्ण प्रमाण के साथ उपलब्ध है। जोकि और किसी भी दर्शन में उपलब्ध नहीं है। सम्पूर्ण विश्व में राजा जनक जोकि श्रीराम की धर्मपत्नी सीता के पिता थे, अपने कुल में तीसवां जनक हुए जो दर्शन शास्त्र पर विश्व का पहला संवाद करवाया था। महर्षि यज्ञवलक्य जो की वैदिक ऋषियों में एक थे तथा वेद के कई मंत्रों के द्रष्टा थे, उन्होंने ब्रह्म दर्शन पर जनक तथा अन्य ऋषियों के साथ संवाद और शास्त्रार्थ किए थे। सार्वजनिक तौर पर यह विश्व की प्रथम महासभा थी। लेकिन, व्यक्तिगत रूप से गुरु शिष्य का दर्शन शास्त्र पर संवाद तथा पिता - पुत्र का दर्शन शास्त्र पर संवाद की एक परंपरागत श्रृंखला युगों से चली आ रही है। श्रीहरि से शिव और ब्रह्मा वेद प्राप्त किए तथा उसका ज्ञान व रहस्य उद्घाटित हुआ। तदोपरांत, ब्रह्मा ने इस सृष्टि की रचना की। इस तरह से विष्णु सृष्टि के संचालक और शिव संहारक हुए। यह सृष्टि वेद के बीज से अंकुरित, स्फुटित, पल्लवित, पुष्पित और फलित है। प्रलय काल में भी वेद ब्रह्म में सुप्त रहता है। उत्पति काल में उसी ब्रह्म से प्रकट/उदित होकर, स्थिति और प्रलय तक संचालन करता है।

वेद ब्रह्म ज्ञान है तथा सृष्टि के आधार का प्रथम महाविज्ञान है। वेद में कर्मकांड, उपासना और ज्ञान है। जिसमें मंत्र या संहिता (जिसमें महान ऋषियों का रहस्योद्घाटन है), ब्राह्मण - धार्मिक अनुष्ठानों (यज्ञों) और समारोहों का उचित प्रदर्शन, आरण्यक (वन एवं जीव, वनस्पति आदि) और उपनिषद (दार्शनिक चिंतन - आत्मा (ब्रह्म) के बारे में विचार) आदि है। वेद में कर्म काण्ड और उपासना आत्मिक यात्रा और आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि की आरंभ दशार्ता है, वहीं वेदांत और भगवद गीता में आध्यात्मिक दृष्टि से ब्रह्म (आत्मा) का पूरा वैभव दशार्ता है। वेद जीवन के पारलौकिक लक्ष्य प्राप्त करने साधन तथा अवांछनीय से बचकर इच्छित लक्ष्य प्राप्त करने का दिव्य साधन है। वेद ही सर्वमान्य, वास्तविक प्रमाणित ग्रंथ हैं, जिसका कोई लेखक नहीं है तथा जो सनातन धर्म एवं ब्रह्म का प्रतिपादन करता है। वेद की यात्रा क्रम में परब्रह्म से सर्वप्रथम नाद आया, फिर ॐ (ओंकार) और फिर मंत्रोपनिषद। इस तरह से ब्रह्मा ने अक्षरों की रचना की और परब्रह्म से प्रेरित उनके मुख से वेद प्रकट हुआ। यह वेद उनके पुत्रों को पढ़ाया गया तथा इस तरह से यह परंपरा युगों - युगों से चली आ रही है। महर्षि व्यास जो परब्रह्म विष्णु के ही अवतार हैं वेदों को पुनर्व्यवस्थित किए। इस तरह से युगांत में जल प्रलय के बाद पुनः श्रीहरि ब्रह्म को वेद सुनाते हैं और ब्रह्मा अपने पुत्रों को और यही क्रम चलता रहता है। वेद में तीन गुना विभाजन ब्रह्म और आत्मा के सत्य को ही व्यक्त करता है। इसलिए, वेद अपौरुषेय है, क्योंकि जगत वेद के कारण से प्रभावित है, वेद में जगत सुप्त है तथा वेद की सम्पूर्ण जगत का सूत्रधार है। जगत से वेद नहीं है। वेद ही ब्रह्म और वेद से ही सम्पूर्ण जगत है।

# अभिधम्म का सम्मानः पाली साहित्य का एक शास्त्रीय रत्न

**जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझकर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है।**





**प्रोफेसर रविन्द्र पंथ**
**लेखिका**

एक वास्तविक अर्थ में, अभिधम्म में चार उल्लिखित श्रेणियाँ होती हैंः चेतना, मानसिक अवस्थाएँ, . भौतिक गुण, और.५. निब्बाना या अंतिम मुक्ति। - अभिधम्मत्थसंगहो, वयोवृद्ध अनुरुद्ध द्वारा। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से, 17 अक्टूबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली की मान्यता का आयोजन कर रहा है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन का तीसरा भाग, बुद्ध की नैतिक मनोविज्ञान और दर्शन में गहराई से उतरता है, जो मन, उसके मानसिक कारकों और वास्तविकता को समझने के लिए एक जटिल ढांचा प्रस्तुत करता है। थेरवाद परंपरा के अनुसार, ये शिक्षाएं तावतींसा आकाश में दी गई थीं, जहाँ बुद्ध ने वर्षा ऋतु के दौरान तीन महीने बिताए, देवताओं और अपनी माता को अभिधम्म का उपदेश दिया। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से, अभिधम्म दो शब्दों अभि (की ओर) और धम्म (धारण करने के लिए) से मिलकर बना है, जिसे बुद्ध के उन्नत शिक्षाओं की ओर ले जाने के रूप में समझा जाता है। प्रसिद्ध पाली टिप्पणीकार वें. बुद्धघोष ने अभिधम्म को सबसे उन्नत या विशिष्ट सिद्धांत के रूप में वर्णित किया है, जो सुत्त पिटक की अधिक पारंपरिक शिक्षाओं से इसे अलग करता है। अभिधम्म चार प्रकार के परमार्थ धम्म (अंतिम वास्तविकताएँ) का कठोर विश्लेषण प्रस्तुत करता हैः चित्त (चेतना), चेतसिका (मानसिक कारक), रूप (पदार्थ), और निब्बाना (अंतिम मुक्ति)। यह ढांचा साधकों को मानव अस्तित्व की जटिलताओं का अध्ययन करने की अनुमति देता है—मन और पदार्थ के अंतःक्रिया, दुःख की प्रकृति, और निब्बाना की प्राप्ति के लिए मार्ग, या दुःख के अवसान को समझने में। अभिधम्म पिटक सात ग्रंथों से मिलकर बना है, प्रत्येक बुद्ध की शिक्षाओं के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन करता है। धम्मसंगणि पहला ग्रंथ है, जो अनुभव की दुनिया को बनाने वाली अंतिम वास्तविकताओं की गणना और परिभाषा करता है। विभंग इन वास्तविकताओं का और विश्लेषण करता है, जबकि धातुकथा और पुग्गलपञ्ञत्ति क्रमशः घटनाओं और व्यक्तियों के प्रकारों का वर्गीकरण प्रदान करते हैं। कथावत्थु विभिन्न दार्शनिक दृष्टिकोणों और विवादों को संबोधित करता है, जबकि यामक और पट्ठान उन जटिल शर्तीय संबंधों की गहराई में जाते हैं जो सभी घटनाओं के उत्पत्ति और निष्कर्ष को नियंत्रित करते हैं। पट्ठान को अभिधम्म का शिखर माना जाता है, यह एक विशाल ग्रंथ है जो मन और पदार्थ की पूरी दुनिया को नियंत्रित करने वाले चौबीस प्रकार के शर्तीय संबंधों का विस्तृत अध्ययन करता है। अभिधम्म में एक केंद्रीय अवधारणा शर्तीयता का सिद्धांत है, जो यह स्पष्ट करता है कि सभी घटनाएँ कैसे एक जटिल कारणों और परिस्थितियों के अंतःक्रिया के कारण उत्पन्न होती हैं और समाप्त होती हैं। हालांकि अभिधम्म अत्यधिक तकनीकी और सैद्धांतिक लग सकता है, इसका अंतिम उद्देश्य साधकों को वास्तविकता की सच्ची प्रकृति को समझने में सहायता करना है, जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझकर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है। यह ग्रंथ बुद्ध धर्म के मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक आधारों को समझने के लिए आवश्यक है। पाली का प्रभाव भारत से परे फैला हुआ है, खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में, जहां श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, लाओस और कंबोडिया जैसे देशों ने थेरवाद बौद्ध धर्म को अपनाया है। इन देशों में, पाली केवल एक धार्मिक भाषा नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति भी है। अभिधम्म दिवस पाली की समृद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में इसकी रणनीतिक महत्वता को याद दिलाने का एक अवसर है। जब क्ब्ड पाली भाषा का जश्न मनाता है, तो यह भारत के लिए आर्थिक और कूटनीतिक अवसर भी प्रस्तुत करता है। क्ब्ड को अपने एशियाई भागीदारों से मिले उत्साहजनक प्रतिक्रिया, जो भारत सरकार द्वारा पाली को क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता मिलने के बारे में उत्साहित हैं, इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस भाषा का भविष्य उज्ज्वल है। पाली को अपनाने और बढ़ावा देने के माध्यम से, भारत इस गहन भाषा के जन्मस्थान के रूप में अपनी भूमिका को फिर से हासिल कर सकता है, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार भी कर सकता है। क्ब्ड का यह प्रयास न केवल बुद्ध की शिक्षाओं का सम्मान करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि पाली में संचित ज्ञान फलता-फूलता रहे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहे। इसके अलावा, जैसे-जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अपने बौद्धिक जड़ों के साथ फिर से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं, भारत पाली अध्ययन में संसाधन, विशेषज्ञता और नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह न केवल भारत की भाषा पर अधिपत्य को मजबूत करता है, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है।

# अब प्रियंका की संसद से होगी कुड़माई

**राकेश अचल**

पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की पौत्री और राजीव गाँधी की बेटी श्रीमती प्रियंका वाड्रा ने आखिर ना ना करते हुए भी चुनावी राजनीति में कदम रख ही दिया। अब अगले माह उनकी संसद से कुड़माई होगी। दो बच्चों की माँ और परिपक्व राजनेता बन चुकी प्रियंका वायनाड से लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बनाई गयीं हैं। कांग्रेसजनों के लिए ये खुशखबरी और सत्तारूढ़ दल के लिए ये एक और मुद्दा होगा भारतीय राजनीति में परिवारवाद पर हमला करने का। हम प्रियंका के संसदीय राजनीति में आने का स्वागत करते हैं। वर्तमान में वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। प्रियंका न राजनीति के लिए नई हैं और न देशवासियों के लिए। उनके पास राजनीति की एक लम्बी विरासत भी है और अनुभव भी। कांग्रेसी ही नहीं अपितु आम भारतीय प्रियंका में स्वर्गीय इंदिरा गांधी का अक्श देखता है। अक्श और वस्तविक्ता में फर्क होता है, लेकिन हम और आप अपने पूर्वजों के अक्श के अलावा और हैं भी क्या ?प्रियंका को कांग्रेस ने वायनाड की एक ऐसी सीट से चुनाव मैदान में उतारा है जो शायद कांग्रेस के लिए बेहद सुरक्षित और आसान है, लेकिन बेहतर होता कि वे पांच महीने पहले हुए आम चुनाव के वक्त अमेठी की अपनी अघोषित रूप से पुश्तैनी संसदीय सीट से लड़तीं। प्रियंका के लिए सक्रिय और संसदीय राजनीति में प्रवेश करना पार्टी की जरूरत है या उनकी अपनी विवशता? इस विषय पर बहस हो सकती है, लेकिन इस बात में कोई विवाद नहीं हो सकता कि वे एक धीर-गंभीर राजनेता के रूप में देश और पार्टी के लिए नयी नहीं हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने में जानबूझकर देर की, ये सब जानते है। वे चाहतीं तो 20 साल पहले 2004 में ही संसदीय यात्रा शुरू कर सकतीं थीं, लेकिन उन्होंने आम भारतीय परिवारों की तरह अपने परिवार की सियासी विरासत सम्हालने के लिए अपने से उम्र में दो साल छोटे भाई राहुल को ही आगे किया। ये प्रियंका का भाई के प्रति स्नेह है या त्याग कहना कठिन है। क्योंकि दोनों के बीच जो रिश्ता है वो सभी आशंकाओं, कुशंकाओं से परे खून का रिश्ता है। कांग्रेस में प्रियंका को कमान देने की मांग समय -समय पर उठती रही हैं। राहुल गांधी से असहमत और नाउम्मीद कांग्रेसी ये मांग करते रहे हैं, किन्तु प्रियंका ने कभी इसमें कोई रूचि नहीं दिखा। वे पिछले दो दशक से अपने भाई को राजनीति में प्रतिष्ठित करने के लिए साये की तरह सक्रिय हैं आलोचनाओं की परवाह किये बिना। राहुल गांधी जब भी अकेले पड़े, लड़खड़ाए तो प्रियंका उन्हें सम्हालने में सबसे आगे रहीं। राहुल के ऊपर जितने सियासी हमले हुए, उन सबके जबाब में प्रियंका ने जबाबी हमले भी किये और ढाल भी बनकर खड़ी दिखाई दीं। उनके और राहुल के बीच एक ही फर्क है कि वे राजनीयति का शालीन चेहरा मानी जाती हैं जबकि राहुल आक्रामक चेहरा। मुझे वर्ष 1999 में प्रियंका का बीबीसी को दिया वो साक्षात्कार याद है जिसमें उन्होंने कहा था कि -मेरे दिमाग में यह बात बिलकुल स्पष्ट है कि राजनीति शक्तिशाली नहीं है, बल्कि जनता अधिक महत्वपूर्ण है और मैं उनकी सेवा राजनीति से बाहर रहकर भी कर सकती हूँ। तथापि उनके औपचारिक राजनीति में जाने का प्रश्न परेशानीयुक्त लगता हैः मैं यह बात हजारों बार दोहरा चुकी हूँ, कि मैं राजनीति में जाने की इच्छुक नहीं हूँ। यानि आप कह सकते हैं कि प्रियंका बेमन से राजनीति में आयन थीं लेकिन अब उनका मन राजनीति में रम गया है। प्रियंका किसी रेलवे स्टेशन पर चाय बेचते हुए राजनीति में नहीं आयीं। उनके पिता राजीव गाँधी, माँ श्रीमती सोनिया गाँधी, दादी श्रीमती इंदिरा गाँधी, दादा फिरोज गाँधी, और उनसे भी पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू देश की राजनीति के महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। उनके लिए राजनीति न अपरिचित क्षेत्र है और न जरूरी। मुझे लगता है कि प्रियंका के लिए राजनीति के जरिये देश सेवा करने का ये उचित समय है। उनके बच्चे भी बड़े हो गए हैं, वे तमाम पारिवारिक जिम्मेदारियों से भी लगभग फारिग हो चुकीं है। उनके पास अपनी माँ और भाई के चुनाव प्रबंधन का लंबा अनुभव भी है। 2007 के उप्र विधानसभा चुनावों में उन्होंने जमकर मेहनत भी की थी। बहुत से लोग नहीं जानते होंगे कि प्रियंका मनोविज्ञान में स्नातक भी हैं इसलिए वे देश की जनता के मन को भी भलीभांति समझती हैं। संसदीय राजनीयति में उनके प्रवेश से कांग्रेस को लाभ मिलेगा या नुक्सान होगा ये कांग्रेस आकलन कर चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई अस्था की डूबकी

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा।शरद पूर्णिमा पर बृजघाट और तिगरी गंगा धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गंगा स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। हर-हर गंगे के उद्घोष से गंगातट गूंज उठे। विधि विधान संग पूजन कर परिवार और समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना भी की गई। जरूरतमंदों को दान कर पुण्य लाभ कमाया। बुधवार तड़के से ही श्रद्धालु बृजघाट व तिगरी गंगा धाम पहुंचना शुरू हो गए। अमरोहा समेत गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, बिजनौर, संभल, मुरादाबाद, रामपुर आदि जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बृजघाट में गंगा स्नान किया। बहुत से श्रद्धालु मंगलवार रात ही बृजघाट पहुंच गए, ब्रह्म मुहुर्त में हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ गंगा स्नान किया। सूर्य को अर्घ्य देते हुए परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। गंगाघाटों के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी करवाए। भंडारों का आयोजन कर जरूरतमंदों को भोजन कराया तथा उन्हें दान देकर पुण्यलाभ कमाया। वहीं तिगरी गंगा तट पर भी गंगा स्नान के लिए अगला लेख श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर तक श्रद्धालुओं के गंगा स्नान करने का सिलसिला जारी रहा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की कड़ी चौकसी भी रही।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

धनौरा।क्षेत्र निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई गंगा किनारे शव का अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र निवासी एक युवक की शादी डेढ़ साल पूर्व हुई थी। बीते कुछ दिनों से उसका अपने परिजनों से विवाद था। इस बीच बुधवार रात उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गमगीन माहौल में परिजनों ने मृतक के शव का गंगा किनारे अंतिम संस्कार किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है।

### इजराइल के राजदूत पहुंचे अयोध्या, रामलला के दर्शनकर हुए भावविभोर

अयोध्या, । भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आज यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल के दर्शन किए। उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय भी रहे। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर भावविभोर हुए अजार ने कहा कि वह अयोध्या में भगवान राम के इस भव्य मंदिर के दर्शन कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की अपार संख्या को देखकर प्रभावित हैं। यह हिंदू आस्था के लिए इस स्थान के महत्व का प्रमाण है। रूवेन अजार ने कहा भारत की तरह इजराइल की भी अपनी प्राचीन धार्मिक विरासत है। सचमुच भक्ति से ताकत मिलती है। वह प्रभु राम के प्रति तीर्थयात्रियों की भक्ति देखकर प्रभावित हैं। श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने पर रूवेन अजार का ट्रस्ट ने स्वागत कर स्मृति चिह्न और प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र भी उपस्थित रहे। उन्हें मंदिर के निर्माण में लगाए जा रहे पत्थरों को भी दिखाया गया।

### रोटी पर थूकने का वीडियो सामने आने के बाद मामला दर्ज

सहारनपुर, । सहारनपुर जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक होटल में एक युवक का तंदूर से रोटी निकालकर उस पर कथित रूप से थूकने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि इस बाबत बजरंग दल के कार्यकताओं ने मंगलवार शाम को तहरीर दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए होटल मालिक और उसके कारीगर को हिरासत में ले लिया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। मांगलिक ने बताया कि पूछताछ और जांच के बाद इस मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### संभल में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार

संभल, । कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को पुलिस ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। संभल के कोतवाल अनुज कुमार तोमर ने बताया की कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय शर्मा को मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि बाकी दो अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। संभल कोतवाली में 11 अक्टूबर को देश राज सिंह नामक व्यक्ति ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, सुभाष शर्मा और सुधीश शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सिंह की शिकायत पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष के खिलाफ एक व्यक्ति के बताया था

# महाकुंभ 2025:प्रयागराज में सुरक्षा, जिम्मेदारी और तकनीक का अद्भुत संगम

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ, ।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने फिल्मी महाकुंभ में लोगों के खोने और फिर सालों बाद मिलने की धारणा को तोड़ने की पूरी तैयारी कर ली है। अब कुंभ मेले में हर व्यक्ति का ध्यान रखा जाएगा, कोई भी अब अपनों से नहीं बिछड़ेगा और ऐसा हुआ भी तो वह जल्द से जल्द अपने परिवार से मिल सकेगा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और पुलिस विभाग ने मिलकर इस बार के महाकुंभ मेले में एक उच्च तकनीक से युक्त खोया-पाया पंजीकरण प्रणाली से तीर्थयात्रियों को सुरक्षित करेगा। यह नई पहल सुरक्षा, जिम्मेदारी और तकनीक का अद्भुत संगम है, जो महाकुंभ मेला को सुरक्षित और सुखद अनुभव बना देगी। योगी सरकार की पहल अब उस फिल्मी ड्रामे को हकीकत से दूर ले जाकर सुरक्षा और पुनर्मिलन की नई कहानी लिखने को तैयार है। कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों तीर्थयात्रियों को अब भीड़ में खोने का डर नहीं रहेगा, क्योंकि सरकार की यह नई प्रणाली खोए हुए तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और शीघ्र उनके परिजनों से मिलाने का भरोसा देगी। भारतीय सिनेमा में कुंभ मेले की भीड़ से अलग हुए लोगों की कहानियां एक स्थायी कथानक रही हैं। फिल्मों में गंभीर संवाद हो या हास्य, कहीं न कहीं कुंभ मेले में बिछड़ने वाले डायलॉग सुनने को मिल ही जाते हैं। चाहे वो 1943 में आई फिल्म तकदीर हो या 70 के दशक में आई फिल्म मेला । इनमें भाइयों के मेले में बिछड़ने की कहानी ने सिनेमा के पर्दे पर वर्षों तक दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी। इन कहानियों का मुख्य आधार यही था कि भीड़ में खो जाने के बाद, अपने प्रियजनों को खोज पाना लगभग असंभव होता था। लेकिन, अब इस हाई-टेक खोया-पाया केंद्र की बदौलत, महाकुंभ मेले में ऐसा फिल्मी बिछड़ने वाला दृश्य शायद ही देखने को मिले। इन केंद्रों में खोए हुए व्यक्तियों का डिजिटल पंजीकरण होगा, जिससे उनके परिवार या मित्र आसानी से उन्हें खोज सकेंगे। साथ ही सभी लापता व्यक्तियों के लिए केंद्रों पर उद्घोषणा की जाएगी। पहले जहां एक मेला कई परिवारों के लिए बिछड़ने और असहाय खोज की दुखभरी गाथा लेकर आता था, अब वही मेला उनके पुनर्मिलन की एक नई कहानी लिखने जा रहा है। महाकुंभ-2025 में शामिल होने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सरकार ऐसे डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना करेगा, जो खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए तकनीक का सहारा लेते हैं। इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का पंजीकरण तुरंत किया जाएगा और उसकी जानकारी को अन्य केंद्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और एक्स (पहले ट्वीटर) पर भी प्रसारित की जाएगी। यह व्यवस्था महाकुंभ मेले को न केवल सुरक्षित बनाएगी, बल्कि परिवारों को जल्दी और आसानी से अपने प्रियजनों से जोड़ने का काम करेगी।

# भाजपा यूपी की सभी 9 सीटों पर लहराएगी जीत का परचम : जयवीर सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ,। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता जयवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर हमारी पार्टी इन सभी सीटों पर जीत का परचम लहराने जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार का किंतु-परंतु का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। हमारी पार्टी सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग ने सभी 9 सीटों के लिए उप-चुनाव के तारीखों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने तैयारियों का सिलसिला भी तेज कर दिया है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता जमीन पर उतरकर आम लोगों से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि इस उपचुनाव में हमें जनता का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण समारोह पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, अच्छी बात है कि उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलेगा। वो अब घाटी की कमान संभालने जा रहे हैं, तो लोगों के लिए अच्छा काम करें। जिस तरह से मौजूदा समय में घाटी में शांति बनी हुई है, उसी तरह से आगे भी बनी रहे। इस विधानसभा चुनाव से यह साफ हो गया है कि घाटी के लोगों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास जताया है। वहां के लोगों ने मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, जो हमारे लिए हर्ष की बात है और उमर अब्दुल्ला मेहरबानी करके इस लय को बरकरार रखें। जयवीर सिंह ने प्रियंका गांधी वाड्रा के वायनाड से चुनाव लड़ने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को चुनाव लड़ने का पूरा हक होता है। उन्हें भी है। वो लड़ सकती हैं, लेकिन हमें पूरा भरोसा है कि वायनाड में भी इस बार भाजपा का कमल खिलेगा। इसके साथ ही जयवीर सिंह ने निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम पर दिए स्पष्टीकरण पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि ईवीएम में किसी भी प्रकार की विसंगति नहीं है। उन्होंने कहा कि टीवी मीडिया द्वारा एग्जिट पोल और नतीजों को लेकर की जाने वाली जल्दबाजी पर भी आपत्ति जताई। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि ईवीएम में किसी भी प्रकार की खामी नहीं है। इसे लेकर बेवजह लोगों के बीच में भ्रम फैलाया जा रहा है।

# बाराबंकी में इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल, चार गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

बाराबंकी, ।उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में इलाज के नाम पर धर्म परिवर्तन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोठी थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट मजरे असौरी गांव में झाड़-फूंक और प्रार्थना सभा के माध्यम से कैंसर के मरीजों का इलाज करने का दावा किया जा रहा था। इस घटना का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना राजेंद्र प्रसाद के घर के बाहर हुई, जहां तिरपाल बिछाकर लगभग तीन दर्जन से अधिक महिलाएं, बच्चे और पुरुष बैठे हुए थे। जब स्थानीय लोगों ने पूछताछ की तो पता चला कि तीन लोग प्रार्थना सभा और झाड़-फूंक के जरिए कैंसर के इलाज की जानकारी दे रहे थे। जबकि, मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ये लोग ईसाई धर्म के प्रभु यीशु का गुणगान कर रहे थे। विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने इस पूरे मामले में कोठी पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में श्यामू, मैहर कश्यप, मेघरानी और बादल गौतम शामिल हैं, जो कि ईसा मसीह की महिमा का बखान कर रहे थे। पुलिस ने इन लोगों के पास से ईसाई धर्म से जुड़ी धार्मिक पुस्तकें भी बरामद की हैं। वायरल वीडियो में प्रार्थना सभा का आयोजन और झाड़-फूंक की प्रक्रिया साफ दिखाई दे रही है। एडिशनल एसपी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें कारागार भेजा जा रहा है। पुलिस ने उनके बैंक अकाउंट की जांच भी शुरू कर दी है और दो विशेष टीमों का गठन कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिला उत्पीड़न की शिकायतें, निस्तारण के दिएं निर्देश

**जनपद स्तर पर ही निस्तारण कि जाएं महिला संबंधित शिकायतें: अवनी सिंह**

प्रात : किरण संवाददाता




अमरोहा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एंव पीड़ित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाने के लिए महिलाओं के लाभार्थ के लिए एक दिवसीय जन सुनवाई/जागरुकता कार्यक्रम विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें सदस्य महोदया के समक्ष महिलाओ द्वारा प्रस्तुत 10 प्रार्थना पत्रों पर गम्भीरता से विचार लेते हुए सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कर आख्या से अवगत कराया जायें एवं महिलाओं से सम्बन्धित अधिक से अधिक प्रकरणों का जनपद स्तर पर ही निस्तारण कर दिया जायें। साथ ही ह्यमिशन शक्तिह्लह्ल- 5 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं हेतु जनपद में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायें। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती है, तो पूरी गंभीरता के साथ महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न बरती जाए।इसके साथ राज्य महिला आयोग की सदस्य,अवनी सिंह द्वारा वन स्टॉप सेन्टर, अमरोहा, जिला संयुक्त चिकित्एवं महिला थाना, अमरोहा का औचक निरीक्षण किया गया। सखी वन स्टॉप सेन्टर, अमरोहा में सेन्टर मैनैजर एवं मनौवैज्ञानिक परामर्शदाता के साथ अल्पवासित 02 पीडिताओं में से एक पीड़िता बालिका के साथ वार्ता की गयी और उन्होने पीड़िता को अपने माता-पिता के साथ जाने हेतु उसको परामर्श दिया कि नाबालिक बच्ची के लिए घर ही सही मायने में सुरक्षित स्थान है। मा0 सदस्या द्वारा दिये गये परामर्श के अनुसार बालिका द्वारा आश्वासन दिया गया वह अब अपने माता-पिता के ही घर जायेगी। मा0 सदस्या द्वारा सेन्टर में मेडिकल पंजिका, अल्पवास पंजिका, केस पंजिका को देखा और सेन्टर मैनैजर एवं मनौवैज्ञानिक परामर्शदाता से केसो की जानकारी ली।अतः समीक्षा बैठक में श्री राकेश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सी0ओ0, श्रीमती अंजली कटारिया, जिला विकास अधिकारी, श्रीमती सरिता दिवेद्वी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ज्ञान प्रकाश तिवारी, एस0एच0ओ0, महिला थाना, गजरौला, एस0एच0ओ0, महिला थाना, अमरोहा एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कार्मिक आदि मौजूद रहे।

# खुलासा: देवरानी ने अपने प्रेमी संग मिलकर की थीं सीमा की हत्या

**कांठ पुलिस और एसओजी टीम को महिला की हत्या का खुलासा करने में मिली बड़ी सफलता**



**सुधा ने ही प्रेमी से कहा कि मुझे बांधकर कमरे में डाल दो...**

काठ।सीमा की हत्या करने के बाद उसकी देवरानी सुधा ने अपने परिवार और पुलिस को गुमराह करने के लिए अपने प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल से उसे भी बांधकर कमरे में डालने के लिए कहा था, ताकि परिवार के लोगों को ऐसा लगे कि हत्यारे ने सुधा के साथ भी मारपीट कर उसे बेहोश करने के बाद बांधकर डाला है।जिस समय मृतका सीमा का ससुर हरपाल सिंह, पति राहुल कुमार, देवर गौरव कुमार और सौरभ कुमार खेत से घर पहुंचे थे, उस समय सबसे पहले सुधा ही कमरे में बेहोश और बंधी हुई मिली थी।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे खुलासा, कट गई थी सांस लेने की नली**

कांठ। थाना की पुलिस ने सोमवार देर रात शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों के पैनल ने महिला के शव का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान डिजिटल फोटोग्राफी और वीडियो ग्राफी कराई। मंगलवार दोपहर बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि सीमा की सांस लेने की नली कट गई थी। इसके अलावा अत्यधिक खून बह गया था, जिस कारण उसकी मृत्यु हुई थी।

**नीटू और सुधा का ढाई साल से चल रहा प्रेम प्रसंग**

काठ।अपनी जेठानी सीमा को प्रेमी नीटू के द्वारा मरवाने वाली सुधा का नीटू उर्फ लिटिल से करीब ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सुधा का मायका उसकी ससुराल दरियापुर से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा अंतर्गत आने वाले गांव भगवानपुर रैनी में है। उसका प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल भी इसी गांव का निवासी है।

प्रात : किरण संवाददाता नादिर त्यागी

मुरादाबाद। कांठ थाना इलाके के दरियापुर रफायतपुर निवासी सीमा (38) की हत्या उसकी देवरानी सुधा ने अपने प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल के साथ मिलकर की थी।सीमा ने घर में दोनों को रंगे हाथ पकड़ा तो भेद खुलने के डर से उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। परिवार व पुलिस को गुमराह करने के लिए सुधा ने प्रेमी से अपने हाथ-पैर बंधवा कर बेहोश होने का नाटक करने लगी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह और सीओ कांठ अपेक्षा निंबाडिया ने मंगलवार को सुधा से थाने में पूछताछ की। उसने पहले तो गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच उगलना शुरू कर दिया। सुधा ने बताया कि उसका मायका बिजनौर जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र के भगवानपुर रैनी गांव में है। उसी गांव में रहने वाले नीटू उर्फ लिटिल से करीब ढाई साल से उसके प्रेम संबंध थे। वह नीटू से शादी करना चाहती थी, लेकिन वह अलग बिरादरी का होने के कारण परिवार के लोग शादी करने को तैयार नहीं थे। 10 जुलाई 2024 को मेरी शादी सौरभ के साथ हो गई, लेकिन उसने और नीटू ने मिलना जुलना और बात करनी बंद नहीं की। एक सप्ताह पहले सुधा को नीटू से बात करते हुए सीमा ने पकड़ लिया था। इसके बाद से सुधा को डर लगने लगा था कि कहीं वह परिवार के लोगों को न बता दें।सोमवार को परिवार के लोग खेत पर गए तो सुधा ने नीटू को अपने घर बुला लिया था। इसी दौरान सीमा कमरे में आ गई और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। सीमा कहीं इस बारे में किसी को कुछ बता न दे, इसलिए सुधा और नीटू ने सीमा को पकड़ लिया और उसे भूसे वाले कमरे में ले गए, जहां दरांती से सीमा की गला रेतकर हत्या कर दी थी। आपको बताते चलें कि गांव दरियापुर निवासी मृतका सीमा के सबसे छोटे देवर सौरभ कुमार की शादी दस जुलाई को ही भगवानपुर रैनी थाना स्योहारा जिला बिजनौर निवासी सुधा के साथ हुई थी। सुधा के पिता रोहताश सिंह होमगार्ड हैं। बताया गया है कि सुधा की शादी होने के बाद भी उसका अपने प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उससे मोबाइल की बातचीत होने की जानकारी भी पुलिस को सीडीआर के माध्यम से हुई है।

# श्री वेंकटेश्वरा मे एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं मोटे अनाज व आर्गेनिक खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी

- स्वस्थ भारत झ समृद्ध भारतह का सपना जैविक खेती एवं हरित क्रांति द्वारा ही होगा साकारः- श्री सुधीर गिरि
- किसानों की जमीन की सेहत का परिक्षण वैन्केटेश्वरा में होगा निशुल्कः- डा. राजीव त्यागी

प्रात : किरण संवाददाता




अमरोहा। श्री वैन्केटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विश्व खाद्य दिवस पर खाद्य सुरक्षा के लिए मृदा में जैविक कार्बन बढ़ाने की रणनीति विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे देश के विभिन्न हिस्सों से आये एक दर्जन से अधिक कृषि वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विश्व के पहले पांच कृषि वैज्ञानिकों में शुमार इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च संस्थान पूसा के प्रधान वैज्ञानिक प्रो. (डा.) यशवीर सिंह शिवाय ने कहा हमारी सेहत सीधे तौर पर मिट्टी की सेहत से जुड़ी है। आज अंधाधुंध रसायनों एवं कृत्रिम खाद के बेतहाशा प्रयोग से यदि हम तेजी से बंजर होती भूमि को बचाने के साथ-साथ खाद्य पदार्थों में बढ़ते रसायनों एवं कीटनाशकों से होने वाली कैंसर, अल्सर समेत सैकड़ों बिमारियों से अपने आप को बचाना चाहते है तो हमे फिर से जैविक खेती की ओर लौटना होगा। मोटे अनाज एवं रसायनविहीन खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शुमार करना होगा ` फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कृत्रिम रासायनिक खादों के बजाय, गोबर, गोमूत्र गुड़, सूखे पत्तों को खाद के तौर पर उपयोग में लाना होगा। इस अवसर पर एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओं ने ऑर्गेनिक मोटे अनाज एवं खाद्य पदार्थों के विभिन्न स्टाल लगाकर जैविक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने संस्थान प्रबंधन के साथ मिलकर विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री वैन्केटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के सरदार पटेल सभागार में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से विश्व खाद्य दिवस पर आयोजित खाद्य सुरक्षा के लिए मृदा में जैविक कार्बन बढ़ाने की नीतियों विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि,प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी मुख्य अतिथि प्रो. (डा.) यशवीर सिंह, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, डीन एग्रीकल्चर डा. टी.पी.सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। विश्व खाद्य दिवस पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं कुमाऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति विख्यात कृषि वैज्ञानिक प्रो.वी.पी.एस.अरोड़ा, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के प्रधान वैज्ञानिक प्रो. (डा.) राजवीर सिंह, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कृषि वैज्ञानिक एवं संगोष्ठी के मुख्य आयोजक डा. टी.पी. सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डा. पीयूष पांडे, डीन एग्रीकल्चर डा. टी.पी. सिंह, डा. सी.पी. सिंह, डा. अभिषेक सिंह, डा. माता प्रसाद, डा. लक्ष्मीकान्त, डा. ज्योति सिंह, डा. विनय कुमार सिंह, डा. शेषनाथ मिश्रा, डा. वरुण त्रिपाठी, डा. आशिया वाहिद, डा. चन्द्रकान्त, डा. कौशल कुमार, उदित तिवारी एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डा. ज्योति सिंह ने किया।

### छात्र को थप्पड़ मारने का मामला: अदालत का शिक्षिका को अग्रिम जमानत देने से इनकार

मुजफ्फरनगर । मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने मुस्लिम छात्र को थप्पड़ पड़वाने के मामले में आरोपी शिक्षिका तृप्ति त्यागी की अग्रिम जमानत याचिका बुधवार को याचिका खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश अलका भारती ने यह कहते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी कि मामले में अग्रिम जमानत का कोई वास्तविक आधार नहीं है। इससे पहले पीड़ित के वकील कामरान जैदी ने आरोपी की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि त्यागी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और अग्रिम जमानत का आधार नहीं है, इसलिए इसे खारिज किया जाना चाहिए। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, पुलिस ने पीड़ित के पिता इरशाद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की जांच के बाद त्यागी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और अन्य धाराओं तथा किशोर न्याय अधिनियम के तहत आरोप पत्र दायर किया था। अगस्त 2023 की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था जिसमें त्यागी कक्षा के छात्रों से मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने के लिए कह रही थीं और सांप्रदायिक टिप्पणी भी कर रही थीं। इस घटना की व्यापक निंदा की गई थी और उच्चतम न्यायालय ने इस संबंध में हस्तक्षेप किया।

# राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल मे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल शिविर का समापन हुआ जिसमे श्री एस0 इंटर कालेज, अमरोहा मुख्य के तीसरे दिन के सत्र की शुरूआत ध्वज फहराने के साथ हुई। इस अवसर कुमार, अमन प्रकाश , सुश्री बरीरा द्वारा के मूल सिद्धांतों एवं स्काउट/गाइड स्काउट/गाइड को सेवा भाव से कार्य की जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि समय निकालने व बच्चों के उत्साह डा0 शिक्षा सरदाना ने मुख्य अतिथि मे चल रहे तीन-दिवसीय स्काउट गाइड गजेन्द्रपाल सिंह, प्रधानाचार्य, जे0 अतिथि के रूप मे उपस्थित रहें। शिविर प्रार्थना गीत और स्काउट् और गाइड पर स्काउट/गाइड प्रशिक्षक अजय सभी छात्र/छात्राओं को स्काउट गाइड के इतिहास से अवगत कराया एवं करने, टेंट बनाना, श्रमदान, गांठ बांधने द्वारा अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच वर्धन के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या महोदय का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक अजय टंडन, प्रबन्धिका अंजलि टंडन, अध्यक्षा अदिति टंडन ,प्रधानाचार्या डा0 शिक्षा सरदाना, उप-प्रधानायार्य रिंकू सक्सेना, स्काउट/गाइड के जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार , विद्यालय खेल प्रशिक्षक विकास शर्मा, के0 पी0 सिंह, गीता त्यागी एवं श्रीमती विदुषी चौधरी उपस्थित रही।

# अयोध्या में संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में बोले अजय राय बहराइच हिंसा में पीड़ित परिवारों को एक करोड़ रुपए दे सरकार

प्रात : किरण संवाददाता



अयोध्या, । अयोध्या के मिल्कीपुर में बुधवार को विपक्ष संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए आए कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और महासचिव अविनाश पांडेय ने अयोध्या पहुंच कर हनुमान गढ़ी में भगवान हनुमान के दर्शन किए। उन्होंने कहा,हम हनुमान जी की प्रार्थना करते हैं, क्योंकि वे भगवान राम के भक्त हैं। हनुमान जी के बिना पूजा का आयोजन भी कठिन हो जाता है। हमने उनसे प्रार्थना की है कि हमारे प्रदेश में अमन और चैन स्थापित हो, खासकर आजकल जो अमानवीय घटनाएं हो रही हैं, विशेष रूप से छोटी-छोटी बच्चियों के साथ। हनुमान जी की शक्ति हमें इस मिशन में एकजुट होने और सद्बुद्धि पाने में मदद करेगी। आज हम यहां संविधान संकल्प सम्मेलन के आठवें आयोजन में एकत्र हुए है। इसके बाद दो और सम्मेलन भी होंगे। हम सभी मिलकर इसकी शुरूआत करेंगे। यह समय है कि हम सब एकजुट होकर इस विचार को आगे बढ़ाएं। इसके बाद उन्होंने बहराइच हिंसा पर कहा, हमें यह भी समझना होगा कि कुछ लोग केवल दिखावा कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ द्वारा बुलाए गए लोग वास्तव में काम नहीं कर रहे हैं। मैं यह प्रस्ताव रखता हूं कि जिन परिवारों का नुकसान हुआ है, उन्हें एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए और सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। साथ ही, जिनके घर जलाए गए हैं, उन्हें भी उचित क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिए। इस हिंसा में शामिल अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने राज्य में होने वाले उपचुनाव पर कहा, राज्य में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ने का निर्णय ले चुकी है, और हमें पूरा विश्वास है कि हम सभी दस सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे। विशेष रूप से अयोध्या वासियों का धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने भगवान श्री राम और हनुमान जी के प्रति अपनी भक्ति का प्रदर्शन करते हुए भारतीय जनता पार्टी को यहां से हराया। उनके गलत मंसूबों को पूरी तरह से नकारते हुए, अयोध्या ने पूरे देश को एक स्पष्ट संदेश दिया है।

# व्यवसाइयों पर हमले के विरोध में बंद रहेंगी कोईलवर में दुकाने
# कपिलदेव चौक पर व्यवसायी संघ करेगा विरोध प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर में बीते मंगलवार को खैनी व्यवसायी को गोली मारने और प्रशासन द्वारा सुस्ती बरते जाने के विरोध में कोईलवर नगर पंचायत के दुकानदारो ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान दुकानदारो एवं व्यवसाइयों ने उनपर हो रहे हमले पर चिंता व्यक्त किया।बैठक में आये दो दर्जन से अधिक दुकानदारो ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि व्यवसाइयों पर लगातार हो रहे हमले और रंगदारी मांगे जाने के विरोध में और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू गुरुवार 17 अक्टूबर को नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत सभी दुकानों को बंद करने का निर्णय लिया है। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गुरुवार को नगर पंचायत के सभी स्थायी दुकान,फुटपाथी दुकान,फल-सब्जी,मांस-मछली,दवा,किराना होटल,रेस्टुरेंट समेत सभी प्रकार की दुकानें व अन्य व्यवसाय पूरी तरह से बन्द रहेंगे। दुकानदारो ने निर्णय लिया कि बंदी के दौरान सभी दुकानदार शहीद कपिलदेव चौक पर उपस्थित होकर शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए व्यवसाई संघ के सचिव




शहाबुद्दीन खान ने बताया कि आये दिन दुकानदारो और व्यवसाइयों पर हो रहे हमले चिंताजनक हैं। उससे भी चिंताजनक है कि प्रशासन को सूचना देने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन ढुलमुल रवैया अपना रही है।इसकी वजह से स्थानीय दुकानदार और व्यवसाई काफी डरे सहमे हुए हैं। इसी को लेकर हमसभी अपनी दुकानें बंद रखकर अपनी सुरक्षा की सुनिश्चितता के लिए शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे। मौके पर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष शिवनाथ सिंह, चंदन निषाद,शशिशेखर,विजय केसरी,शम्स खान,नीरज सिंह,अरविंद कुमार,उदय गुप्ता,समद अंसारी,रिंकू,आफताब आलम, हसनैन रहमान,मुकेश समेत दो दर्जन से अधिक दुकानदार मौजूद रहे।

# किरायेदारों व मकान मालिकों के बीच प्रीपेड मीटर के बिल से विवाद दूर होगा

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत सभी प्रशाखाओं मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर मिशन मोड़ मे लगाया जा रहा है। बता दें की राज्य मे बिजली को लेकर किरायेदारों और मकान मालिकों के बीच विवाद की बात सामने आती रहती थी, अब इस विवाद के समाधान में स्मार्ट प्रीपेड मीटर बेहतर भूमिका निभायेगा। अब किरायेदार अपनी पहचान और मकान में निवास का प्रमाण वाले कागजात यथा-रेंट एग्रीमेंट के साथ आवेदन कर बिजली कंपनी के माध्यम से स्मार्ट प्रीपेड मीटर निःशुल्क लगवा सकेंगे.
सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की नयी व्यवस्था के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर मे उपभोक्ता जितने का रिचार्ज करवायेंगे उतने की बिजली की खपत कर सकेंगे। इस मीटर का डाटा सुरक्षित रहता है, इसलिए गड़बड़ी की आशंका नहीं है। स्मार्ट मीटर से बिजली बिल बकाया रहने का झंझट खत्म हो जायेगा साथ ही किरायेदार के स्मार्ट प्रीपेड मीटर की वजह से मकान मालिक अब बिजली बिल के बकाये की समस्या से बचे रहेंगे।
बिक्रमगंज शहरी क्षेत्र मे लगभग 9890 एवं ग्रामीण क्षेत्र मे 81127 उपभोक्ता हैं। शहरी क्षेत्र में किरायेदारों को अलग से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होगी।
विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा आगे बताया गया की राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटर एक वेब-मॉनीटरिंग सिस्टम से जुड़ा है इसके लग जाने से राजस्व संग्रह की प्रक्रिया और आसान हो जायेगा तथा स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाणिज्यिक नुकसान को कम करेगा।
पहले बिजली मीटरों में पोस्टपेड व्यवस्था लागू थी ऐसे में किरायेदार यदि अपने नाम से बिजली कनेक्शन लेकर उसका बिल चुकाये बिना ही मकान बदल लेता था तो बकाये राशि की वसूली संबंधित मकान के मालिक से की जाती थी।

# रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव को लेकर जिला पदाधिकारी ने किया प्रेस वार्ता

प्रात: किरण संवाददाता

रामगढ़ कैमूर । जिले के रामगढ़ विधानसभा चुनाव की भारतीय निर्वाचन आयोग की घोषणा की पृष्ठभूमि में जिला पदाधिकारी कैमूर द्वारा प्रेस वार्ता करके आवश्यक जानकारियां दी गई।उन्होंने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी तथा 25 अक्टूबर तक नॉमिनेशन फॉर्म लिए जाएंगे।28 अक्टूबर को नॉमिनेशन पेपर का स्क्रुटनी होगा तथा 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापसी कर सकते हैं। मतदान की तिथि 13 नवंबर है तथा 23 नवंबर को मतगणना की




जाएगी।
रामगढ़ विधानसभा के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता मोहनिया को निवार्ची पदाधिकारी जबकि सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी दुर्गावती रामगढ़ और नुआंव अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सभी निवार्ची पदाधिकारी और सहायक निवार्ची पदाधिकारी सहित अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि चौक चौराहे के अतिरिक्त सोशल मीडिया पर भी आदर्श आचार संहिता के मूल भावना के अनुरूप चौकस निगाहें रखें तथा कहीं भी दोषी पाए जाने पर निर्वाचन अधिनियमों के सुसंगत प्रावधानों के तहत त्वरित कार्रवाई करें। इस विधानसभा उपचुनाव के सफल संचालन तथा पक्षपात रहित निर्वाचन के लिए प्राप्त सुझावों,शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए टोल फ्री नंबर 1950 चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा।
रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 290626 है जिसमें पुरुष 150406,महिला 139152 अन्य 2 तथा सर्विस वोटर 1066 हैं।निर्वाचन आयोग की आधिकारिक सूचना के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है तथा जगह-जगह दंडाधिकारी और पुलिस पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति की जा रही है।जिला दंडाधिकारी ने बताया कि सभी प्रकार के परमिशन तथा पास आदि के लिए अनुमंडल पदाधिकारी मोहनिया को अधिकृत किया गया है।
उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में आम जनमानस की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा लोकतंत्र की मूल भावना के अनुरूप साफ, स्वच्छ,निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया में सभी अभ्यर्थियों को भाग लेने की अपील भी की।

# मिस्त्री को बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर, मिस्त्री की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज ।एनएच 120 बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर संध्या करीब 6:30 बजे बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरना पेट्रोल पंप के सामने सड़क के किनारे खड़े मिस्त्री को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिस दौरान मिस्त्री बुरी तरह से जख्मी हो गए। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोग जैसे ही मिस्त्री के पास पहुंचे तो घटना को अंजाम देकर बाइक को छोड़ चालक भाग निकला। जिस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने जख्मी मिस्त्री के परिजनों एवं स्थानीय पुलिस को दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जख्मी मिस्त्री काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मूंजी निवासी स्वर्गीय शाहगामा खान के 65 वर्षीय पुत्र हाशिम खान बताए जाते हैं। जो बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर बरना पेट्रोल पंप के सामने टायर और पंचर का दुकान चलाते थे। घटना की सूचना मिलते ही जख्मी मिस्त्री के परिजन एवं स्थानीय पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। आनन-फानन की स्थिति में जख्मी मिस्त्री के परिजन उनको प्राथमिक इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर अस्पताल के चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज करते हुए नाजुक स्थिति को देख बेहतर इलाज के लिए सासाराम जमुहार अस्पताल रेफर कर दिया। उसके उपरांत उनके परिजन बेहतर इलाज के लिए जमुहार अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही जख्मी मिस्त्री ने दम तोड़ दी। जिस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम सा मच गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि जख्मी हालत में मिस्त्री को उनके परिजनों द्वारा प्राथमिक इलाज के लिए जमुहार सासाराम अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई।
थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों से कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के उपरांत उनके शव को सौप दिया गया है।

# काराकाट नगर पंचायत क्षेत्र मैं नहीं होगी करूप पैक्स की चुनाव

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के काराकाट नगर पंचायत में नहीं होंगे पैक्स के चुनाव सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद तिवारी एवं कृष्ण कुमार सिंह ने उच्चतम न्यायालय में रीट संख्या 14593 / 2024 डायर किए थे ।
उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में रजिस्टर सहकारिता विभाग ने पूरे बिहार के नगर पंचायत / नगर परिषद में शामिल पंचायत को बिना पूर्ण गठन किये पैक्स चुनाव कराने पर अबिलंब रोक लगा दिया है। मालूम हो कि काराकाट प्रखंड के करूप पंचायत के दो गांव नगर पंचायत गोडारी में शामिल हो गए थे जिस कारण से पैक्स का चुनाव अबिलंब रोक दिया गया है। उप विधि में संशोधन किये बिना नगर पंचायत में चुनाव नहीं होगा नगर क्षेत्र में शामिल हो गए जिन पैक्सों के नाम और उपविधि में संशोधन नहीं हुआ है वहां चुनाव नहीं होंगे सहकारिता विभाग के निबंधक ने ऐसे नगर पैक्स का निर्वाचन प्रस्ताव वापस लेने का आदेश दिया है । उन्होंने इसके लिए एक्ट का हवाला दिया है सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि ग्राम पंचायत के नगर निकाय के रूप में परिवर्तन के बाद ऐसे पैक्सों के नाम में परिवर्तन करने और उसके अनुसार उपविधि में संशोधन पूर्ण गठित करने का निर्देश दिया गया है इसके बावजूद कई जिले में शिकायत आ रही है कि उपविधि में संशोधन किए बिना ही कई नगर पैक्सों का चुनाव प्रस्ताव बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को भेज दिया गया है ।
यह बिहार सहकारी समिति अधिनियम संशोधन 1935 की धारा 44(एक्यू ) की उप धारा 2 ए का उल्लंघन है। इसलिए नगर निकाय के रूप में शामिल पैक्सों के नाम परिवर्तन करने पैक्सो की उपविधि में संशोधन करने के बाद ही पैक्स निर्वाचन प्रस्ताव भेजा जाय यदि बिना पूर्ण गठन और संशोधन के ही प्रस्ताव भेज दिया गया है तो उसे शीघ्र वापस लिया जाए ।

# बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी ने भी दिया बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना

प्रात: किरण संवाददाता




आरा । बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर मोदी-नीतीश की डबल इंजन की सरकार में स्मार्ट मीटर के माध्यम से जनता की गाढी कमाई को जबरन लूट-पाट करने के खिलाफ बिजली विभाग कार्यालय (पूर्वी रेलवे गुमटी) समक्ष एक विशाल एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम और संचालन जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्य प्रकाश राय व धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ अमित कुमार द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त बतौर जिला पर्यवेक्षक श्री लालन यादव जी उपस्थित रहे।
धरना को सम्बोधित करते हुए भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने कहा की माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायदेशानुसार उपभोक्ता के बिना सहमति से स्मार्ट मीटर लगाना पूर्णतः अब्यवहारिक और गैरकानूनी कृत्य है। बिहार में बिजली विभाग माननीय न्यायालय के आदेश को भी अनदेखा कर सभी घरों में जबरजस्ती स्मार्ट मीटर लगवा रही लगाना हैं, जो लोग नहीं लगाना चाहते हैं उनके साथ जबरदस्ती किया जा रहा हैं। यह सारा कृत्य केंद्र सरकार के इशारें पर अडानी की निजी एजेंसी को लाभ पहुचाने के लिए किया जा रहा हैं। चूँकि यह स्मार्ट मीटर है इसलिए इसमें घर-घर जाकर मीटर रीडिंग करने की व्यवस्था नहीं है। इसे केन्द्रीयकृत तरीके से संचालित किया जा रहा है एवं मनमाने ढंग से पैसे की उगाही की जा रही है। सरकार अडानी की इस एजेंसी को जनता की गाढ़ी कमाई लुटने की खुली छुट दे रखी हैं। उर्जा विभाग के प्रधान आई० एस० अधिकारी संजीव हंस को स्मार्ट मीटर कम्पनी के द्वारा 3.5 करोड (तीन करोड पचास लाख) की मर्सिडी एवैच कार गिफ्ट में देती है जो सर्व विदित है। सरकार की खुद की जांच एजेंसी ई० डी० द्वारा जांच के क्रम में करोडों रुपएं की अवैध सम्पत्ति मिलने के बावजूद संबंधित अधिकारी का आज की तिथि तक निलंबन/बर्खास्तगी नही होना घोर आश्चर्य और जांच का विषय है। यह सब खेल सरकार की पूर्ण जानकारी और संरक्षण में खेली जा रही हैं। यह कृत्य सुशासन की सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के दावों की कलई खोलने के लिए पर्याप्त है।
इस विशाल एकदिवसीय धरना कार्यक्रम में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, बतौर प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त जिला पर्यवेक्षक ललन यादव, शिव कुमार सिंह, सत्यप्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, अशोक यादव, डॉ श्रीधर तिवारी, नागेंद्र मिश्र, बिरेन्द्र मिश्र,उपेन्द्रे सिंह मुखिया, प्रेम प्रकाश पांडेय, संतोष पांडेय, डॉ श्रीधर तिवारी, जितेंद्र शर्मा, बिजेन्द्र यादव, मालती पांडेय, श्रीकांत बाबा, राकेश त्रिपाठी, पन्नग त्रिपाठी, अब्दुल सलाम कुरैसी, मनोज कुमार अंजनी, लाल शरण सिंह, तीर्थनाथ दुबे, सत्यनारायण लाल, अरबिंद सिंह, चिरंजन सिंह, शिव शंकर चौबे, लाल मोहन सिंह, मदन मोहन, रबी राम, लुटावन राम चौरसिया, जमील खां, आनंद तिवारी, बैक्टेश पासवान, नंदजी राम, भरत राम, ललन सिंह कुशवाहा, कुंती देवी, फुलवन्ति देवी, चिंता देवी, उर्मिला देवी, पुष्पा देवी, विश्वनाथ पासवान, कौशल पाशवान, मीना देवी, नीरज कुमार, ब्यास मुनि पासवान, सहित सैकड़ों कांग्रेसी पार्टी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता शिव कुमार सिंह डॉ शशि कुमार सिंह लोगों शामिल हुए ।

# छात्र रालोमो ने बनाया वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष व प्रभारी

प्रात: किरण संवाददाता

आरा । राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय उपेंद्र कुशवाहा के निर्देशानुसार छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कुशवाहा ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विकास पासवान एवं प्रभारी अमरेंद्र मोहन पाठक को बनाया है । इस मौके पर विकास पासवान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय उपेंद्र कुशवाहा जी एवं छात्र प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कुशवाहा जी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस उम्मीद के साथ हमें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का अध्यक्ष बनाया गया है मैं उस उम्मीद पर खरा उतरूंगा और पार्टी के लिए एवं छात्र हित के लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पूरी लगन के साथ कार्य करूंगा। साथी ही वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रभारी बनने पर अमरेंद्र मोहन पाठक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय उपेंद्र कुशवाहा जी को धन्यवाद दिया एवं कहां की मै वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के छात्रों के हित में हमेशा आवाज उठाता रहूंगा और पार्टी को नई बुलंदी पर पहुंचाने के लिए हमेशा काम करता रहुंगा।
इस मौके पर बधाई देने वालों मे भोजपुर जिले के छात्र जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा , जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा ,सुनील पाठक, बद्री नारायण पाठक ,जागा कुशवाहा, सुबोध केसरी, प्रिंस कुशवाहा, सुमित गोस्वामी,कमल देव नारायण सिंह,पवन कुशवाहा साहित अन्य थे।

# आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ा हार्डकोर नक्सली संतोष पासवान, थानेदार की हत्या के बाद 19 साल से था फरार, आईईडी से पुल उड़ाने का भी आरोप



प्रात: किरण संवाददाता

आरा:भोजपुर के तरारी थानेदार की हत्या 19 साल पहले हार्डकोर नक्सली संतोष पासवान ने की थी। तब से पुलिस की आंख में धूंल झोकक र वो फरार था। आईईडी बम से पुल गिराने सहित कई नक्सली वारदात को बेखौफ अंजाम देता आ रहा था। कई बड़े कांड में वांछित हार्डकोर नक्सली को आज भोजपुर पुलिस ने धड़ दबोचा है। पुलिस इसे बड़ी कामयाबी मान रही है।
कानून के हाथ लंबे होते है, यह आज भोजपुर पुलिस ने सच कर दिखाया है। भोजपुर पुलिस को 19 साल बाद एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। 19 साल पहले तरारी थानाध्यक्ष राज किशोर शाह की 2005 में हार्डकोर नक्सली संतोष पासवान ने निर्मम हत्या कर दी थी। थानेदार की हत्या के बाद से वो फरार चल रहा था। भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज की स्पेशल टीम ने उसे धड़ दबोचा।
जिस हार्डकोर नक्सली की गिरफ्तारी हुई वो भोजपुर,औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, जहानाबाद जैसे कई जिलों में वांछित था। उसके ऊपर आईईडी बम लगाकर पुल गिरने का मामला भी दर्ज है। भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि भोजपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हार्डकोर नक्सली संतोष पासवान अपने गांव जैसीडीह आया हुआ है।
इस सूचना के बाद भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने पिरो एसडीओपी केके सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी शुरू की और हार्डकोर नक्सली संतोष पासवान को उसके पैतृक गांव पिरो अनुमंडल के जैसीडीह से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली के ऊपर कई नक्सली मामले दर्ज हैं। आखिरकार 19 साल बाद भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

# दुर्गापूजा संपन्न होते ही दीपावली पर्व की तैयारी में जुटे लोग

बिक्रमगंज(रोहतास) : मातृ शक्ति पूजन अर्थात दुर्गापूजा संपन्न होते ही सभी लोग दीपावली पर्व की तैयारी में युद्ध स्तर पर जुट गए है । अनुमंडल भर में इस वर्ष 29 अक्टूबर को धनतेरस और 31 अक्टूबर को उत्साह के साथ दीपावली का पर्व मनाया जाएगा । घर एवं कार्य स्थल से पुराने सामानों को हटाया जा रहा है । इसके बाद साफ- सफाई एवं पेंटिंग का काम किया जाएगा । बाजार की दुकानें आम दिनों की अपेक्षा जल्दी खुलने लगी है और देर रात तक खोलकर साफ-सफाई की जा रही है । दुकानदार दिन-रात एक कर अपने दुकानों की साफ- सफाई एवं रंग-रोगन कर रहे हैं । शहर के दुकानदार राजा व मुन्ना कुमार ने बताया कि लगातार पर्व होने के कारण बाजार की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रहती है । ऐसे में दीपावली का पर्व नजदीक आने पर दुकानों की साफ-सफाई करना संभव नहीं हो पाता है । इसलिए दुर्गापूजा संपन्न होते ही लोग अपने दुकानों,घरों एवं प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई कर सजाने संवारने में जुट जाते हैं । हालांकि इस बार दीपावली पर्व पर घर,प्रतिष्ठान एवं दुकानें को सजाना आसान नहीं होगा । दीपावली के पहले से ही डिस्टेंपर, रंग,पेंट,ब्रश के दामों में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ है । वहीं पेंट करने की मजदूरी भी काफी महंगी हो गई है । ऐसे में घर को निखारने का बजट बढ़ जाने के कारण कई लोग इस बार घर में पेंट नहीं करा रहे हैं । जबकि कई ऐसे लोग भी हैं जो पूरे घर का नहीं बल्कि जरूरत के मुताबिक ही पेंट करवा रहे हैं ।

# विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात जलाना पड़ा महँगा, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज। मुख्यालय से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं के द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच प्रखंड सूर्यपुरा के उपभोक्ता का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर ग्राम-सूर्यपुरा के लालजी राम पर 88501, अशोक राम पर 90097, करण राम पर 69453 एवं रविंद्र साह पर 96379 रुपए दंडित राशि लगायी गयी है। कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा आनंद कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वह अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें ।

# आईटीसी मंगलदीप ने फ्यूजन अगरबत्ती की नई रेंज का किया उद्घाटन




प्रात: किरण संवाददाता

भारत की प्रमुख अगरबत्ती ब्रांडों में से एक ह्यआईटीसी मंगलदीप ने अपनी अनोखी अगरबत्ती रेंज ह्यमंगलदीप फ्यूजन को लॉन्च किया है। आईटीसी मंगलदीप की यह नई पेशकश पारंपरिक और आधुनिक खुशबुओं का अनोखा मिश्रण है जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के अनुभव को और भी खास बनाना है। मंगलदीप फ्यूजन उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो अपनी आध्यात्मिक प्रथाओं में मन की शांति और समृद्धि की तलाश करते हैं और साथ ही आधुनिकता को भी अपनाते हैं। इसमें सावधानीपूर्वक चुनी गई प्राकृतिक सामग्री और खुशबुओं को शामिल किया गया है, जो भारतीय घरों में पारंपरिक रूप से उपयोग की जाती हैं। यह अगरबत्ती के अनुभव को एक आधुनिक खुशबूदार अनुभव में बदलने का प्रयास करती है।फ्यूजन के हर पैक में तीन प्रकार की अगरबत्तियाँ होती हैं। इनमें से प्रत्येक पैक में एक पारंपरिक और एक आधुनिक खुशबू का अद्वितीय संयोजन होता है। हर चारकोल फ्री पैक चंदन की शांति भरी महक को खस की मिट्टी जैसी सुगंध के साथ या लैवेंडर की सुकून देने वाली खुशबू को सेज की गहरी सुगंध के साथ जोड़कर, रोज की प्रार्थनाओं में ताजगी और नयापन लाता है। इसके अलावा इसमें सम्ब्रानी की समृद्ध, मनमोहक और शानदार खुशबू का मिश्रण किया गया है।
लॉन्च के अवसर पर आईटीसी लिमिटेड के प्रमुख कार्यकारी, माचिस एवं अगरबत्ती बिजनेस डिवीजन श्री गौरव टायल ने कहा कि हम मंगलदीप फ्यूजन को लॉन्च करके बेहद प्रसन्न हैं। यह नई सोच में हमारी शक्ति का प्रतीक है और साथ ही हमारी परंपरा को भी मजबूती देता है। मंगलदीप में हम इस इनोवेटिव लॉन्च के लिए उत्साहित हैं। हमारे उपभोक्तओं और ट्रेड पार्टनर्स से मिली उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया ने हमें इसके लिए प्रेरित किया है। यह नई रेंज सिर्फ एक उत्पाद लॉन्च नहीं है बल्कि यह शाश्वत भक्ति का एक आधुनिक संस्करण है जिसमें पारंपरिक सामग्रियों को समकालीन सुगंधों के साथ मिलाया गया है

# 129 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसानों ने एक्सप्रेस-वे नहीं बनने देना का लिया संकल्प

## उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसान 129 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना बैठे

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर चांद। बुधवार को अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसानों ने बिना उचित मुआवजा मिले एक्सप्रेस-वे निर्माण नहीं होने देने का संकल्प लिया। भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के अधिकृत पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप स्थल मसोई में किसानों ने 129 वा दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा हुआ है। धरना स्थल पर बैठे दर्जनों किसानों ने बिना उचित मुआवजा मिले एक्सप्रेस-वे निर्माण एक इंच नहीं होने देना का संकल्प लिया। पिछले 129 दिन से किसान टेंट लगाकर धूप बारिश या ठण्डक में अनिश्चितकालीन धरना से हिले नहीं है। धरना पर बैठे वयरी भेरी खैंटी मसोई कुरई आदि गांवों के किसानों ने कहा जबतक सरकार उचित मुआवजा की घोषणा नहीं करती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना चलता रहेगा। पंजाब हरियाणा के तर्ज पर किसानों ने धरना स्थल मसोई में लंगर का आयोजन किया जा रहा है। किसान ढोल नगाड़ों के साथ धरना पर बैठे हुए नीतीश कुमार को कोश रहे हैं। किसानों के द्वारा उचित मुआवजा नहीं तो एक्सप्रेस-वे नहीं नीतीश कुमार होश में आओ पीएनसी कंपनी वापस जाओ के नारे जोर जोर से लगा रहे हैं। धरना स्थल पर बैठे किसानों के जोश एवं उत्साह को देखकर नहीं लगता की सरकार कैमूर जिले में एक्सप्रेस-वे का निर्माण करा पाएगी। धरना में शामिल ठाकुर प्रसाद गोंड धर्मेन्द्र शर्मा राजेश कुमार गुप्ता संतोष खरवार इन्द्रजीत कुमार अमित रंजन सिंह अयोध्या पाण्डेय पवन पांडेय उदयनाथ सिंह आदि किसानों से पुछा गया कितना दिन तक अनिश्चितकालीन धरना चलाते रहोगे। किसानों ने कहा मरते दम तक। धरना में शामिल पशुपति नाथ सिंह महासचिव किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने किसानों के उत्साह बढ़ाते हुए कहा हौसला बनाए रखें जल्द ही आपकी मांग पुरा होने की संभावना है। उन्होंने ने कहा कैमूर जिले के हजारों किसानों ने अपने जमीन की उचित मुआवजा के लिए जबरदस्त जुझारू पन दिखाया है। महासचिव ने कहा मरते दम तक लड़ते रहेंगे। बिहार सरकार ने भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण के लिए हजारों किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण कर केंद्र सरकार को सुपुर्द की है। बिहार सरकार ने भूमि अधिग्रहण करते समय किसानों की राय नहीं ली गई एवं भूमि की प्रकृति में बड़ी गड़बड़ी कर दी है। किसानों ने भूमि अधिग्रहण के अवार्ड को देखा तो सन्न रह गए। किसानों ने 2013 सर्किल रेट से किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की तो किसान अवाक रह गए। भूमि अधिग्रहण में किसानों की बहुत किमती एवं उपजाऊ भूमि ली गई है। किसानों को मुआवजा 2013 सर्किल रेट के आधार पर दिया जा रहा है।जो बाजार मूल्य से बहुत ही कम है। भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी को दुर करने एवं उचित मुआवजा एवं सर्किल रेट बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले ढाई साल से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। किसानों ने पीएनसी कंपनी बेस कैंप स्थल मसोई में पिछले 129 दिन से धरना दे रहे हैं।

# काउप में नाट्य प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत




प्रात: किरण संवाददाता

गड़हनी(भोजपुर)। जिले के गड़हनी प्रखंड अंतर्गत काउप गाँव में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय नाट्य प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन देवी प्रतिमा विसर्जन के बाद बुधवार को किया गया।समारोह का उद्घाटन उच्च माध्यमिक विद्यालय पडरिया के प्रधानाध्यापक ओमनारायण साह,संथापक भगवान सिंह, अध्यक्ष राजबिहारी पासवान,सचिव पिंटु,कोषाध्यक्ष अनील सहित अन्य कई गणमान्य लोंगो के द्वारा फीता काटकर किया गया। निर्णायक मंडल के द्वारा बारी-बारी से सभी पांच टीमो के कलाकारो को बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर शील्ड मेडल प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।वहीं पांच दिवसीय नाट्य प्रतियोगिता के प्रथम विजेता गड़हनी नाटक भाई-भाई का बंटवारा,द्वितीय पवना नाटक बेटी हई गरीब के,तृतीय पहरपुर नाटक बिहाउती चुनरी को को शील्ड मेडल प्रशस्तिपत्र और नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया।मौके पर सभी निर्णायक मंडल के सदस्य गण उपस्थित थे।



## नवंबर में वॉर 2 के क्लाइमेक्स की शूटिंग करेंगे ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर!

वॉर 2, 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म अपने एलान के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म को लेकर नई-नई जानकारियां सामने आती रहती हैं। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग की भी झलकियां सोशल मीडिया पर वायरल होती है, जिसे देख फैंस काफी खुश हो जाते हैं। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर एक बार फिर दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो इसके क्लाइमेक्स से जुड़ी हुई है। ऋतिक रोशन साउथ सुपरस्टार एनटीआर जूनियर के साथ वॉर 2 के रोमांचक क्लाइमेक्स की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं, जो नवंबर 2024 में शुरू होने वाली है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म काफी उत्साह पैदा कर रही है, क्योंकि इसमें पहली बार भारतीय सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे एक साथ आ रहे हैं। इस परियोजना का फिल्मांकन फरवरी 2024 में शुरू हुआ और तब से यह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर हो चुका है।
वहीं, अब रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वाईआरएफ वर्तमान में प्री-प्रोडक्शन में व्यस्त है, जो भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे भव्य क्लाइमेक्स सीक्वेंस में से एक होने की उम्मीद है। ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर एक गहन शूटिंग अवधि की तैयारी कर रहे हैं, जो नवंबर 2024 के पहले सप्ताह में शुरू होगी। इस क्लाइमेक्स सीक्वेंस का एक हिस्सा मुंबई में फिल्माया जाएगा, जबकि दूसरा महत्वपूर्ण हिस्सा ऐसी जगह पर फिल्माया जाएगा, जिसका खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि क्लाइमेक्स की शूटिंग 20 दिनों की अवधि में होने का अनुमान है।
इसके लिए ऋतिक ने शारीरिक बदलाव भी किए हैं। वह शक्ति और गति प्रशिक्षण के साथ-साथ प्लायोमेट्रिक अभ्यासों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो उच्च-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को प्रभावी ढंग से दिखाने लिए आवश्यक हैं। इसके साथ ही वह खास दृश्यों की तैयारी कर रहे हैं ,जो क्लाइमेक्स का अहम हिस्सा होगा। फिल्म में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा आडवाणी भी मुख्य भूमिका में हैं। वॉर 2 वाईआरएफ द्वारा बनाई गई स्पाई दुनिया की छठी फिल्म होगी। इससे पहले आई फिल्मों में एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है , वॉर, पठान और टाइगर 3 शामिल हैं। यह फिल्म अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म भारत के स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त, 2025 को बड़े पर्दे पर आने वाली है।





# मैं टेलिविजन से ब्रेक ले चुकी थी, मैंने उस फिल्म पर बहुत कुछ दांव पर लगाया था

बीते कुछ अरसे से टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस कृतिका कामरा विविधरंगी भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। भीड़, हश हश, बंबई मेरी जान और ग्यारह ग्यारह जैसी कई वेब सीरीज में नजर आने वाली कृतिका कामरा ने मनोरंजन जगत में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत की है। इस खास मुलकात में वे अपनी जिंदगी के अनछुए पहलुओं पर बात करती हैं।

**बीते लंबे अरसे से आप परदे पर कई मजबूत महिला पात्रों को साकार कर रही हैं, मगर एक लड़की होने के नाते आपको आम जिंदगी में सबसे ज्यादा क्या बात परेशान करती है?**

ये हमारा सामाजिक ढांचा है, हमारी कंडिशनिंग भी ऐसे ही की जाती है कि हमें बहुत ही कच्ची उम्र से ये सिखाया जाता है कि एक लड़की को आकर्षक, सबकी बात मानने वाली, सॉफ्ट और मृदुभाषी होना चाहिए। जितनी वो शांत होगी, उतनी ही अच्छी लड़की होगी। ये सब होना आपके गुणों में माना जाता है। आपको सिखाया जाता है कि आप पहले दूसरों को खुश रखिए, दूसरों को खाना खिलाइए और दूसरों का ख्याल पहले रखिए। ये कंडीशनिंग आपको बचपन से दी जाती है। इसे आप अपने घर में अपनी मम्मी को करते देखते हैं। आपने अपने आस-पास करते देखा है। कई बार ये सेवा भावना आप में भर दी जाती है, मगर जब आप अपनी व्यावसायिक जिंदगी में आते हैं, तब आपको कई बार इस कंडीशनिंग को पीछे छोड़ना पड़ता है। अब देखिए, एक्ट्रेस को लेकर तो ये बात बहुत आसानी से कह दी जाती है कि इसके तो टैंट्रम हैं। मेरे लिए प्रोफेशनलिज्म बहुत जरूरी है, मगर कई बार हम पर ये टैग लगाया जाता है कि उसे हैंडल करना मुश्किल है। लड़कियों को लेकर आसानी से जजमेंट पास किया जाता है। मुझे ये तमाम बातें बाहर परेशान करती हैं।

**आप आज के दौर की लड़कियों से क्या कहना चाहेंगी?**

यही कि वे आत्मनिर्भर हों। आर्थिक रूप से उनका स्वावलंबी होना बहुत जरूरी है। तभी वे अपने फैसले लेने की हिम्मत कर पाएंगी। मुझे मेरे पापा ने बहुत ही बचपन में आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया था। उन्होंने मुझे सिखाया था कि आर्थिक तौर पर आत्म निर्भर होना जरूरी है और साथ ही अपनी पहचान रखना भी। आप जब खुद कमाने लगते है, तो आजादी का एक अलग भाव आप में आता है। आपको किसी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं पड़ती। आपके पास अपने पैसे होते हैं, जो आप अपनी मनमर्जी से खर्च कर सकते हैं।

**आपके करियर का एक दौर ऐसा भी रहा, जब आप करण जौहर और एकता कपूर की एक बड़ी फिल्म से बॉलिवुड डेब्यू भी करने वाली थीं? मगर जब वो नहीं हुआ, तो क्या आप निराश थीं?**

ये वो दौर था, जब मैं टीवी में काफी काम कर चुकी थी। मैं इन लोगों से फिल्म को लेकर मिली थी और सब कुछ फाइनल हो गया था। हमने स्क्रिप्ट की रीडिंग आदि कर ली थी। कॉस्ट्यूम का ट्रायल भी हो चुका था। शूटिंग शेड्यूल की डेट्स का कैलेंडर भी आ गया था। मगर बजट के इश्यूज के कारण वो फिल्म ही नहीं बनी। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण था। मगर उसमें मेरी कोई गलती नहीं थी। मुझे बुरा बहुत लगा, क्योंकि मैं टेलिविजन से ब्रेक ले चुकी थी। मैंने उस फिल्म पर बहुत कुछ दांव पर लगाया हुआ था। मुझे इंतजार करना पड़ा, मगर मैंने हिम्मत नहीं हारी। मैंने लोगों से मिलना-जुलना जारी रखा। मैं लगातार ऑडिशन देती गई। फलस्वरूप मुझे फिल्म मित्रों मिली। फिर ओटीटी हुआ और मेरे अभिनय का रास्ता प्रशस्त होता चला गया। मैंने सीखा कि मौका आपके पास चल कर नहीं आएगा। आपको अवसर तलाशने पड़ेंगे।

**आपके करियर की शुरुआत टीवी से हुई। लोगों का कहना है कि छोटा पर्दा रिग्रेसिव कॉन्टेंट परोसता है। क्या आप भी ऐसा मानती हैं?**

छोटे पर्दे पर भी मैंने कोशिश की कि मैं प्रोग्रेसिव कॉन्टेंट का हिस्सा बनूं। मैंने कुछ तो लोग कहेंगे, रिपोर्टर्स जैसे शोज किए। मैंने कभी कोई सास-बहू ड्रामा नहीं किया। मैंने कभी ऐसे शोज नहीं किए, जहां फीमेल लीड को सिर्फ प्रताड़ना मिलती हो। अगर हम टीवी के दर्शकों की बात करें, तो देश का बहुत बड़ा हिस्सा टीवी धारवाहिक ही अफोर्ड कर पाता है। वे ओटीटी का सब्सक्रिप्शन या फिल्मों का टिकट लेना अफोर्ड नहीं कर पाते, मगर ये भी देखिए कि हमारे देश की बहुत बड़ी जनसंख्या अभी भी पिछड़ी हुई है और वे इससे रिलेट करते हैं, मगर यदि यह बदलाव ग्रास रुट लेवल पर आए, तो वो दर्शक भी इस कॉन्टेंट को रिजेक्ट कर देंगे।

## काजोल संग दोबारा काम करने पर कृति सेनन ने जताई खुशी



14 अक्तूबर को कृति सेनन और काजोल अभिनीत दो पत्ती का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। एक भव्य लॉन्च समारोह में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया, जिसमें फिल्म को लेकर कई जानकारियां भी साझा की गईं। इस फिल्म के जरिए एक बार कृति सेनन और काजोल साथ में नजर आने वाली हैं। इससे पहले दोनों अभिनेत्रियों ने रोहित शेट्टी की फिल्म दिलवाले में नजर आई थीं। एक बार फिर काजोल के साथ स्क्रीन साझा करने को लेकर कृति सेनन ने अपना अनुभव साझा किया।

### कृति सेनन ने की काजोल की तारीफ

साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म दिलवाले के बाद एक बार फिर काजोल और कृति एक साथ नजर आने वाली हैं। काजोल के साथ काम करने को लेकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए कृति सेनन ने कहा कि वह इसे लेकर काफी उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि चूंकि दिलवाले फिल्म में उन्होंने काजोल के साथ स्क्रीन पर ज्यादा काम नहीं कर पाई थीं, इसलिए वो इस बार ज्यादा से ज्यादा बार काजोल के साथ स्क्रीन साझा करना चाहती थीं। इस दौरान कृति ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि उनमें लगातार निखार आता जा रहा है। कृति ने आगे कहा, जब कनिका ने मुझे बताया कि काजोल ने इस भूमिका के लिए हामी भर दी है, तो मैं बहुत उत्साहित थी। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं और उन्हें स्क्रीन पर देखकर मैं हमेशा आश्चर्यचकित रह जाती हू। वो हर बार स्क्रीन पर अपनी खूबसूरती बिखेरती हैं और वो जिस तरह से दिखती हैं, उसमें और भी निखार आ रहा है।

### काजोल ने कृति की तारीफ में कहा

काजोल ने भी कृति की तारीफ करते हुए कहा, इस बार, दो पत्ती में, हमारे साथ में बहुत सारे दृश्य थे। उनके साथ एक फिल्म काफी नहीं थी, मुझे दो-दो मिल गई। दिलवाले से लेकर अब तक उन्हें बढ़ते हुए देखना और इस दौरान उनका राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना अद्भुत रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। बताते चलें कि कृति ने इस फिल्म का सह-निर्माण भी किया है। फिल्म का निर्देशन शशांक चतुर्वेदी ने किया है। फिल्म 25 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म में काजोल, कृति सेनन के अलावा टीवी के लोकप्रिय अभिनेता शहीर शेख भी नजर आएंगे।

## जिगरा विवाद के बीच आलिया को मिला सामंथा का साथ

आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा 11 अक्तूबर को रिलीज हुई हालांकि, फिल्म रिलीज के बाद से ही विवादों में घिरती नजर आई है। फिल्म पर बॉक्स ऑफिस नंबरों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। इसी बीच सामंथा रुथ प्रभु सोशल मीडिया पर फिल्म और आलिया भट्ट के प्रदर्शन की प्रशंसा करती नजर आई हैं। फिल्म का पोस्टर साझा कर सामंथा ने लिखा, आलिया आप बाघिन हो, मैं आपसे नजरें नहीं हटा पा रही हूं। सामंथा ने वासन बाला की तारीफ करते हुए लिखा, वासन बाला आपने एक अनूठी फिल्म बनाई है।





## फिल्म 'घमासान' में ददुआ डकैत के किरदार में नजर आने वाले हैं अरशद वारसी

निर्देशक तिग्मांशु धूलिया की आरामतलब कार्यशैली को लेकर मुंबई फिल्म जगत में भीतरखाने खूब चर्चा पाने वाली फिल्म 'घमासान' पूरी हो चुकी है। फिल्म में डकैत ददुआ के किरदार में अभिनेता अरशद वारसी और आईपीएस अफसर अमिताभ यश के किरदार में अभिनेता प्रतीक गांधी नजर आने वाले हैं। अरशद वारसी और प्रतीक गांधी पहली बार किसी फिल्म में यूं आमने सामने हैं और इस फिल्म को लेकर सबसे ज्यादा उत्सुकता अरशद वारसी के प्रशंसकों को है जो उन्हें एक डकैत की भूमिका में देखने के लिए काफी लालायित रहे हैं। ददुआ का एक समय में उत्तर प्रदेश में खासा आतंक रहा है और सूबे में फतेहपुर जिले के गांव कबरहा में उसके नाम का एक मंदिर भी है। फिल्म का निर्माण वैसे तो जियो स्टूडियोज ने किया है, लेकिन उसका योगदान इस फिल्म में सिर्फ निवेशक का ही बताया जाता है। फिल्म को असल में गोल्डन रेशियो फिल्म्स ने बनाया है। इसी कंपनी ने इसकी कहानी चुनने से लेकर इसकी कास्टिंग और इसके वास्तविक सी दिखने वाली लोकेशन्स पर इसे शूट किया है। फिल्म की पहली कॉपी जिन लोगों ने भी देख ली है, वे मानते हैं कि ये फिल्म अरशद वारसी के करियर का टर्निंग प्वाइंट हो सकती है और, साथ ही हिंदी सिनेमा में दमदार खलनायकों की खाली जगह को भी एक विकल्प दे सकती है।





## ऑनलाइन ठगी के खिलाफ मेटा चलाएगा जागरुकता अभियान, आयुष्मान खुराना बने इसका हिस्सा

तकनीक में उन्नति के साथ-साथ कई तरह के ठगी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए मेटा ने एक नया सुरक्षा अभियान ठगी से बचाओ अभियान शुरु किया है। इसके तहत लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने और सुरक्षित डिजिटल उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर लोगों को शिक्षित किया जाएगा। इसके लिए मेटा ने बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ साझेदारी की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से मेटा का ये अभियान शुरु किया गया है, जो देश में ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से निपटने के सरकार के लक्ष्य का समर्थन करता है।

### लोगों को जागरुक करना है लक्ष्य

इस अभियान के तहत लोगों को आम जीवन में होने वाले ठगी को लेकर सतर्क रहने और किसी भी तरह की कार्रवाई करने से पलहे सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करता है। फिल्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर मौजूद सुरक्षा सुविधाओं को लेकर भी जागरुक करती है, जो लोगों को ऑनलाइन सुरक्षा नियंत्रण रखने में सक्षम बनाती है। वीडियो में, आयुष्मान खुराना शादी में आए वो मेहमान बने हैं, जो काफी सतर्क है। वो धोखाधड़ी के शिकार होने के कगार पर खड़े लोगों से मिलते हैं और तुरंत एक्शन लेते हुए हास्यपूर्ण अंदाज में उन्हें बचाते हैं। इस दौरान मेटा की सुरक्षा सुविधाओं जैसे टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, ब्लॉक और रिपोर्ट, व्हाट्सएप की ग्रुप प्राइवेसी सेटिंग्स का भी उल्लेख किया जाता है। इसमें बताया जाता है कि कैसे मेटा की ये सुविधाएं लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और खतरों से बचाने में मदद करता है।

### बढ़ते ऑनलाइन ठगी के इस दौर में सतर्क रहना जरूरी

इस अभियान की शुरुआत पर टिप्पणी करते हुए आयुष्मान खुराना ने कहा कि लोगों को अब काफी सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा,आज के डिजिटल दौर में, ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी की बढ़ती संख्या के साथ, जो कभी-कभी बहुत ही विश्वसनीय लगती है, वहां महत्वपूर्ण है कि हम सतर्क रहें और खुद को सुरक्षित रहने के तरीके के बारे में शिक्षित करें। मैं मेटा की सुरक्षा पहल का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जिसका उद्देश्य लोगों को संभावित साइबर घोटालों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रति जागरुक करना है। अभिनेता ने आगे कहा, ये महत्वपूर्ण है कि आप कोई भी कार्य करने से पहले दो बार सोचे और मेटा के सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें, जिससे आप अपनी ऑनलाइन सुरक्षा को नियंत्रित कर सकते हैं।






## इराया लाइफस्पेस लिमिटेड की सहायक कंपनी एबिक्स ग्लोबल सर्विसेज़ ने 250 मिलियन रुपये का मल्टी-ईयर कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त किया

**मुंबई।** इराया लाइफस्पेस लिमिटेड (बीएसइ-531035) ने घोषणा की है कि उसकी इंडियन भारतीय सब्सिडियरी एबिक्सकैश ग्लोबल सर्विसेज़ ने 250 मिलियन रुपये (लगभग) के एनुअल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू के साथ मल्टी-ईयर कॉन्ट्रैक्ट सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। इन कॉन्ट्रैक्ट्स में हेल्थकेयर, ई-कॉमर्स, एग्रीकल्चर, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज़ और इंश्योरेंस ( और टेलीकॉम सहित विभिन्न क्षेत्रों में बिज़नेस ऑपरेशंस, प्रॉसेस मैनेजमेंट और कस्टमर केयर सर्विसेज़ शामिल हैं। वर्तमान में, एबिक्सकैश ग्लोबल सर्विसेज़ 10 शहरों और 13 केंद्रों में 6,000 सीटों की क्षमता के साथ काम करती है, जिसमें लगभग 4,500 पूर्णकालिक समकक्ष (एफटीई) कार्यरत हैं। वे बीएसईएस यमुना, कई पब्लिक सेक्टर यूनिट्स, निजी क्षेत्र के बैंकों और नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों सहित उपयोगिता क्षेत्र में विभिन्न ग्राहकों को फ्रंट और बैक-ऑफिस सेवाएं देते हैं। औसतन सात वर्षों से अधिक के लॉन्ग-टर्म ग्राहक संबंधों के साथ, कंपनी का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक अपने कार्यबल को 11,000 तक विस्तारित करना है।

## एलेक्सा -एनेबल्ड डिवाइस आपके जीवन को स्मार्ट बनाने में मदद कर सकते हैं, बड़ी छूट पर हैं उपलब्ध

**भोपाल।** अमेज़न का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल आ गया है, और ग्राहक इस मौके पर कुछ बेहतरीन डील्स हासिल कर अपने घर को स्मार्ट बना कर सकते हैं। इको स्मार्ट स्पीकर और फायर टीवी डिवाइस पर 55 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश की जा रही है और ऐसी रियायत का अधिकतम लाभ उठाकर त्योहारी मौसम के लिए तैयारी करने का यह सबसे अच्छा समय है। स्मार्ट होम तैयार करना बिलकुल आसान है। इसके लिए बस एलेक्सा को किसी कम्पेटिबल डिवाइस के साथ जोड़कर उन्हें आसानी से नियंत्रित करने के लिए अंग्रेज़ी, हिंदी या हिंग्लिश में वॉयस कमांड का उपयोग करना है। इस त्योहारी मौसम में, ग्राहक सिर्फ 3,249 से शुरू होने वाले उत्पाद खरीदकर अपना स्मार्ट होम बना सकते हैं, जिसमें एक इको स्मार्ट स्पीकर और एक कम्पेटिबल स्मार्ट बल्ब शामिल होगा। यदि ग्राहक अपनी टीवी स्ट्रीमिंग तेज़ और सहज बनाना चाहते हैं, तो वे 56 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं और सबसे ज़्यादा बिकने वाली फायर टीवी स्टिकसिर्फ 2,199 में खरीद सकते हैं।

## श्रीराम 1666 सरसों बीज : मध्य प्रदेश के किसानों के लिए वरदान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मध्य प्रदेश में खेती हमेशा से किसानों की आजीविका का मुख्य साधन रही है, और सरसों की फसल का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है। खेती में उन्नत तकनीक और गुणवत्तापूर्ण बीजों के इस्तेमाल से किसानों की उपज और आय में वृद्धि हो रही है। इस दिशा में श्रीराम 1666 सरसों बीज ने किसानों को बेहतर उत्पादन और मुनाफे के अवसर दिए हैं। मध्य प्रदेश के किसानों का कहना है कि श्रीराम 1666 सरसों बीज ने कृषि जगत में एक नई क्रांति ला दी है। इस बीज की उत्कृष्ट उत्पादन क्षमता, अधिक तेल की मात्रा, रोग प्रतिरोधक क्षमता और विविध जलवायु परिस्थितियों के प्रति अनुकूलता इसे तेजी से लोकप्रिय बना रही है।

# आकाश अंबानी के लिए एक मेंटर भी थे रतन टाटा

### नीता ने दिवाली डिनर में दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नीता अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के एन्युअल दिवाली डिनर में रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने श्रद्धांजलि में उन्होंने प्रिय आइकन को भारत का महान सपूत बताया और याद किया कि कैसे वह न केवल एक फैमिली फ्रेंड थे, बल्कि अंबानी के बेटे आकाश के लिए एक मेंटर भी थे। रतन टाटा का 9 अक्टूबर को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया, जहां उन्हें गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था।

नीता ने कहा, चार दिन पहले हमने भारत का एक महान सपूत खो दिया। श्री रतन टाटा के निधन से हम सभी को अपार दुख हुआ। वह मेरे ससुर (धीरूभाई अंबानी), मुकेश (अंबानी) और हमारे परिवार के प्रिय मित्र थे। वह आकाश (अंबानी) के एक मेंट भी थे। उन्होंने रतन टाटा के बारे में भी बात की कि वह एक दूरदर्शी उद्योगपति और परोपकारी व्यक्ति थे, जिन्होंने हमेशा समाज की भलाई के लिए प्रयास किया। भाषण के बाद अंबानी परिवार, रिलायंस के इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले हजारों कर्मचारियों ने एक मिनट का मौन रखा।






### सोशल मीडिया की प्रतिक्रिया

नीता अंबानी द्वारा रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने का फुटेज ऑनलाइन सामने आया, जिससे लोगों के बीच शोक की एक नई लहर दौड़ गई। लोगों ने आइकन के निधन पर शोक व्यक्त किया, कई लोगों ने उन्हें एक ऐसा व्यक्ति करार दिया जो सभी से प्यार करता था। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, मेरी श्रद्धांजलि। दूसरे ने आरआईपी लिखा। कुछ लोगों ने हाथ जोड़कर या दिल वाले इमोटिकॉन्स का इस्तेमाल कर भाषण पर प्रतिक्रिया दी। इससे पहले मुकेश अंबानी ने एक बयान जारी कर अपने प्यारे दोस्त रतन टाटा के निधन पर दुख जताया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने एक बयान में कहा, यह भारत और उद्योग जगत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का निधन न केवल टाटा समूह के लिए बल्कि हर भारतीय के लिए एक बड़ी क्षति है।

उन्होंने ट्वीट किया, व्यक्तिगत स्तर पर, रतन टाटा के निधन ने मुझे बहुत दुख से भर दिया है क्योंकि मैंने एक प्रिय मित्र को खो दिया है। उनके साथ मेरी कई मुलाकातों ने मुझे प्रेरित और ऊर्जावान बनाया और उनके चरित्र की श्रेष्ठता और उनके बेहतरीन मानवीय मूल्यों के प्रति मेरा सम्मान बढ़ाया।

रतन टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को हुआ था। उन्होंने 1991 से 2012 तक टाटा संस के चेयरमैन के रूप में कार्य किया जब तक कि वह रिटायर नहीं हो गए। बाद में, उन्होंने अध्यक्ष एमेरिटस का पद संभाला। उनकी मृत्यु के बाद, नोएल नवल टाटा को नए चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया है।

## मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 2 अरब डॉलर की गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी को मंगलवार को भारी चपत लगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट से उनकी नेटवर्थ में दो अरब डॉलर यानी करीब 16,808 करोड़ रुपये की गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ अब 102 अरब डॉलर रह गई है। इसके साथ ही वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान फिसलकर 15वें नंबर पर पहुंच गए हैं। साथ ही उन पर 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ में इस साल केवल 5.91 अरब डॉलर की तेजी आई है।

इस बीच रेवेन्यू के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी वॉलमार्ट की फाउंडर वॉल्टन फैमिली के जिम वॉल्टन अब मुकेश अंबानी से आगे निकल गए हैं। उनकी नेटवर्थ 104 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 31.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनके भाई रॉब वॉल्टन 102 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में 16वें और बहन एलिस वॉल्टन 101 अरब डॉलर के साथ 17वें नंबर पर हैं। भारत के एक और अरबपति गौतम अडानी 99.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 18वें नंबर पर हैं। मंगलवार को उनकी नेटवर्थ में 26.6 करोड़ डॉलर की तेजी आई। एलन मस्क दुनिया के अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर जमे हुए हैं। उनकी नेटवर्थ 241 अरब डॉलर है। दूर-दूर तक कोई उनके आसपास नहीं है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 211 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। फेसबुक के सीईओ मार्क जकरबर्ग (207 अरब डॉलर) तीसरे, ओरेकल कॉर्प के पूर्व सीईओ लैरी एलिसन (184 अरब डॉलर) चौथे और फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनलॉल्ट (182 अरब डॉलर) पांचवें नंबर पर हैं।

## क्विक कॉमर्स कंपनियों की हरकतों पर सरकार सख्त, एयर प्यूरीफायर की भी होगी जांच




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आप खाना बना रहे हैं। नमक का डिब्बा खोला तो पता चला कि यह खत्म हो गया है। आप परेशान हो गए कि इस समय लोकल शॉपिंग सेंटर जाकर लाना होगा। तभी घर के बच्चों ने जानकारी दी क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म की। आपने तत्काल आर्डर दिया और 10 मिनट में सामान हाजिर। लेकिन इसी क्विक कॉमर्स कंपनियों पर कई आरोप लग रहे हैं। इस पर अब सरकार सख्त हो गई है। साथ ही सरकार एयर प्यूरीफायर की भी गहन जांच होगी।

कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे के मुताबिक केंद्र सरकार क्विक कॉमर्स कंपनियों की जांच कर रही है। देखा जा रहा है कि इन कंपनियों के जरिए बेची जा रही पैकेटबंद चीजों पर मैक्सिमम रिटेल प्राइस और एक्सपायरी डेट सहित दूसरी जरूरी जानकारियां सही तरीके से दी जा रही हैं या नहीं। उल्लेखनीय है कि लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के तहत ऐसी जानकारी देना जरूरी होता है। निधि खरे का कहना है कि जो कंपनियां ऐसी जानकारी नहीं दे रही होंगी, उन पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। मेट्रोलॉजी एक्ट के मुताबिक, ऑनलाइन या ऑफलाइन बेची जाने वाली पैकेटबंद चीजों पर एमआरपी, एक्सपायरी डेट, मैन्युफैक्चरिंग की जानकारी और वजन के साथ इस बात की जानकारी भी देना जरूरी होता है। ऐसी जानकारी नहीं होने पर ग्राहक उसकी शिकायत कर सकता है।

क्विक कॉमर्स कंपनियों की कथित गड़बड़ कारोबारी हरकतों को लेकर शिकायतें उठती रहती हैं। ऑल इंडिया कंस्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन ने कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल से शिकायत की थी कि ये कंपनियां प्रिडेटरी प्राइसिंग और डार्क स्टोर्स से जुड़े नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

# आसमान पर पहुंची सोने की कीमत, ऑल टाइम हाई का बना दिया रेकॉर्ड

### चांदी भी हुई महंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत ने बुधवार को ऑल टाइम हाई का रेकॉर्ड बना दिया। स्ट्ठ्ठ पर सोने की कीमत 76700 रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गई। मंगलवार के मुकाबले बुधवार दोपहर इसमें 363 रुपये की तेजी आई। इस तेजी के साथ 10 ग्राम सोने की कीमत 76723 रुपये हो गई। यह पहली बार है जब सोना इस कीमत पर पहुंचा है। बुधवार को चांदी की कीमत में भी उछाल आया।

सोने की कीमत में पिछले दो दिनों से गिरावट आ रही थी। लेकिन बुधवार को इसमें तेजी आ गई। मंगलवार को सोना 76360 रुपये पर बंद हुआ था। बुधवार को यह फ्लैट कीमत पर खुला। लेकिन इसके बाद इसमें पंख लग गए। इसकी कीमत लगातार बढ़ी रही। एक समय यह 76750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। हालांकि बाद में इसमें उतार-चढ़ाव जारी रहा।



### चांदी हुई 92 हजार के पार

बुधवार को चांदी में भी तेजी आई। स्ट्ठ्ठ पर दोपहर तक यह 544 रुपये बढ़कर 92194 रुपये प्रति किलो पहुंच गई। एक दिन पहले यानी मंगलवार को यह 91623 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। इससे पहले दो दिन तक इसमें भी मंदी देखी गई थी। बुधवार को दोपहर तक इसमें आधे फीसदी से ज्यादा उछाल आ गया। हालांकि यह अभी अपनी उच्चतम कीमत से कम है। इस महीने की शुरुआत में चांदी की कीमत प्रति किलो 93 हजार रुपये प्रति किलो पार कर गई थी।

## 15 दिन में डेढ़ फीसदी महंगा हुआ सोना

सोने की कीमत पिछले 15 दिनों में डेढ़ फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है। एक अक्टूबर को सोने की कीमत 75535 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अभी यह बढ़कर 76723 रुपये 10 ग्राम हो गई है। ऐसे में इसमें इन 15 दिनों में 1188 रुपये यानी 1.57 फीसदी की तेजी आई है। वहीं चांदी में इन 15 दिनों में करीब 1.44 फीसदी की तेजी आई है।

आने वाले दिनों में सोना और चांदी की कीमत में तेजी देखी जा सकती है। त्योहारी और शादियों के सीजन को देखते हुए सोना महंगा हो सकता है। जानकार बताते हैं कि अगले साल की शुरुआत में सोना 80 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम हो सकता है। वहीं मिडिल ईस्ट में तनाव और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से ब्याज दर कम होने की संभावना को देखते हुए इसमें और तेजी आ सकती है।

# भारतीय ब्रांड को दुनिया में स्थापित करने के लिए गुणवत्ता जरूरी, पीयूष गोयल ने की अपील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रतिष्ठान (आईएफक्यूएम) की ओर से आयोजित प्रथम वार्षिक संगोष्ठी में केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने बहुत कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व किया, और वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय समूह बनाया। उन्होंने समूह की उपलब्धियों के साथ भारत को गौरवान्वित किया। गोयल ने कहा, रतन टाटा ने ब्रांड इंडिया को दुनिया भर में, सीमाओं के पार ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वास्तव में यह दुनिया को यह दिखाया कि हम यह कर सकते हैं, हमारे पास दुनिया में बदलाव लाने की क्षमता है। उन्होने एक सख्त एग्जीक्यूटिव की छवि होने के बावजूद, इसे बहुत ही दयालु तरीके से किया। उनका नेतृत्व हमें बहुत कुछ सिखाता है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस दृष्टिकोण के बिना भारत को वास्तव में प्रतिस्पर्धी बनाना बहुत मुश्किल होगा। गोयल ने जोर देकर कहा कि गुणवत्ता को प्राथमिकता देने से न केवल घरेलू मांगें पूरी होंगी बल्कि भारत वैश्विक बाजारों की सेवा करने की स्थिति में भी आएगा।



## हिस्सेदारी बेचने के सरकार के फैसले के बाद कंपनी के शेयर ने लगाया गोता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोचीन शिपयार्ड के शेयरों ने आज 4 प्रतिशत से अधिक का गोता लगाया है। आज इस पीएसयू कंपनी में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए सरकार का ऑफर-फॉर-सेल खुला। इसके जरिए सरकार 1,540 रुपये प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस पर हिस्सेदारी कम करने का इरादा रखती है। इसका मतलब है कि पिछले बंद स्तर से 7 प्रतिशत की छूट। दूसरी ओर ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी के शेयरों में आज बीएसई पर 5 प्रतिशत तक की तेजी आई। जबकि, शिपिंग कॉर्पोरेशन के शेयर 4.6 प्रतिशत उछले।

# भारतीय नौसेना ने बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**पुणे एजेंसी।** भारतीय नौसेना के नागरिक कर्मियों को जीवन बीमा से संबंधित सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिए भारतीय नौसेना ने देश की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 08 अक्टूबर 2024 को किए गए इस समझौता ज्ञापन के तहत बजाज आलियांज लाइफ किफायती दरों पर व्यापक कवरेज सुनिश्चित करते हुए विभिन्न प्रकार के जीवन बीमा प्रॉडक्ट उपलब्ध कराएगा।



नौसेना नागरिकों के वर्ष के तहत आयोजित गतिविधियों के एक भाग के रूप में इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, कार्मिक प्रमुख वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने बजाज आलियांज लाइफ द्वारा प्रस्तुत उन जीवन बीमा समाधानों की सराहना की, जिन्हें विशेष रूप से भारतीय नौसेना के नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री तरुण चुघ ने कहा, ''बजाज आलियांज लाइफ में हम सभी के लिए यह वास्तव में गर्व का क्षण है कि हमें भारतीय नौसेना के कर्मियों को जीवन बीमा सेवाएँ प्रदान करने का अवसर मिला है। भारतीय नौसेना के '2024 - नौसेना नागरिकों के वर्ष' के अनुरूप - हम नौसेना नागरिकों के लिए अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। मेरा मानना है कि यह जीवन बीमा के लाभों को और अधिक भारतीयों तक पहुँचाने और हमारे देश के भीतर बीमा पैठ की खाई को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम भारतीय नौसेना को केवल सबसे प्रभावी और सहज-सरल समाधान प्रदान करें।'' इस भागीदारी के तहत बजाज आलियांज लाइफ जीवन बीमा से संबंधित विभिन्न प्रॉडक्ट उपलब्ध करा रहा है। ये ऐसे प्रॉडक्ट हैं, जो भारतीय नौसेना से जुड़े नागरिकों के विभिन्न जीवन लक्ष्यों को पूरा करने के लिहाज से बहुत उपयोगी हैं। भारतीय नौसेना के नागरिक कर्मियों को उनके जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए टर्म इंश्योरेंस और पर्याप्त जीवन बीमा कवरेज के महत्व को समझने में मदद करने के लिए शैक्षिक सेमिनार और सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। कंपनी नौसेना के नागरिकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अनूठी प्रक्रियाओं को भी पेश करेगी। भारतीय नौसेना ने नौसेना के नागरिकों को बीमा सोल्यूशंस प्रदान करने के लिए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान भारतीय नौसेना के कार्मिक प्रमुख वाइस एडमिरल संजय भल्ला, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री अमित जायसवाल, चीफ डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर - प्रोप्राइटरी सेल्स फोर्स और बजाज आलियांज लाइफ की उनकी टीम भी मौजूद थी।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने स्पाइन की देखभाल और मिनिमली इनवेसिव सॉल्यूशंस के बारे में जागरूकता अभियान चलाया

**अहमदाबाद ।** इस साल 16 अक्टूबर को विश्व स्पाइन दिवस मनाया जा रहा है और इस अवसर पर मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने स्पाइन की सेहत के बारे में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ लोगों को मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी के फायदों के बारे में बताने की पहल शुरू की है, जो रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों के इलाज की अत्याधुनिक तकनीक है। अपनी स्पाइन को सहारा दीजिए की थीम के साथ यह दिवस मनाया जा रहा है, जो पूरी दुनिया में स्पाइन की देखभाल को बढ़ावा देने और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी बीमारियों के निदान के लिए शुरुआत में ही उपचार को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है, जिससे दुनिया भर के लाखों लोग पीड़ित हैं। स्पाइन को रीढ़ की हड्डी या वर्टिब्रल-कॉलम भी कहा जाता है, जो इंसान के शरीर को सहारा देने वाला सबसे अहम हिस्सा है और यह स्पाइनल कॉर्ड की हिफाज़त करती है। रीढ़ की हड्डी इंसान के शरीर में मौजूद मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ती है और बैठने, खड़े होने, चलने, मुड़ने और झुकने में उसकी मदद करती है। बैठने और चलने-फिरने का ढंग अगर लंबे समय तक खराब हो, तो पूरे स्पाइन पर इसका काफी बुरा असर पड़ सकता है। अगर इस पर ध्यान न दिया जाए, तो इससे रीढ़ की हड्डी को नुकसान होने, इसकी दशा बिगड़ने या चोटिल होने का जोखिम बढ़ जाता है। पीठ की चोटें और स्पाइनल कॉर्ड से जुड़ी समस्याएँ भी रीढ़ की हड्डी को नुकसान पहुँचा सकती है।

# फ्रेशरा एग्रो एक्सपोर्ट्स लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई , एजेंसी।** प्रोसैस्ड घेरकिंस और पिकल्ड वेजिटेबल्स के निर्यात में सुविज्ञता रखने वाली, फ्रेशरा एग्रो एक्सपोर्ट्स लिमिटेड ने 17 अक्टूबर, 2024 को अपना इनिशियल पब्लिक आफरिंग खोलने का प्रस्ताव किया है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 75.39 करोड़ एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. इश्यू साइज 10 प्रत्येक सम भाव पर 64,99,200 इक्विटी शेयर्स तक है जबकि प्राइस बैंड 110 - 116 प्रति शेयर है . आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत के लिए, पूजी खर्च, आम कॉरपोरेट खर्चों और इश्यू खर्च के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन 16 अक्टूबर, 2024 को खुलेगा. पब्लिक के लिए इश्यू 17 अक्टूबर, 2024 को खुलेगा और 21 अक्टूबर, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर जीवायआर कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है.इश्यू की रजिस्ट्रार पूर्वा शेयरजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड है. प्रेशरा एग्रो एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री जुनैद अहमद ने कहा, हम अति उत्साह के साथ हमारे आगामी आईपीओ की घोषणा करते हैं. यह सीमाचिन्ह टिकाऊ कृषि पद्धतियों, जो हमारे ग्राहकों, किसानों और पर्यावरण के लिए लाभप्रद हैं, को बढ़ावा देते समय प्रीमियम संरक्षित घेरकिंस और पिक्लड वेजिटेबल्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.

इस आईपीओ से प्राप्त होने वाली रकम हमारी कार्यशील पूंजी बढ़ाने में सहायक होने के साथ कंपनी को उसकी खरीदी एवं प्रोसेसिंग क्षमताएं अधिकतम करने की अनुमति देगी. यह व्यूहात्मक निवेश हमारी अत्याधुनिक सुविधा के विस्तार, उत्पादन क्षमता बढ़ाने और और कार्य कुशलता में सुधार करने में मददगार होगा. अंतोगत्वा यह हमें हमारे ऑपरेशंस को विस्तृत करने और हमारे ग्लोबल ग्राहक आधार की सेवा करने की हमारी क्षमता बढ़ाने में हमें समर्थ बनाएगा .इस समय हमारा ग्राहक आधार 40 देश में है.. जीवायआर कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री मोहित बैद ने कहा, हम प्रेशरा एग्रो एक्सपोर्ट लिमिटेड के आगामी आईपीओ का हिस्सा बनकर हर्षित है.

## संक्षिप्त समाचार



### सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली गिफ्ट, साय सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने कर्मचारियों को बड़ा दिवाली गिफ्ट दिया है। साय सरकार ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ाने का ऐलान किया है। इस तरह अब छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के बारे में जानकारी देते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि आज कैबिनेट मीटिंग है। हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि राज्य कर्मचारी जो अभी 46 प्रतिशत डीए पा रहे हैं, उसे 4 प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा। इस तरह अब राज्य कर्मचारियों का डीए बढ़कर 50 प्रतिशत पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि अब राज्य कर्मचारी 50 प्रतिशत का डीए पाएंगे। विष्णु देव साय ने बताया कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों के लिए अक्टूबर महीने से लागू होगा।

### हरियाणा की कंपनी ने दीपावली गिफ्ट में बांटी लग्जरी कारें, कर्मचारियों में खुशी की लहर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** दीपावली पर हरियाणा के पंचकूला में एक फार्मा कंपनी ने अपने कर्मचारियों को लग्जरी कारें बांटी हैं। इससे कर्मचारियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कंपनी के मालिक ने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 15 कर्मचारियों को दीपावली गिफ्ट के दौर पर टाटा पंच और ग्रैंड विटारा जैसी कारें तोहफे में दी गईं। पिछले साल भी अच्छा काम करने वाले 12 कर्मचारियों को दीपावली पर कारें बांटी गईं थी। पंचकूला स्थित मिट्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड दवा कंपनी के मालिक एमके भाटिया ने कहा कि उन्होंने 15 कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के तौर पर कारें दी हैं। भाटिया ने कहा कि उन्होंने ने साल भर कड़ी मेहनत करने वाले 15 कर्मचारियों को चुना था। इसके बाद उन्हें गाड़ियां दी गई। 15 कर्मचारियों में से 13 को टाटा पंच कारें और दो सीनियर कर्मचारियों को ग्रैंड विटारा गाड़ियां गिफ्ट की हैं। भाटिया ने कहा कि वह अपने कर्मचारियों को अपना सुपरस्टार कहते हैं। मिट्स हेल्थकेयर की सफलता के लिए कर्मचारियों का समर्पण और योगदान महत्वपूर्ण रहा है। आज आठ कर्मचारियों को कारें दी गई हैं। दिवाली से पहले बाकी बचे सात कर्मियों को भी कार उपहार में दी जाएंगी। भाटिया ने कहा कि मेरा दिल्ली में एक छोटा-सा कार्यालय था। मैं 2015 में चंडीगढ़ आया और एक छोटा-सा ऑफिस खरीदा। अपने कर्मचारियों की मेहनत के बल पर ही आज मैं और मेरी कंपनी इस मुकाम पर पहुंची है।

### पराली जलाने वालों के खिलाफ क्यों नहीं करते कार्रवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर दिए गए पिछले आदेश का पालन नहीं करने को लेकर हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। देश की सर्वोच्च अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राज्य सरकार पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने और मामूली जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ देने से क्यों कतरा रही है। इसरो आपको बता रहा है कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला।

# उद्धव ठाकरे से अजित पवार- महाराष्ट्र चुनाव कई दिग्गजों के लिए अस्तित्व की लड़ाई

**मुंबई, एजेंसी।**
चुनाव आयोग के आगामी विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल बज चुका है। अब सारी निगाहें पार्टी की रणनीतियों और राज्य के दिग्गजों पर आ टिकी हैं। जानकारों की माने तो चुनाव के नतीजे कई प्रमुख दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य के लिए फैसले की घड़ी होगी। इनमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस जैसे नेताओं के नाम भी शामिल हैं। 2019 में बनी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) को विपक्षी एकता के लिए एक टेम्पलेट के रूप में देखा गया था। हालांकि भाजपा ने इन पार्टियों के अंदर विद्रोहियों का समर्थन करके इसका मुकाबला किया, जिसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई। इसके बाद अजित पवार और उद्धव ठाकरे दोनों गुटों को आधिकारिक पार्टी का दर्जा खोना पड़ा। तब से दोनों नेता नए नामों और प्रतीकों के तहत अपनी पार्टियों को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

हाल के लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने 9 सीटें और अजित पवार ने 8 सीटें जीती थी। इस प्रदर्शन से उनके जमीनी समर्थन का पता चला। हालांकि विधानसभा चुनाव बड़ी परीक्षा है। एक राजनीतिक अंदरूनी सूत्र ने कहा, यदि एमवीए सत्ता में आती है तो पवार और ठाकरे दोनों महाराष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करना जारी रखेंगे और अपनी पार्टियों को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके उलट अगर महायुति सत्ता में लौटती है तो उनके प्रतिद्वंदी जीते हुए



उम्मीदवारों को लुभाकर विरोधी गुटों को खत्म करने की कोशिश करेगी। शरद पवार पश्चिमी महाराष्ट्र में विशेष रूप से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बड़ी हलचल पैदा की है और सत्तारूढ़ भाजपा और एनसीपी के कई नेताओं को अपने पक्ष में कर लिया है। इधर उद्धव ठाकरे मुंबई में कई रणनीतिक बैठकें कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिन्होंने 7 लोकसभा सीटें जीती हैं, समाज के विभिन्न वर्गों को लुभाने के लिए सोची-समझी चालें चल रहे हैं। अपने चाचा शरद पवार के गढ़ में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अजित पवार ने एक राजनीतिक सलाहकार को नियुक्त किया है और महिला मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अभियान शुरू किया है।

इस बीच देवेंद्र फडणवीस के लिए यह चुनाव राज्य या राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका निर्धारित कर सकता है। नाम न बताने की शर्त पर एक भाजपा मंत्री ने कहा, अगर भाजपा सत्ता में लौटती है तो फडणवीस मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की उम्मीद कर सकते हैं। अगर नहीं तो वह दिल्ली की राजनीति में जा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषक प्रताप असबे समय से पहले निष्कर्ष निकालने के खिलाफ हैं। उनका मानना है, एमवीए ने अभी तक महायुति सरकार के खिलाफ एक अच्छी कहानी नहीं बनाई है। यह चुनाव सभी बड़े नेताओ के लिए अस्तित्व की लड़ाई है।

## गाजियाबाद में नौकरानी अपने पेशाब से बनाती थी कारोबारी के घर पर खाना

**गाजियाबाद , एजेंसी।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद से सामने आई इस खबर को पढ़कर आप हैरान हो जाएंगे। एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर काम करने वाली नौकरानी परिवार को अपने पेशाब से खाना बनाकर खिलाती रही। जब इस पूरे परिवार को लीवर की बीमारी हुई तो उन्हें कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसके बाद सीसीटीवी में नौकरानी की शर्मनाक हरकत कैद हो गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी नौकरानी गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नौकरानी कई सालों से ऐसा कर रही थी।

क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की एक सोसाइटी में रियल एस्टेट कारोबारी परिवार के साथ रहते हैं। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कारोबारी की पत्नी ने बताया कि उनके घर में शांतिनगर निवासी रीना बतौर नौकरानी करीब 8 साल से काम करती थी। घर में चौका-बर्तन के अलावा परिवार का खाना भी वही बनाती थी। कारोबारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से परिवार के लोग लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगे।

शुरू में तो उन्होंने कोई संक्रमण समझकर डॉक्टर को भी दिखाया, लेकिन स्थायी तौर पर राहत नहीं मिली। एक-एक के कर पूरा परिवार लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगा तो उन्हें शक हुआ और रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। इसमें पूरे मामले का पता चल गया। रियल एस्टेट कारोबारी का कहना है कि उनका परिवार नौकरानी रीना पर आंख मूंदकर भरोसा करता था। वह उसे परिवार के सदस्य के रूप में मानते थे। हर सुख-दुख में वह उसके साथ खड़े रहते थे। पहले कई बार घर से नकदी और सामान भी चोरी हुआ, लेकिन उन्होंने उस पर कभी शक नहीं किया। सोमवार को उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में रीना की करतूत देखी तो 8 साल का भरोसा पल भर में चकनाचूर हो गया। कारोबारी का कहना है उसकी इस हरकत से उनका पूरा परिवार सदमे में है।

## गुरुग्राम में एक ही दिन कई जगह गरजा बुलडोजर, कहीं भी चल सकने की चेतावनी



**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने पुराने गुरुग्राम के दो मुख्य चौराहों पर मंगलवार को बुलडोजर चलाया। महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक के आसपास करीब 200 दुकानों के बाहर 20 से 30 फीट तक अतिक्रमण था, जिसे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया। अभियान के दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया।

अतिक्रमण हटाने के बाद हुई गंदगी को डीटीपीई ने दुकानदारों से झाड़ू लगवाकर साफ करवाया। इसके अलावा 15 रेहड़ियों को तोड़ा गया। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यह अभियान जारी रहेगा। यदि दोबारा अतिक्रमण मिलता है तो एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। ओल्ड गुरुग्राम से आ रही दो मुख्य सड़क ओल्ड रेलवे रोड और न्यू रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक से जुड़ी हुई हैं। शहर के अंदर जाने या बाहर निकलने के दौरान इन दोनों चौराहों के आसपास भारी अतिक्रमण में वाहन चालकों को फंसना पड़ता है। ए.श्रीनिवास के आदेश पर डीटीपीई आरएस बाठ ने इन दोनों चौराहों को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमणमुक्त करवा दिया। डीटीपीई आरएस बाठ ने बताया कि शहर की सभी सड़कों को अतिक्रमणमुक्त किया जाएगा। कभी भी किसी भी सड़क पर बुलडोजर चल सकता है। अतिक्रमणकारी स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें। नहीं हटाने पर उनके सामान का नुकसान होगा। गुरुग्राम में नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है। मंगलवार को बस स्टैंड क्षेत्र में जीएमडीए व एमसीजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया। मंगलवार को डीटीपी आरएस बाठ के नेतृत्व में जीएमडीए व निगम टीमें जेसीबी व पुलिस बल लेकर बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंची। यहां पर सड़कों के किनारे व फुटपाथ क्षेत्र में अवैध रूप से रेहड़ी-पटरी, टीनशेडनुमा स्ट्रक्चरों सहित अन्य प्रकार के अवैध ढांचों के माध्यम से किए गए अतिक्रमण पर पीले पंजे से हटाया।

## इंस्टाग्राम पर कॉल उठाते ही चलने लगा अश्लील वीडियो

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में शख्स को साइबर क्राइम का शिकार बनाया गया है। महिला ने उसे अश्लील वीडियो कॉल किया फिर एक लाख रुपए से ज्यादा की रकम ऐंठ ली। घटना 30 सितंबर की है। शख्स को इंस्टाग्राम पर एक कॉल आया। शख्स ने कॉल उठाया तो उस पर अश्लील वीडियो चलने लगा। वीडियो करीब 10-15 सेकेंड तक चला। इसके बाद ब्लेकमेलिंग का खेल शुरू हो गया। पीड़ित को पता ही नहीं आरोपियों ने कॉल की रिकॉर्डिंग कर ली और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगे।

गुरुग्राम के रहने वाले हरीश माधवानी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर को उन्हें इंस्टाग्राम पर एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने एक अश्लील वीडियो दिखाया और कॉल रिकॉर्ड कर ली जो 10-15 सेकंड तक चली। माधवानी ने कहा, उसकी कॉल रिकॉर्ड करने के तुरंत बाद वे पैसों की डिमांड करने लगे।

## महाराष्ट्र में जातियों को साधने में जुटी भाजपा, कई दिग्गज नेताओं को उतारा

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा के लिए यहां सत्ता बचाने की चुनैती है। इसके लिए भगवा पार्टी हर मोर्चे पर काम कर रही है। हाल के दिनों में चुनावी राज्य में कई विकास के काम का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही भाजपा महाराष्ट्र में जातियों को साधने की कोशिश भी कर रही है। ओबीसी के साथ-साथ दलितों को अपने पाले में करने के लिए अपने तमाम नेताओं को झोंक रखा है।

महाराष्ट्र के बीड जिले में दशहरा रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने कहा, पिछड़ों ने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं और मैं गोपीनाथ मुंडे की बेटी हूं। उन्होंने पिछड़ों से अपनी ताकत दिखाने का आह्वान भी किया। ठीक उसी समय पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू महाराष्ट्र में बौद्ध दलित समुदाय के नेताओं के साथ



बैठकें कर रहे थे। ये बैठकें महाराष्ट्र में पिछड़ों और दलितों के बीच अपनी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए भाजपा की चाल को दर्शाती हैं।

पंकजा मुंडे ने बीड में एक दशक से अधिक समय के बाद अपने चचेरे भाई धनंजय मुंडे के साथ मंच साझा किया है। पंकजा को मराठवाड़ा में भाजपा के ओबीसी चेहरे के रूप में देखा जाता है। पार्टी ने रिजिजू को बौद्ध दलितों, खासकर विदर्भ क्षेत्र में पैठ बनाने के लिए तैनात किया है। महाराष्ट्र में कुल एससी मतदाताओं में दलित बौद्धों की संख्या 50प्रतिशत से अधिक है। यह वर्ग आमतौर पर कांग्रेस या प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाड़ी के साथ रहा है। अब तक रिजिजू ने सौ से ज्यादा बैठकें की हैं और महाराष्ट्र में समुदाय के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की है।

## अमेरिका का दुश्मनों से ज्यादा सहयोगियों ने फायदा उठाया, चुनाव से पहले यूरोपीय संघ पर ट्रंप ने कसा तंज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इस चुनाव को लेकर रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर है। इस बीच ट्रंप ने ट्रंप ने अमेरिका के सहयोगी देशों को लेकर एक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिका के दुश्मनों से ज्यादा उसके सहयोगियों ने इसका फायदा उठाया है। सहयोगी से उनका मतलब यूरोपीय संघ से है।

ट्रंप ने कहा, हमारे दुश्मनों से ज्यादा सहयोगियों ने हमारा फायदा उठाया। हमारे सहयोगी यूरोपीय संघ है। यूरोपीय संघ के साथ हमारा व्यापार घाटा 300 अरब अमेरिकी डॉलर का है। उन्होंने आगे कहा, हमारे बीच व्यापार सौदे इतने खराब थे कि मैंने पूछा कि वे कौन हैं, जो ऐसा कर रहे हैं। या तो वे बहुत मूर्ख है या फिर उन्हें इसके लिए भुगतान मिल रहा है। ट्रंप ने कहा, मैंने चीन पर 27.5 प्रतिशत का टैरिफ लगाया। अगर ऐसा नहीं करता तो हम चीनी कारों से भर जाते। हमारी सभी फैक्टरियां बंद हो जाती। ऑटो इंडस्ट्री में हमारे पास नौकरी नहीं होती। यह बिजली पर निर्भर करती है, जैसा कि मैंने समझाया। मैंने दक्षिण कोरिया पर टैरिफ लगाया, क्योंकि वे ट्रक से इसे भेज रहे थे। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने आगे कहा, क्या आप जानते हैं कि हमारी कार कंपनियां छोटे ट्रक और एसयूवी से पैसा कमाती है। अगर मैंने टैरिफ हटा दिए तो आप परेशान हो जाएंगे। प्रत्येक कार कंपनी व्यवसाय से बाहर हो जाएगी। रूस को लेकर सवाल किए जाने पर डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लेकर अपने संबंधों का बचाव किया। टैरिफ पर उन्होंने कहा कि भारत एक मजबूत देश है। ट्रंप ने कहा, भारत एक मजबूत देश है। यह केवल चीन नहीं है। मैं कहना चाहूंगा कि चीन बहुत मजबूत देश है। क्या आपको मालूम है कि सबसे कठिन क्या है? यूरोपीय संघ, हमारे खूबसूरत और अद्भुत यूरोपीय देश। अगर आप इन्हें एकसाथ कर लें तो यह बिलकुल हमारे आकार के हैं। वे हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार करते हैं। ट्रंप ने कहा, हम कंपनियों को वापस लाएंगे।

## चीन लगातार ताइवान के आसपास कर रहा सैन्य अभ्यास, बोला- हमारी कार्रवाई नहीं रूकेगी

**बीजिंग/ताइपेई , एजेंसी।** चीन ने सोमवार को ताइवान के आसपास एक बार फिर सैन्य अभ्यास शुरू किया। उसके विमानों और जहाजों ने स्व-शासित द्वीप को घेर लिया है। ये अभ्यास चीन के चल रहे शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा हैं। साथ ही पिछले दो सालों में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियानों के चौथे दौर का प्रतीक है।

चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि चीन ताइवान पर बल प्रयोग बंद करने का वादा नहीं करेगा। लेकिन इसका उद्देश्य बाहरी हस्तक्षेप और कुछ अलगाववादियों को बढ़ावा देना है। चीन, जो लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है, ने सोमवार को द्वीप के चारों ओर बड़े पैमाने पर अभ्यास किया। उसने कहा कि यह ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते द्वारा पिछले सप्ताह राष्ट्रीय दिवस पर दिए गए भाषण के बाद ÷अलगाववादी कृत्यों÷ के प्रति चेतावनी है।

चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिन्हुआ ने बीजिंग में एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हम पूरी ईमानदारी और प्रयास के साथ शांतिपूर्ण पुनर्मिलन की संभावना के लिए प्रयास करने को तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन हम बल प्रयोग को रोकने के लिए कभी भी प्रतिबद्ध नहीं होंगे।

चेन ने कहा कि हालांकि, इसका उद्देश्य ÷बाहरी ताकतों÷ का हस्तक्षेप है। उनका इशारा संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों तथा ताइवान के बहुत कम संख्या में अलगाववादियों की ओर है, न कि ताइवान के अधिकांश लोगों की ओर।

राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हमारी कार्रवाई एक पल के लिए भी नहीं रुकेगी। ताइवान की सरकार ने बीजिंग के संप्रभुता के दावों को खारिज करते हुए कहा कि केवल द्वीप के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं। बुधवार को ताइपे में पत्रकारों से बात करते हुए, ताइवान के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक त्साई मिंग-येन ने कहा कि चीन के अभ्यासों ने अंतरराष्ट्रीय निंदा को जन्म दिया है, खासकर वाशिंगटन से।

# यूक्रेनी सेना में भर्ती के लिए छापेमारी, बार, रेस्टोरेंट से लेकर शादी समारोह तक में रेड

### सेना में रजिस्टर न करने वाले युवकों की गिरफ्तारी

**कीव, एजेंसी।** सैनिकों की कमी से जूझ रही यूक्रेनी सेना अब शादी समारोह, नाइट क्लब, बार, रेस्टोरेंट और कॉन्सर्ट हॉल जैसी जगहों पर छापे मार रही है। दरअसल, यूक्रेन ने जंग की शुरुआत के बाद से ही पुरुषों के लिए सेना में शामिल होना अनिवार्य कर दिया था। इसके लिए इस साल अप्रैल में युवाओं से पंजीयन कराने के लिए कहा गया था। इस आदेश के बाद से यूक्रेन के युवा सेना में शामिल होने से बचने की कोशिशों में लगे हुए हैं। यूक्रेन फरवरी 2022 से रूस के साथ जंग लड़ रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जंग में यूक्रेन करीब 80 हजार सैनिकों की मौत हो



चुकी है। इस वजह से सैनिकों की कमी हो गई, जिसके चलते यूक्रेन नए सैनिकों की भर्ती कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का कहना है कि सेना में कम से कम 5 लाख युवाओं की भर्ती करने की जरूरत है।

राजधानी कीव में सेना के लिए पंजीयन नहीं कराने वाले युवाओं की पहचान के लिए सेना के छापे आम हो गए है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सेना का ये अभियान मुख्य रूप से युवाओं के सैन्य पंजीकरण दस्तावेजों की जांच और नियमों का उल्लंघन करने वालों को गिरफ्तार करने के लिए है।

यूक्रेन के मिलिट्री लॉ के एक वकील कास्यानचुक सर्गी का कहना है कि सेना अब शादी समारोहों में भी जाकर छापे मार रही है। सर्गी ने ऐसी एक कार्रवाई का विडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। यूक्रेन में अप्रैल से लागू हुए नए नियमों के अनुसार, 25 से 60 वर्ष की आयु के सभी पुरुषों के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। साथ ही, 18 से 60 वर्ष की उम्र के किसी भी पुरुष को देश छोड़ने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा सेना में भर्ती के लिए पात्र सभी लोगों को अपनी जानकारी भी ऑनलाइन दर्ज करनी होगी। ऐसा न करने पर उन्हें कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है। इन नियमों में सेना भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा को भी घटाकर 27 से 25 वर्ष कर दिया गया है। ऐसे में कई युवक सेना में जाने से बचने के लिए ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर रहे हैं। इसके बाद सेना ने उन युवाओं का गिरफ्तारी अभियान शुरू किया है जिन्होंने सेना की अनिवार्य सेवा के लिए अभी तक रजिस्टर नहीं किया है।

## एयर इंडिया के कई विमानों में बम होने की धमकी मिलने पर अमेरिका ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

**वाशिंगटन , एजेंसी।** शिकागो और न्यूयॉर्क जाने वाली उड़ानों समेत एअर इंडिया के कई विमानों में बम होने की धमकी मिलने पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार को कहा कि वाणिज्यिक विमानन के खिलाफ किसी भी तरह की धमकी अनुचित है। नयी दिल्ली-शिकागो उड़ान को आपातकालीन स्थिति में कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा और बम की धमकी के कारण ही मुंबई-न्यूयॉर्क उड़ान का मार्ग परिवर्तित करते हुए उसे नयी दिल्ली में उतारा गया था, जबकि सिंगापुर की ओर जाने वाले विमान की सुरक्षा के लिए लड़ाकू विमानों को तैनात किया गया। पिछले कुछ महीनों से अमेरिकी और कनाडाई नागरिकों के एक समूह, मुख्य रूप से अलगाववादी सिख समूहों से एअर इंडिया के विमानों को बम से उड़ाने की खुलेआम धमकी मिल रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129